सुप्रभात
रांची, गुरुवार
16.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 301 | 12

एसटी-ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस की नजर : मोदी

## न्यूज डायरी

### साइबर सेल ने ठगी के 1.80 पीड़ितों को लौटाया

**रांची।** सीआइडी के साइबर अपराध थाने में मार्च 2022 से अबतक 22,924 मामले दर्ज हुए हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 करोड़ 32 लाख 30 हजार रुपये फ्रीज किये गये। फरवरी से लेकर अब तक पिछले तीन महीने में साइबर अपराध थाने में साइबर ठगी से संबंधित 18 कांडों में पीड़ितों को पैसा रिफंड कराया गया। साइबर सेल की टीम ने साइबर ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार 791 रुपये पीड़ितों को रिफंड कराया।

### स्टेशन पर महिला की चाकू मार कर हत्या

**कोलकाता।** अति व्यस्त हावड़ा रेलवे स्टेशन पर बुधवार को दिनदहाड़े एक महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। महिला की पहचान रिवु बिस्वास के तौर पर हुई है। चाकू मारने वाले की पहचान मुंगेश यादव के तौर पर हुई है। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि यादव मृतक महिला और उसके पति पिंटू विश्वास दोनों को जानता था। पुलिस के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है।

### गांडेय में कल्पना को भाकपा का मिला समर्थन

**रांची।** भाकपा ने गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन को समर्थन देने का ऐलान किया है। साथ ही जनता से अपील की कि उन्हें भारी मतों से विजय बनायें। पार्टी नेता ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### पहली बार सीएए से 14 को मिली नागरिकता

**नयी दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गयी। । गृह मंत्रालय ने बुधवार को ये जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि 14 लोगों को सीएए के सर्टिफिकेट जारी कर दिये गये हैं। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने इन लोगों को नागरिकता प्रमाण सौंपा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 88000 रु./प्रति किलो |




# इडी ने मंत्री आलम को किया गिरफ्तार

## अब बांग्लादेश में रह रहे पुत्र और भाई से होगी पूछताछ, बरामद 35 करोड़ की राशि का जवाब नहीं दे सके मंत्री

**टेंडर कमीशन घोटाला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को करीब छह घंटे की पूछताछ के बाद बुधवार शाम टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में वे 35.23 करोड़ रुपये बरामदगी के मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इससे पूर्व मंगलवार को इडी अफसरों ने मंत्री से साढ़े नौ घंटे तक पूछताछ की थी और बुधवार को भी दफ्तर बुलाया था। देर शाम सदर अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा उनकी जांच की गयी। मेडिकल जांच करने के बाद उन्हें इडी के ऑफिस में ही रखा गया । आज उन्हें पीएमएलए के



विशेष न्यायाधीश के यहां पेश किया जायेगा। इडी सूत्रों के अनुसार आलमगीर आलम के बांग्लादेश में रहने वाले उनके पुत्र तनवीर आलम और भाई से भी पूछताछ होगी। बुधवार को इडी दफ्तर पहुंचे श्री आलम पूछताछ के दौरान बरामद राशि आपकी नहीं है तो किसकी है का कोई जवाब नहीं दे सके। फिर उन्हें पीएस संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम के समक्ष पूछताछ की गयी। दोनों ने इडी को बताया कि बरामद पैसे साहब के हैं। इसके बाद इडी ने अधिवक्ता को कार्यालय बुलाया। आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया गया। मंगलवार को भी उनसे 9 घंटे तक 35 करोड़ रुपये की बरामदगी और विभाग में कमीशन के खेल को लेकर पूछताछ की गयी थी। बुधवार को मंत्री श्री आलम 12 बजे इडी दफ्तर पहुंचे थे। मीडिया वालों ने कई सवाल पूछे लेकिन वे बिना कोई जबाब दफ्तर के अंदर चले गये।

**घटनाक्रम एक नजर में**

- 5 मई को मंत्री के सहयोगियों के यहां से 35 करोड़ बरामद
- मंत्री के पीएस संजीव लाल और सहायक जहांगीर पहले ही हो चुके है गिरफ्तार
- निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े सवालों में घिरे मंत्री
- मंत्री आलम आज पीएमएलए कोर्ट में किया जायेगा पेश

### 35 करोड़ का जबाब देना है

इडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एजेंसी के अधिकारियों ने दूसरे दिन भी 35 करोड़ रुपये से जुड़े सवाल पूछे। उनके और उनके पारिवारिक सदस्यों के पूरे आय व्यय की जानकारी मांगी थी। इडी के रडार पर अब आलमगीर आलम के पारिवारिक सदस्य भी हैं। उल्लेखनीय है कि इडी ने पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर आलम के घर से 35.23 करोड़ रुपये बरामद किये थे। कई अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। पांच मई की देर रात को मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था।

### धनबाद , गिरिडीह, रामगढ़ में गरजे हिमंत बिस्वा सरमा

# घुसपैठियों को भगाना जरूरी, पीओके तो लेंगे ही

**अयोध्या तो झांकी है, मथुरा, ज्ञानवापी बाकी है 400 सीटें मिली तो चार-चार शादी करने वालों की दुकान बंद**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले भाजपा के फायर ब्रांड नेता असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा बुधवार को झारखंड के धनबाद, गिरिडीह और रामगढ़ में कांग्रेस, झामुमो और इंडी गठबंधन की नीतियों पर जम कर बरसे। उन्होंने कहा एनडीए को इसबार 400 सीटें आयीं तो चार-चार शादी करने वालों की दुकान बंद हो जायेगी। झारखंड और देश भर से अवैध घुसपैठियों को मार भगाना है। अयोध्या तो पहली झांकी है। मथुरा और ज्ञानवापी बाकी है। दोनों



जगह भव्य मंदिर बनेगा। श्रा सरमा गिरिडीह के जमुआ में अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में विजय संकल्प सभा, रामगढ़ रजरप्पा सीसीएल ग्राउंड में मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसभा और धनबाद में ढुल्लू महतो के समर्थन में जनसभा में बोल रहे थे।

हिमंत बिस्वा सरमा ने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगते हुए कहा कि अबकी बार 400 पार को हमे इस लिए मूर्त रूप देना है, ताकि ज्ञानवापी में फिर से भगवान शिव स्थापित हो सकें। सनातनियो की मांग मथुरा में श्रीकृष्ण भगवान भव्य मंदिर में विराजे उसे पूरा करना है। साथ ही हमारे कश्मीर का एक टुकड़ा जो कांग्रेस के कारण पाकिस्तान के कब्जे में है, उस पीओके को हमें फिर लेना है। कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, सोनिया गांधी ने पिछले जन्म में जरूर कुछ किया था, जिस वजह से अयोध्या में स्थापित हमारे रामलला उन्हें दर्शन देना नहीं चाहते। जब सोनिया गांधी खुद हिन्दू है ही नही, तो वह राम मंदिर कैसे जायेंगी। उन्होंने कहा कि यदि इस बार 400 पार के नारे को आप लोगों ने सही साबित कर दिया, तो झारखंड के झामुमो और कांग्रेस के घरों में जितना भी काला धन छिपा कर रखा गया है उसे निकाल कर बाहर लायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### झूठ की महामारी से देश को 4 जून को मिल जायेगी मुक्ति

# हार देख बौखला गये हैं मोदी : जयराम रमेश

**चार चरण में ही सरकार बनाने की स्थिति में पहुंचा गठबंधन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में हार सामने देखकर पीएम मोदी बौखला गये हैं। देश में अबतक संपन्न 379 सीट के चुनाव के बाद इंडी गठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल चुका है। आगे के बचे तीन चरण में हम केवल बढ़त बनाने का काम करेंगे। मोदी अब आऊट गोइंग पीएम हो गये हैं। 4 जून को देश को झूठ की महामारी से मुक्ति मिल जायेगी। पीएम मोदी की विदाई की औपचारकिताएं निभायी जाएंगी। कांेस नेता जयराम रमेश बुधवार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय



में प्रेस कांफरेस में बोल रहे थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई नेता उपस्थित थे।

**झारखंड की नयी आरक्षण नीति को 9 वीं अनुसूची में डालेंगे :** एक सवाल के जवाब में श्री रमेश ने कहा कि संविधान में ही तमिलनाडू एक ऐसा राज्य है, जहां पर आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक है। (शेष पेज 11 पर)

### कांग्रेस के मोदी से चार सवाल

पीएम मोदी संविधान संशोधन पर मोहन भागवत की बात पर चुप क्यों हैं। जातिगत और आर्थिक जनगणना पर चुप क्यों हैं। आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने की बात पर चुप क्यों हैं। मोदी ने देश के लिए जरूरी अधिनियम-कानूनों को कमजोर क्यों किया। आदिवासियों के हित में बने कानूनों में संशोधन कर उन्हें कमजोर क्यों किया। श्री रमेश ने कहा कि कांग्रेस को जनता की सेवा करने की ताकत उसकी 05 न्याय और 25 गारंटी से मिलती है। राहुल गांधी की दो यात्राओं के दौरान उन्होंने आम लोगों की बात सुनी और फिर आम लोगों की समस्याओं और अन्याय को सुनने के बाद उन्होंने 05 न्यायाधीशों के बारे में बात की। प्रत्येक न्याय के अंतर्गत 05-05 गारंटी दी।

# 17 को शाह का रांची में रोड शो, 18 को बोकारो में सभा

**19 को फिर आयेंगे मोदी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पीएम मोदी 19 मई को फिर झारखंड आयेंगे। वह जमशेदपुर से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी अब तक झारखंड में पांच चुनावी सभा व राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं। उनकी चाईबासा, पलामू, गुमला, चतरा व गिरिडीह में चुनावी सभा हो चुकी है। पीएम मोदी व गृह मंत्री के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। कार्यक्रम को लेकर



पार्टी नेताओं को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 17 मई से दो दिनी झारखंड दौरे पर रहेंगे।

17 मई को रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे। 18 मई को बोकारो में अमित शाह चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले अमित शाह ने खूंटी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया था।

### शराब के पैसे नहीं दिये तो पत्नी को मार डाला

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र स्थित पचौर गांव में एक पति ने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पत्नी का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने अपने पति को शराब पीने के लिए पैसे देने से मना कर दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस से छानबीन शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। मृतका के ससुराल वाले घटना के बाद से फरार हैं। मृतका के पिता ने बताया कि घर में शाम को चिकन बना था। आरोपी दामाद ने शराब पीने के लिए उनकी बेटी से पैसे मांगे जिसे लेकर बकझक हुई और उसने मेरी बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि दो साल पहले उनकी बेटी की शादी संजय राम से हुई थी।

### मोदी दुनिया के सबसे झूठे पीएम कोडरमा और गांडेय भाजपा पर बरसे तेजस्वी

# झारखंडी और बिहारी दो गुजरातियों से डरनेवाला नहीं



खबर मन्त्र टीम

**रांची।** झारखंड की दो चुनावी सभा में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर जम कर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में देश विनाश के पथ पर अग्रसर हो चुका है। विकास कोसों दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं। आने वाले दिनों में यदि मोदी फिर सत्ता में आयेंगे, तो तो देश रसातल में चला जायेगा। उन्होंने कहा कि मोदी विश्व का सबसे झूठे नेता हैं। दो गुजराती बिहारी और झारखंडी को डराना चाहते हैं। दुनिया जानती है कि हमलोग डरनेवालों में से नहीं है। उन्होंने कहा लालूजी और गुरुजी किसी से डरनेवाले नहीं थे।

(शेष पेज 11 पर)

### हर गरीब को मकान,असहाय को मदद : सीएम

वहीं सीएम चंपई ने कहा देश में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ इंडिया गठबंधन एक जुट है। झारखंड की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। गांडेय विस उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सोच बेरोजगारों को नौकरी, असहाय को मदद करना है। कोई बेघर नहीं रहेगा। हर गरीब को अबुआ आवास मिलेगा।

### भाजपा की तानाशाही के खिलाफ वोट करें: कल्पना

गांडेय विस उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में भाजपा के 20 साल बनाम हेमंत सरकार के 4 साल का कार्यकाल भारी है। उन्होंने भाजपा के तानाशाही के खिलाफ लोगों को विकास के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। यह चुनाव केंद्र की भाजपा सरकार और देश की जनता के बीच है। जनता के हक अधिकार, संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। भाजपा बेकार के मुद्दो में जनता को उलझाने का काम कर रही है। आपके सपनो को साकार करने का काम इंडी गठबंधन की सरकार ही साकार करेगी।



# झारखंड पुलिस ने साइबर क्राइम के पीड़ितों का लगभग एक करोड़ रुपया कराया वापस

## ढाई वर्षों में 22924 को बनाया शिकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस ने ढाई साल के दौरान 22924 पीड़ित को अपना शिकार बनाया। सीआइडी साइबर थाने की पुलिस ने पीड़ितों के लगभग एक करोड़ रुपये वापस दिलवाये। जानकारी के मुताबिक पिछले दो सालों में झारखंड में ऐसे साइबर अपराधियों ने लोगों के खातों से करोड़ो रुपए उड़ा लिये, इनमें से साइबर पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के बाद एक करोड़ रूपये पीड़ितों को वापस दिलाया। वहीं, साइबर पुलिस ने 11.32 करोड़ रूपये को फ्रीज कर दिया।

**ठगी के सबसे बड़े तीन कारण :** व्यक्ति मोबाइल एवं सोशल मीडिया अकाउंट पर लंबे समय तक अपना पासवर्ड नहीं बदलते हैं। पासवर्ड और ओटीपी किसी को बता देना भी व्यक्ति को मुश्किल में डाल देता है। संदिग्ध लिंक पर क्लिक कर ओपन करना भी ठगी का संकेत है।

## सूचना

मैं सुमित्रा देवी पति गुदनी रविदास उम्र 91 वर्ष, धर्म हिन्दू, पेशा गृहिणी, राष्ट्रीयता भारतीय, निवास स्थान ग्राम रविदास टोला, पोस्ट दिगवार, थाना मांडू जिला रामगढ़ की रहनेवाली हूं।

मैं शपथ पूर्वक यह बयान देती हूं की मेरा वास्तविक नाम सुमित्रा देवी है। यह नाम मेरे आधार कार्ड संख्या 213721223673 एवं पैन कार्ड जेएलवाईपीडी5993पी में दर्ज है। मैं बैंक ऑफ इंडिया मरार शाखा की खाता धारक हूं। जिसका खाता संख्या 497810510000648 है। बैंक खाता में मेरा नाम सुमीता देवी दर्ज हो गया है जो गलत है। सुमित्रा देवी और सुमीता देवी दोनो नाम एक ही महिला के हैं जो मैं स्वयं हूं।

# श्रावणी मेला से पहले देवघर-दुमका की सड़कें होंगी दुरुस्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पथ निर्माण विभाग ने श्रावणी मेला से पहले देवघर व दुमका की सड़कों को चकाचक करने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इसके तहत करीब तीन दर्जन रोड बनाये जायेंगे। देवघर में प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2024 के कारण सरकार के स्तर पर इन सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी गयी थी। इसके बाद इसे बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। जून के पहले सप्ताह तक निविदा भरने की अंतिम तिथि रखी गयी है। चुनाव आचार संहिता हटते ही टेंडर को फाइनल किया जायेगा।

यह प्रयास होगा कि अगले दो माह में सारी सड़कों को चकाचक कर दिया जाये। इनमें बाइपास भी शामिल हैं, जिन्हें दुरूस्त किया जायेगा। इसके अलावा सड़कों के किनारे रंग-रोगन, झाड़ी, कटाई, साइनेज लगाने सहित कई छोटे-छोटे कार्य किए जायेंगे। यह प्रयास हो रहा है कि श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। लगभग 43 करोड़ की योजनाओं पर निविदा जारी की जायेगी। इनमें आवासीय परिसर का जीर्णोद्धार भी शामिल है। बासुकीनाथ धाम से शिवगंगा पहुंच पथ के किनारे रिटेनिंग वॉल, बासुकीनाथ बस स्टैंड पथ सहित कई रोड शामिल हैं।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

RC/351/2022

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

BANK OF INDIA
Versus
RAJU

To
(CD1)RAJU
-829117

Also At:
RAJU SINGH S/O JAIMANGAL SINGH
R/O VILLAGE - POCHRA, SINGH TOLA,
P.O. - DIGWAR, P.S. MANDU,
DISTRICT - RAMGARH - 829117

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/428/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 5253414.00 (Rupees Fifty Two Lakhs Fifty Three Thousands Four Hundred Fourteen Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **31/07/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **01/05/2024.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI


## मध्य प्रदेश के सीएम आज बरही और जयनगर में करेंगे जनसभा

**रांची।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ यादव हजारीबाग जिल के बरही के चतरो स्थित जेल मैदान में 10.30 बजे से सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, प्रत्याशी मनीष जायसवाल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता भी मौजूद रहेंगे। वहीं कोडरमा के जयनगर प्रखंड के पिपचो मैदान में 12.00 से जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम, प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, हजारीबाग जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे मौजूद रहेंगे।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़**
(निर्वाचन शाखा)
दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

-:: आदेश ::-

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक–16.03.2024 के आलोक में 14–हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मतदान की तिथि–20.05.2024 को प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल(निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड रॉंची का पत्रांक–1950 दिनांक–08.04.2024 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रॉंची की अधिसूचना संख्या 2492 दिनांक–04.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर सभी सरकारी/निजी कार्यालय, शिक्षण संस्थान, सार्वजनिक प्रतिष्ठान निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट, 1881 की धारा–25 के तहत् मतदान दिवस दिनांक–20.05.2024 (दिन–सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, जिसका रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी नियोजक उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

यदि कोई नियोजक उक्त धाराओं का उल्लंघन करते हैं, तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत् दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, रामगढ़

PR 324831 Election (24-25)_D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
(उत्पाद शाखा)

–: आदेश :–

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक– 01/नि०वि०–22–23(पार्ट–1)/2020/1186, दिनांक: 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक– 01/नीति–05–10/2022–651, दिनांक: 01.04.2024 एवं पत्रांक– 05/मु०स्था०–15–01/2019–814, दिनांक: 12.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के अवसर पर कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मैं मेघा भारद्वाज (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा– 135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा– 26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन को सम्पूर्ण कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थों के बिक्री पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (DRY DAY) निम्न प्रकार घोषित करती हूँ :–

| क्र० सं० | लोकसभा क्षेत्र का नाम | चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 14–हजारीबाग 05–कोडरमा | पंचम चरण | 20.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक : 18.05.2024 को अपराहण 5:00 बजे से दिनांक : 20.05.2024 को अपराहण 5:00 बजे तक |
| 2. | 06–गिरीडीह | षष्टम चरण | 25.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक : 23.05.2024 को अपराहण 5:00 बजे से दिनांक : 25.05.2024 को अपराहण 5:00 बजे तक |

मतगणना हेतु निर्धारित तिथि रू–

| क्र० सं० | मतगणना हेतु निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|
| 3. | 04.06.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक : 04.06.2024 को |

उपरोक्त घोषित किये गये शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि में कोडरमा जिले की सभी खुदरा उत्पाद दुकानें (होटल, रेस्तरॉं एवं बार सहित) एवं अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे।

एवं किसी होटल, बार एवं रेस्तरॉं/क्लब या अन्य ऐसे प्रतिष्ठान में मदिरा की न तो बिक्री की जा सकेगी और ना ही उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा भोजनालय, दुकान या किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा और ना ही वितरित किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के उपबंधों एवं आयोग के निर्देश का उलंघन करेगा तो दोषी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत दण्डित करने की कार्यवाई की जायेगी।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 324836 Election(24-25).D


## सीइओ ने संपन्न मतदान और आगामी चरण की तैयारियों की समीक्षा की

# मतदान हो चुके जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी इंड सर्वे कराकर दो दिनों में रिपोर्ट दें : सीइओ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के झारखंड में होने वाले पांचवें, छठे एवं सातवें चरण के मतदान की व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने से मतदान बेहतर होगा। वहीं मतदान दिवस को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था से मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वह बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से चौथे चरण में संपन्न मतदान एवं आगामी चरण के चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेहतर मतदान के लिए चुनाव कार्य से जुड़े सभी लोग समेकित प्रयास करें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों पर फोकस करते हुए सुदृढ़ माइक्रो प्लान शीघ्र तैयार करें। दिव्यांग एवं शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को उनके घर से मतदान केंद्र तक लाने एवं ले जाने के लिए क्षेत्र एवं गली-मोहल्ला स्तर पर कर्मियों की टैगिंग करें, ताकि मतदाता सुगम तरीके से मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

उन्होंने कहा कि पांचवें, छठे एवं सातवें चरण के मतदान के लिए मनरेगा मेट, पारा कर्मी, जेएसएलपीएस के सक्रिय सदस्य, सखी मंडल की दीदी आदि कर्मियों को मतदान केन्द्र वाले क्षेत्र/गांव एवं गली-मोहल्ला से टैग करें। मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन भी मतदान के लिए जागरूक करते हुए उन्हें घर से मतदान केन्द्रों पर जाने के लिए प्रेरित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों से टैग वाहनों से दूर निवास करने वाले मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता, जो मतदान केंद्र पर नहीं पहुंचें हों, उन्हें बीएलओ हेल्प डेस्क के माध्यम से फोन कराकर मतदान करने की अपील कराएं।

शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए अर्बन लोकल बॉडीज के साथ बैठक कर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करवाने का प्रयास कराने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के लिए प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद भी निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से माइकिंग कराई जा सकती है। साइलेंस अवधि में वोट देने की अपील को प्रचारित कराना सकारात्मक साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां रिजर्व ड्यूटी वाले चुनाव कर्मी को सहयोग के लिए लगाया जा सकता है, ताकि मतदान प्रक्रिया में गति लाई जा सके।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान संपन्न हो चुके जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी को रेंडमली मतदान केन्द्र के क्षेत्रों में इंड सर्वे कराकर प्रतिवेदन तैयार कर दो दिनों में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# अगले चरणों के मतदान के लिए क्यू और टाइम मैनेजमेंट पर करें फोकस : के. रवि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** लोकसभा चुनाव में झारखंड के अगले पांचवें, छठे और सातवें चरण के चुनाव में वोटर टर्नआउट बढ़ाने पर फोकस है। जिस बूथ पर 1200 से अधिक वोटर हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदानकर्मी रिजर्व रूप से दिया जाएगा। जहां 800 से अधिक वोटर हैं, वहां सेक्टर पदाधिकारी अतिरिक्त मतदानकर्मी को पोलिंग अफसर के सहयोग के लिए लगा सकेंगे। कोशिश होनी चाहिए कि एक वोटर को मतदान करने में कम-से-कम समय लगे। मतदान की गति बढ़े और वेटिंग टाइम कम हो सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चौथे चरण के हुए मतदान के इनपुट के आधार पर आगामी चरणों के निर्वाचन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ मैनेजमेंट बेहतर करने के लिए मतदानकर्मियों सहित बीएलओ, स्वयंसेवकों एवं मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों के प्रशिक्षण मॉड्यूल में शामिल करने के लिए मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस मतदान केन्द्र पर भी शाम पांच बजे के बाद तक मतदान की संभावना हो, वैसे चिह्नित किए गए बूथों पर पर्याप्त रोशनी के लिए जेनरेटर की भी व्यवस्था की जा रही है। मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप की गतिविधि भी तेज की जा रही है। माइक्रो लेवल पर जाकर मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया जा रहा है।

हर संभव कोशिष होनी चाहिए कि किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार के प्रयोग में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो और मतदान की प्रक्रिया सुगम रहे। किसी भी मतदाता को कतार में अधिक समय तक पंक्तिबद्ध नहीं रहना पड़े, इसके लिए जरूरी है कि मतदान केन्द्र के सभी मतदाताओं की संख्या का विशेष ध्यान रखते हुए मतदान की प्रक्रिया तेज रहे। इसके लिए सभी मतदान कर्मियों एवं सेक्टर पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वाह करना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि बीआईटी मेसरा रांची के विशेषज्ञों द्वारा 20 मई चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले मतदान की प्रक्रिया की टाइम लाइन मोशन स्टडी कराकर प्राप्त डाटा का विशलेषण किया जायेगा। इसमें डॉ. कृति अभिषेक, विशाल शाह एवं डॉ. मनीष कुमार पांडेय की टीम रहेगी। इस स्टडी से प्राप्त फलाफल का उपयोग आगामी चुनावों में किया जायेगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा एवं संदीप सिंह तथा ओएसडी गीता चौबे मौजूद थीं।

# 7वें चरण में स्क्रूटनी के बाद राजमहल में 15, गोड्डा में 21 और दुमका में 19 उम्मीदवार बचे



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन भवन में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सातवें चरण के लिए होने वाले तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिए स्क्रूटनी का काम पूरा हो गया। स्क्रूटनी के बाद तीनों संसदीय क्षेत्र में मिलाकर कुल 55 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को स्क्रूटनी के दौरान राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 में से 2 प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया। इस तरह इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब कुल 15 प्रत्याशी बचे हैं। वहीं दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नामांकित 22 उम्मीदवारों में से 3 के नामांकन खारिज हो गए। यहां अब 19 उम्मीदवार रह गये हैं। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से स्क्रूटनी के बाद सर्वाधिक 8 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हुए हैं। यहां अब 21 उम्मीदवार बचे हैं। 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख है। उसके बाद उम्मीदवारों की वास्तविक संख्या निश्चित हो जाएगी।

**126 करोड़ 21 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त**

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान वाले क्षेत्रों से जुड़ी दूसरे राज्यों की सीमा पर संबंधित राज्य से समन्वय बनाकर चौकसी जारी है। चेकिंग हो रही है तथा सीमा को सील करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 1 अरब, 26 करोड़, 21 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

## मंत्री आलमगीर की गिरफ्तारी पर बाबूलाल ने कहा

# लूट और भ्रष्टाचार किया है तो सजा भुगतनी ही पड़ेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को चंपई सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की ईडी द्वारा हुई गिरफ्तारी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लूट और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को सजा भुगतनी ही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी, पोषक और संरक्षक है। राज्य में कांग्रेस पार्टी जब-जब सत्ता में शामिल हुई, राज्य को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो, राजद ठगबंधन को सत्ता सिर्फ कमाई के लिए चाहिये।

उन्होंने कहा कि राज्य में ईडी की कार्रवाई से ठगबंधन के काले कारनामों की परतें परत दर परत खुल रही है। लूट के खजाने मिल रहे हैं। कभी 350 करोड़ रुपये तो कभी 35 करोड़ नकद बरामद हुये। उन्होंने कहा कि यह तो केवल नमूना है। ईडी सीबीआई तो जनता की गाढ़ी कमाई का पाई पाई वसूलने की कारवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी आंदोलन को लूटा और अब मिलकर राज्य को लूट रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसीलिये ईडी, सीबीआई को कमजोर करने की बात कर रही है। कांग्रेस और इंडी ठगबंधन को मालूम है कि ईडी की कारवाई जारी रही तो उनके ठगबंधन में कोई नहीं बचेगा।

## बाबूलाल मरांडी आज राजमहल लोकसभा क्षेत्र में करेंगे दो जनसभा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज राजमहल लोकसभा में दो जनसभा को संबोधित करेंगे। पहली जनसभा साहिबगंज जिले के बोरिया स्थित जिरूल मैदान में 12.00 से होगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी, साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, बोरियो विधानसभा संयोजक कृपानंद मंडल, बोरियो विधानसभा प्रभारी बबलू भगत भी मौजूद रहेंगे। वहीं श्री मरांडी पाकुड़ जिले के कोटाल पोखर के उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को दोपहर 1.30 बजे से संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी, पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, पाकुड़ विस प्रभारी धर्मेंद्र कुमार तथा बाबूधन मुर्मू, अनुग्रहित प्रसाद साह और श्यामल दास भी मौजूद रहेंगे।

# झारखंड पुलिस के प्रशिक्षण संस्थान के पासिंग आउट से डीजीपी नाराज, नई गाइडलाइन जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस के प्रशिक्षण संस्थान में होने वाले पासिंग आउट परेड में एकरूपता की कमी के मद्देनजर डीजीपी अजय कुमार सिंह नाखुश दिखे। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने इस संबंध में एक गाइडलाइन जारी किया है। जारी गाइडलाइंस में कहा गया है कि इस वर्ष जैप एक रांची और जैप नौ साहेबगंज में जिला और सशस्त्र वाहिनी के नवनियुक्त आरक्षण का पासिंग आउट परेड संपन्न हुई। परेड के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रशिक्षण संस्थान वार पासिंग परेड की प्रक्रिया में काफी भिन्नता है। झारखंड पुलिस के अंदर आने वाले सभी प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण के बाद होने वाले पासिंग आउट परेड के लिए 38 बिंदुओं का एक गाइडलाइन जारी किया है।

**ये है गाईडलाइन**

- पासिंग आउट परेड के लिए परेड ग्राउंड की क्षमता और आवश्यकतानुसार पुरुष और महिला प्रशिक्षुओं का प्लाटून होगा तैनात
- परेड शुरू होने से न्यूनतम 20 मिनट पहले मैदान में निर्मित किले का द्वार खोला जाएगा।
- सभी प्लाटून अपने निर्धारित निरीक्षण लाइन पर पहुंचकर कदमताल करते हुए और बैंड के धुन पर थम हो जाएंगे।
- विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्ति के सलामी मंच पर निर्धारित स्थान पर पहुंचते ही परेड कमांडर द्वारा कमांड दिया जाएगा।
- परेड किया बाजू शस्त्र की स्थिति में आने पर परेड कमांडर सलामी मंच की ओर करेंगे मार्च।
- राष्ट्रीय सेल्यूट के समय आमंत्रित अतिथि परेड ग्राउंड में खड़े हो जाएंगे, और उनमें जो वर्दीधारी अधिकारी होंगे,सेल्यूट करेंगे।
- परेड कमांडर द्वारा मानवाधिकार और पुलिस कर्तव्य को पढ़ाते हुए सभी प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाया जाएगा।
- शपथ ग्रहण के बाद डंके की आवाज में सावधान की स्थिति में आएंगे।
- ध्वज टोली के अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचने के बाद परेड कमांडर द्वारा कमांड दिया जाएगा।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता की, कहा- हमें झारखंड को असम नहीं बनने देना है...

# असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि पीओके को भारत में मिलाने के लिए एनडीए को चार सौ पार सीट दीजिये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा ने कहा है कि घुसपैठियों को टांग तोड़ कर वापस भेजिये। श्री सरमा बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि असम ने घुसपैठियों की मार झेली है, उन्हें इसका अनुभव है इसलिये, झारखंड को असम बनने से रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव प्रचार तेजी से चल रहा है। भाजपा ने चार सौ पार का लक्ष्य रखा है। पीओके को भारत में मिलाने के लिये, आर्थिक ताकत बनाने और यूससी लागू करने के लिए चार सौ पार सीट की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लाल डायरी लेकर घूम रहे हैं। हमारा संविधान कभी रेड कलर का नहीं हो सकता है। देश को छद्म धर्म निरपेक्षवाद से बचाना है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव के बाद कांग्रेस में सिर्फ आलमगीर आलम जैसे नेता बच जायेंगे। उन्होंने कहा कि देश में बहुसंख्यक आबादी खतरे में है। बहुत दिनों बाद बहुसंख्यक हिन्दू जागृत हुआ है। इसकी आवाज कम नहीं होनी चाहिये। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि वोटों के ध्रुवीकरण एक सच्चाई है। भाजपा बहुसंख्यक आबादी को सेफ जोन में रखना चाहती है। उन्होंने जमकर कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी धार्मिक आधार पर आरक्षण देने की बात कर रही है लेकिन, हमारा संविधान धार्मिक आधार पर आरक्षण की इजाजत नहीं देता है। उन्होंने कहा कि यूनीफॉर्म सिविल कोड संवैधानिक जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक राज्यसभा सांसद के घर से तीन सौ करोड़ से अधिक रूपये मिले। उन्होंने कहा कि आलमगीर आलम के ठिकानों से भी करोड़ों रूपये मिले हैं। भाजपा की तीसरी बार सरकार बनी तो ईडी व सीबीआई जैसी संस्थाओं को और अधिक मजबूत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुरूप कार्य करने के लिये मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। जम्मू काश्मीर का मामला राजनीतिक नहीं है। भाजपा जम्मू-काश्मीर का समुचित विकास व शांति चाहती है। इसलिये, भाजपा ने चुनाव में काश्मीर में प्रत्याशी खड़ा नहीं किया है। इस अवसर पर दीपक प्रकाश, जेबी तुबिद व शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

सुप्रभात

गुरुवार 16.05.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 26

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के बेंगाबाद खरीयोडीह में इंडिया गठबंधन की चुनाव सभा

# भाजपा झूठ बोल कर सत्ता में आई, बढ़ा दी महंगाई : चंपई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के बेंगाबाद खरीयोडीह में बुधवार को इंडिया गठबंधन की चुनाव सभा हुई। सभा को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह और गांडेय विधान सभा उपचुनाव की झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि भाजपा झूठ बोल कर सत्ता में आई है। महंगाई को कंट्रोल करने की बजाय उसे बढ़ाने का काम किया है। गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाया। लेकिन चुनाव में प्रधानमंत्री महंगाई व बेरोजगारी पर बात नहीं कर चाय की बात करते हैं। देश के अंदर तानाशाही का माहौल बना रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि पहले चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन के पास चारों सीट आ गई है और आगे झारखंड की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत तय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने नारा दिया था 65 सीट विधानसभा में जीतेंगे, लेकिन जनता ने 25 सीट पर ही रोक दिया। वहीं हस्र लोकसभा चुनाव में भी होगा।



### इस बार का चुनाव संविधान बचाने का है : कल्पना

गांडेय प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार का चुनाव संविधान बचाने का है। कहा कि भाजपा मुद्दों पर बात नहीं कर उल जुलूल बातें कर रही है। हेमंत सरकार ने जितना काम किया है, उतना भाजपा ने 20 वर्षों में नहीं किया। कहा कि भाजपा शासनकाल में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया गया था, लेकिन हेमंत सरकार ने झारखंड की जनता को अबुआ आवास, छात्रवृत्ति, पेंशन देने का काम किया है। सभा को मंत्री हफीजुल अंसारी, मंत्री बन्ना गुप्ता, कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सतिश केडिया, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

### पिता लालू जी नहीं झुके तो बेटा भी नहीं झुकेगा : तेजस्वी यादव

जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तब तक आराम नही करेंगे, जब तक मोदी जी को बेड रेस्ट नही करा देंगे। लेकिन जब उनके पिता लालू जी भाजपा के सामने नहीं झुके तो उनका बेटा कैसे झुक सकता है। कहा कि कल्पना सोरेन भी मोदी सरकार के आगे नहीं झुकी, और न ही झुकेंगी। कहा कि दो गुजराती के आगे झारखंड और बिहार कभी नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि देश में 25 करोड़ लोगों की उम्र पार हो गई है, लेकिन उन्हें रोजगार नहीं मिला। युवा अग्निवीर में 4 वर्ष में रिटायर हो रहे हैं और प्रधानमंत्री 75 वर्ष में अपने लिए 5 साल की नौकरी मांग रहे हैं। कहा केन्द्र सरकार ने बिहार और झारखंड की उपेक्षा की है। पहले केंद्र 90 फीसदी राज्य को देता था और आज 50 फीसदी राशि ही दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह मंगलसूत्र और भैंस छीनने की बात कर रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नफरत की राजनीति कर रहे हैं और बाबा अंबेडकर के संविधान को बदलना चाहते हैं। प्रधानमंत्री काम पर वोट मांगने की बजाय हिंदू मुस्लिम की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ लोगों को रोजगार देंगे और महिलाओं को एक साल में एक लाख रुपये देंगे।

## एक नजर में

### पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को मिली जमानत



**धनबाद।** मैथन डैम के पास मिलेनियम पार्क के पास अवैध दुकानों को हटाने के विरोध मैं कबाइंड बिल्डिंग प्रशासनिक भवन के समीप धरना प्रदर्शन करने सुरक्षा कर्मियो पर जानलेवा हमला-पथराव करने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को आज बड़ी राहत मिली है। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीसी अवस्थी की अदालत ने अरूप चटर्जी की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर उन्हें जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है । बचाव पक्ष की ओर से वरीय अधिवक्ता दीप नारायण ने बहस की। प्राथमिकी सीआईएसएफ के कंपनी कमांडर के शिकायत पर चिरकुंडा थाने में 25 जनवरी 24 को अरूप चटर्जी, मुखिया बबलू चौधरी, साहब घोष, रवि लाल, शिबू, अमित शाह, मुन्ना कुमार, पिंटू विश्वकर्मा के विरुद्ध चिरकुंडा थाना कांड संख्या 32/24दर्ज की गई थी।

### धनबाद जिला के 216 वोटरों को कराई जायेगी होम वोटिंग

▶▶ पोस्टल बैलेट के जरिये होगा मतदान

धनबाद। धनबाद जिले में होम वोटिंग की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसके लिये। जिला में कुल 216 वोटरों को चिन्हित किया गया है जिन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग कराई जाएगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक धनबाद जिला के 216 वोटरों के घर पोलिंग पार्टी जाएगी और पोल कराएगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने 15 मतदान दल का गठन किया है। पोलिंग पार्टियों में दो पोलिंग ऑफिसर तथा एक-एक माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। 17 मई को होम वोटिंग की प्रक्रिया जिले भर में शुरू होगी और 18 मई को सम्पन्न की जाएगी। स्कूटरों के मुताबिक होम वोटिंग की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में होने वाली होम वोटिंग की प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। जिले में कुल 216 होम वोटरों की सूची तैयार की गई है। इसका प्रखंडवार ब्यौरा तैयार किया गया है, इसमें 85 प्लस आयु तथा पीडब्लूडी वोटर भी शामिल है। मतदान दल बैलेट पेपर से मतदाता के घर जाकर निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए मतदान करना सुनिश्चित करेंगे।

### भाजपा सिर्फ विकास की राजनीति करती है : ढुल्लू



**धनबाद।** भाजपा विकास की राजनीति करती है, देश के लिए, क्षेत्र के लिए जो बेहतर है उसकी बात करती है। उक्त बातें धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने बुधवार को जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के कोने-कोने तक सड़कों का जाल बिछा है। यह केंद्र और झारखंड में गठित भाजपा सरकार की ही देन है। पूर्व मुख्य मंत्री रघुवर दास की सरकार थी तो हर घर बिजली पहुंचाई गई थी। कहा कि विपक्ष में बैठे लोग सत्ता मिलने भी कोई काम नहीं कर सके, क्योंकि उन्हें पैसे गबन करने से फुरसत ही नहीं कि जनता की सोच पाते। परंतु जात-पांत और बाहरी-भीतरी के नाम पर मुखर हो जाते हैं। उन्होंने कल अपने जनसंपर्क के दौरान बोकारो सेक्टर 4 क्लासिक होटल में राजपूत समाज के लोगों से मुलाकात की। धनबाद के वार्ड नम्बर 19 डायमंड क्रॉसिंग के समीप स्थानीय लोगों से मिले, बोकारो के तेलमोचो स्थित बैंक्विट हॉल में गोप समाज के लोगों से मुलाकात की। बाघमारा के टुंडी, चिटाही धाम स्थित आवास पर सैकडों पासवान परिवारजनों से भी मुलाकात की।

### ऑब्जर्वरों ने किया बाजार समिति व पालीटेक्निक ईवीएम कमिश्निंग का निरीक्षण



**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन तथा व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल ने आज कृषि बाजार समिति तथा धनबाद पॉलिटेक्निक में ईवीएम कमिश्निंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों केंद्रीय प्रेक्षकों ने ईवीएम कमिश्निंग में लगे पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कृषि बाजार समिति में सामान्य प्रेक्षक थवसीलन व व्यय प्रेक्षक गोयल के साथ अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा मौजूद थे। वहीं धनबाद पॉलिटेक्निक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा मौजूद थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट के कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति एवं धनबाद पॉलिटेक्निक पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट के कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कमीशनिंग का कार्य संपादित करने का निदेश दिया है। इस दौरान मिश्र ने सीसीटीवी से निगरानी का भी जायजा लिया तथा 247 सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हित परिसर के आसपास अनाधिकृत प्रवेश वर्जित रखे जाने, कमीशनिंग हॉल में पदाधिकारी, कर्मी या अन्य सभी को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन लेकर अंदर नहीं लाये जाने तथा चुनाव आयोग के गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन किये जाने का निदेश दिया।

### बाघमारा में खुला एनडीए प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय

**कतरास।** हाई स्कूल के समीप भारतीय जनता पार्टी सह आजसू के एनडीए गठबंधन प्रत्याशी सी पी चौधरी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को गिरिडीह के एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के भाई रोशन लाल चौधरी ने किया। इस मौके पर जेडीयू प्रदेश महामंत्री दीप नारायण सिंह, सुभाष राय, लोजपा के केशव पासवान, आजसू के रमाशंकर तिवारी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, अशोक मिश्रा, शेखर सिंह, बच्चू राय, वीणा भारती, शीला कुमारी, उमा कुमारी, सुनीता देवी, जीतन भुईयां, जीवन महतो, देवानंद साव, बैजनाथ प्रसाद उप प्रमुख, रंजीत सिंह अजीत पांडे, दीपू पांडे समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### अभाविप ने पूरे जिले में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**धनबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद ने जिले भर में मतदाता अभियान चलाया। सभी कार्यकर्ताओं इस मुहिम के तहत लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। एक वोट की कीमत समझाई। किशोर कुमार झा ने कहा जैसे मनुष्य के लिए ऑक्सीजन बहुत ही आवश्यकता है, उसी तरह एक वोट भविष्य को संवारने या बिगड़ने का काम करता है। लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान करें। इस अभियान में विद्यार्थी परिषद के कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रौनक चौहान, प्रवीण झा, बीमेश कुमार के साथ कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के नए निदेशक ने किया पदभार ग्रहण



**धनबाद।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धनबाद के नए निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने 15 मई बुधवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रबंधन, अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के प्रो जे के पटनायक से पदभार लिया। पदभार ग्रहण के पश्चात उन्होंने संस्थान के प्रशासनिक भवन के कांफ्रेंस हॉल में बैठक की। बैठक में संबंधित डीन ने संस्थान की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं का विवरण पेश किया। इसके बाद शाम में रजिस्ट्रार प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में सभी अधिकारियों के साथ नए निदेशक की बैठक हुई।

### भटमुरना काली मंदिर में रामचरितमानस पाठ पर जुटे श्रद्धालु

**कतरास।** हिंदू धर्म के अनुसार वैशाख माह को पवित्र महीना माना जाता है। बताते हैं कि वैशाख माह में धार्मिक मान्यताओं व परंपरा के अनुसार आस्था रखते हुए धार्मिक अनुष्ठान हरि कीर्तन, रामायण पाठ, भजन पाठ आदि कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जमुआ पंचायत के भटमुरना काली मंदिर के प्रांगण में बुधवार को रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। रामचरितमानस पाठ के प्रवचन कर्ता पंडित राकेश दसौंधी के साथ सहयोगी संजय पांडे, चंद्रदेव पांडे एवं जितेंद्र पांडे द्वारा अनुष्ठान सम्पादित किये गए।

## प्रेक्षक ने किया प्रशिक्षण केन्द्र, मटेरियल सेल व पांडर पाला में बूथों का भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, न्यू टाउन हॉल तथा मटेरियल सेल और पांडर पाला में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सामान्य प्रेक्षक ने मतदान पदाधिकारियों को हैंड्स ऑन ट्रेंनिंग पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। साथ ही वहां पोस्टल बैलट से जारी मतदान की प्रक्रिया का निरीक्षण किया एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद सामान्य प्रेक्षक न्यू टाउन हॉल पहुंचे। वहां स्वीप एक्टिविटी को लेकर चल रही बैठक में सभी बीएलओ सुपरवाइजरों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात सामान्य प्रेक्षक मटेरियल सेल पहुंचे और मतदान सामग्री का निरीक्षण किया। मटेरियल सेल में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, प्रोजेक्ट ऑफिसर मनोज कुमार, कार्यालय सहायक संतोष कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे। के. थवसीलन ने आज ही पांडरपाला में मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। पंचायत भवन के बूथ संख्या 52, 53 का मुआयना किया। इस क्रम में मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, शेड सहित सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने व अन्य दिशा निर्देश दिए। थवसीलन के साथ सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा मौजूद थे।

# जमीन विवाद में युवक को मारा चाकू, अस्पताल में मौत

▶▶ परिजनों ने शव के साथ किया रोड जाम, पुलिस को आरोपियों की तलाश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** जमीन विवाद को लेकर बुधवार की सुबह शहर के नवजीवन नर्सिंग होम के समीप पांच युवकों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल स्थिति में नवजीवन नर्सिंग होम में प्राथमिक इलाज के बाद उसे अशर्फी हॉस्पिटल धनबाद रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक छोटू यादव सिहोडीह का रहने वाला था और उसके गोतिया के कुछ युवकों ने जमीन विवाद के कारण ही उस पर हमला किया था। घटना के बाबत बताया जाता है कि छोटू यादव का उसके गोतिया के साथ आम बगान स्थित जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह करीब नौ बजे वह कोर्ट में गवाही देकर वापस लौट रहा था। तभी उसके गोतिया के प्रीतम यादव, संजय यादव, राहुल यादव समेत अन्य ने नवजीवन नर्सिंग होम के पास रोका और पास खड़े एंबुलेंस के पीछे ले गए। उस पर चाकू से एक के बाद एक कई वार किया। वार से उसके पेट की अतड़ी तक बाहर आ गई। इस बीच पास मौजूद एक दो पुलिस के जवान पहुंचे और हमलावर युवकों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन तब तक सारे आरोपी बाइक से कोर्ट रोड की ओर फरार हो चुके थे। हालांकि सारा दृश्य पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है। उसी के आधार पर नगर थाना पुलिस आरोपियों को दबोचने में जुटी हुई है। इधर परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव के साथ सड़क जाम कर दी है।

## रंजय हत्याकांड में अनुसंधानक प्रतिपरीक्षण पूरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह की सरेआम गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में आज मामले के अनुसंधानक सरायढेला के पूर्व थाना प्रभारी अरविंद कुमार का प्रतिपरिक्षण जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत मे पूरा हुआ। बीते दो दिनों से उनके प्रति परीक्षण वरीय अधिवक्ता समर श्रीवास्तव आयुष श्रीवास्तव एवं सिद्धार्थ शर्मा द्वारा किया जा रहा था। अदालत ने सुनवाई लिए गुरुवार की तारीख निर्धारित की है। कोर्ट को दिए बयान में अनुसंधानकर्ता अरविंद कुमार ने कहा कि राजा यादव की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इन्होंने मामले का अनुसधान शुरू किया था इसमें पांच गवाहों का परीक्षण किया तथा मौके वारदात से गोली का खोखा बरामद किया था। अनुसंधानक ने कहा कि गवाहों ने घटना का समर्थन किया।

## पूर्वी टुंडी के शंकरडीह बाजार में खुला इंडिया गठबंधन का चुनाव कार्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत शंकरडीह बाजार में बुधवार को इंडिया गठबंधन गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम,बसंत महतो ने किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कु, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, रामचंद्र मुर्मू, प्रबोद मंडल, चिंतामणि दे, ऐनुल अंसारी, परिमल दे, कन्हाई चार, बसीर अंसारी, आदि मौजूद थे।

# बीआईटी सिंदरी के छात्रों ने बनाया आधुनिक लूनर रोबर 'रुद्र'

## अगस्त में इसरो की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में किया जाएगा शामिल

राहुल पांडेय



**सिंदरी।** देश के इसरो संस्थान के महानतम वैज्ञानिकों ने 22 जुलाई 2019 को चांद पर प्रज्ञान रोबर का सफल प्रक्षेपण कर विश्व में क्रांति लाई थी। इस रोबर का काम चंद्रमा की सतह पर भ्रमण कर आंकड़े एकत्र करना था। इसे चंद्रयान 3 मिशन के तहत चंद्रमा के साउथ पोल पर उतारा गया था। इसने पृथ्वी के लिए 14 दिनों तक कार्य किया था। इससे भी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बीआईटी सिंदरी में संस्थान के प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों की आदि शक्ति टीम ने रुद्र नामक एक रोबर का निर्माण किया है। इसे इसरो में अगस्त 2024 में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा।

रुद्र रोबर को बनाने वाली टीम आदिशक्ति के कप्तान संस्थान के प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र हर्ष भार्गव ने बताया कि इसरो के चंद्रयान 4 मिशन के लिए पूरे देश से तकनीक को संजोया जा रहा है। मिशन के अनुसार आधुनिक रोबर बिना मानव सहयोग के चंद्रमा से सैंपल की खोज कर उसे पृथ्वी तक लाने में सहयोगी बनेगा। इसमें बीआईटी सिंदरी की आदिशक्ति टीम भी अपना रोबर प्रस्तुत कर सहयोग कर सकेगी। मानव सहयोग के अलावा रोबर स्वयं कार्य करने में सक्षमता सहित अँधेरे में इसके कैमरे की कार्यशैली को इस मिशन में विशेष महत्व दिया जा रहा है। नवंबर 2023 से जारी प्रतियोगिता के प्रथम चरण में रोबर निर्माण के लिए टीम ने 30 पन्नों का प्रपोजल इसरो को सौंपा था। दूसरे चरण में बुधवार को इसके निर्माण और कार्यविधि का वीडियो इसरो को भेजा जा रहा है। आधुनिक तकनीक से बनाया गया यह रोबर फिलहाल पृथ्वी के वायुमंडल के अनुसार कार्य करेगा। अगले चरण में इसे चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण बल के अनुसार तैयार कर लिया जाएगा। यह रोबर प्रज्ञान की तरह स्वयं कार्य करता है। इसमें रोबर का वजन 40 किलोग्राम से कम रखा गया है। रोबोटिक आर्म के द्वारा वजन उठाना, 150 ग्राम के क्यूब को पार करना, 300 ग्राम के क्यूब से बचकर निकलना सहित गढ्ढों को पार करना सहित नौ शर्तें शामिल की गई हैं।

प्रोजेक्ट को निर्देशित कर रहे बीआईटी सिंदरी के सीएनसी मशीन एंड रोबोटिक लैब के प्रोफेसर इन चार्ज प्रकाश कुमार ने बताया कि रोबर के सभी पाट्र्स बीआईटी सिंदरी के लैब में बनाए गए हैं। रोबर लगभग दो केजी तक के वजन को उठाने में सक्षम है। इसकी स्पीड 3 सेमी प्रति सेकेंड से अधिक है। बीआईटी सिंदरी के प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के लैब में ही रोबर के चक्कों का निर्माण किया गया है। एक चक्के को 3 डी प्रिंट करने में लगभग 40 घंटे का समय लगा है। संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय ने इस उपलब्धि के लिए आदिशक्ति टीम को बधाई दी और कहा कि इसरो की प्रतियोगिता में देश के 60 हजार प्रतिभागी टीम में बीआईटी सिंदरी की टीम ने 146 वाँ स्थान पाया है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में बिटसा इंटरनेशनल और संस्थान ने मदद की है। छात्रों को उत्साहित करते हुए कहा कि उनकी सफलता रंग लाएगी और उनके कैरियर में यह प्रोजेक्ट मील का पत्थर साबित होगा। टीम को बधाई देने वालों में सीएंडसी सेल हेड डॉ घनश्याम भी शामिल रहे। रोबर रुद्र के निर्माण में आदिशक्ति की टीम में प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र सह टीम कप्तान हर्ष भार्गव और साहिल सिंह, सिविल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र सह उपकप्तान निशिकांत मंडल और मनीष कुमार महतो, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र अरमान सिंह और प्रथम वर्ष के छात्र रौशन राज, मेकेनिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र आनंद कुमार पासवान, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र आनंद श्रेष्ठ शामिल हैं।

## मतदाताओं को परिवार सहित वोटिंग के लिए करें जागरूक

# बीएलओ को मतदान प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश

**विशेष संवाददाता**

### बीएलओ और सुपरवाईजरों की हुई बैठक






**धनबाद।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह अवर सचिव देवदास दत्त ने आज न्यू टाउन हॉल में सभी बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश दिया। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी दत्त ने कहा कि मतदाताओं को उनके परिवार सहित वोटिंग करने की अपील करें। भीड़-भाड़ वाले स्थान, गली, मोहल्ला, प्रमुख चौक चौराहा में लाउडस्पीकर से मतदान की तिथि, समय एवं उसे क्षेत्र के मतदान केंद्र की सूचना मतदाताओं को उपलब्ध कराए। उन्होंने मतदान दिवस की आवश्यकता के अनुसार सभी मतदान केंद्रों के लिए मूवमेंट प्लांट तैयार करने, मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, हेल्प डेस्क, मेडिकल सुविधा, शौचालय, टेंट, दिव्यांग एवं बुजुर्गों के लिए निःशुल्क वाहन की व्यवस्था आदि की सूचना मतदाताओं को देने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को लेकर दत्ता ने बताया कि झारखंड के मुखिया निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर आम नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप के तहत इसका आयोजन किया गया है। जिसमें मतदान दिवस एवं इसके एक दिन पूर्व प्रत्येक मतदाता से संपर्क स्थापित कर उन्हें मतदान करने के लिए जागरूक करना है। स्वयं सहायता समूह को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के अनुसार छोटे-छोटे क्षेत्र का प्रभार सोपा गया है। वे मतदाताओं को मतदान में भाग लेने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। मतदान के दिन मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में दत्ता के अलावा नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## देवरी में असम के सीएम ने बताया 400 पार के नारे का मतलब

# ज्ञान व्यापी और मथुरा मंदिर विवाद को खत्म करना जरूरी: हेमंत विस्वा सरमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह में भाजपा का दूसरी विजय संकल्प सभा बुधवार को देवरी में हुई। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत देवरी की सभा में भाजपा के फायर ब्रांड नेता सह असम के सीएम हेमंत विस्वासरमा और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जमुआ विधायक केदार हाजरा व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी मौजूद थे। सभा में कार्यकर्ताओं व समर्थकों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सभा को संबोधित करते हुए असम के सीएम हेमंत विस्वासरमा ने इंडिया गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। कहा कि गठबंधन भी कह रहा है कि मोदी सरकार फिर से बन जाए, लेकिन वो 400 पार का नारा क्यों लगा रहे हैं। कहा कि पीएम मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि काशी में ज्ञान व्यापी और मथुरा मंदिर विवाद को खत्म करने के लिए 400 पार जरूरी है। सीएम सरमा ने कहा कि पहले जब तीन सौ सीट मिली तो 370 हटा और राम मंदिर का निर्माण हुआ और अब 400 पार के नारे का मकसद सिर्फ देश के दोनों विवाद को खत्म करना है।

विजय संकल्प सभा को केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा लोकसभ प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, राजरू सभा सांसद दीपक प्रकाश, विकायक केदार हाजरा सहित कई भाजपाइयों ने संबोधित किया।

### स्पीड न्यूज

#### राजकमल स्कूल में कॉमर्स के बच्चों के बीच सेमिनार आयोजित



**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर कॉमर्स छात्रों के बीच सेमिनार का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ मुनमुन शरण एवं सीए कन्हैया केजरीवाल मौजूद थे। दोनों निर्णायक की भूमिका में भी थे। उन्होंने कहा कि भारत अभी विश्व की पांचवीं इकोनॉमी है, जो शीघ्र ही तीसरी इकोनॉमी बनेगा। विश्व पर भारत की पकड़ बढ़ती जा रही है। भारत की सोच को विश्व समझने लगा है और उसका अनुसरण करने लगा है। सेमिनार में 12 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें अंशिका कंठ प्रथम, कृति झा द्वितीय एवं अनुष्का कुमारी व अपूर्वा गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। इनके अलावा दिव्यांशु अरोड़ा, कीर्ति झा, वैभव शर्मा, इशिका थोर, मयंक राज गुप्ता, आलोक कुमार, प्रांजल अविषि एवं शिवम मोदी तथा कृष्णा किशोर ने भी वक्तव्य दिये।

#### चेकपोस्ट पर दो वाहनों से एसएसटी ने जब्त किये ₹1.15 लाख कैश



**मैथन।** झारखंड-बंगाल सीमा के चिरकुंडा (बराकर) चेकपोस्ट पर मंगलवार की रात वाहन जांच के दौरान दो वाहनों से एसएसटी टीम ने कुल 1.15 लाख रुपये जब्त किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बोर्डर पर वाहनों की सघन जांच-पड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार की रात पश्चिम बंगाल के आसनसोल निवासी शमशेर खान से 60 हजार रुपये एवं सासाराम, बिहार निवासी धीरज कुमार से 55 हजार 9 सौ रुपये जब्त किया गए हैं। चिरकुंडा पुलिस ने बताया कि बरामद नगदी के संबंध में दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और न ही कोई कागजात प्रस्तुत किया। इस कारण चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नगद राशि को जब्त कर लिया गया है। जांच अभियान दण्डाधिकारी सीआरपी बिरेन्द्र कुमार यादव एवं चिरकुंडा थाना के एएसआई अखिलेश बैठा के नेतृत्व में चलाया जा रहा था।

#### टाटा स्टील झरिया डिविजन की खदान में ड्यूटी पर कर्मी की मौत

**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन अंतर्गत जामाडोबा 2 कोलियरी में बॉडी चेकर के पद पर कार्यरत 45 वर्षीय एनुल अंसारी की मौत रात्रि पाली में कार्य के दौरान हो गई। खबर सुन कर जामाडोबा सेंट्रल अस्पताल में मजदूरों और श्रमिक नेताओं की भीड़ जमा हो गई। घटना के सम्बंध में बताया गया है कि डिगवाडीह इस्लामपुर बस्ती निवासी टाटा कर्मी एनुल अंसारी मंगलवार को रात्रि पाली में जामाडोबा टू पिट कोलियरी में ड्यूटी पर थे। बुधवार को सुबह ड्यूटी समाप्त होने के बाद खदान ने बाहर निकलते समय बेहोश हो कर गिर गये।

## बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग

# आग और भू-धंसान से घरों में दरार, सूखने लगे पेड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** लोयाबाद बांसजोड़ा 12 नंबर में धधकती पुरानी आग व भूधंसान से आसपास के घरों में असर दिखना शुरू हो गया है। यहां करीब 50 पेड़ गर्म तापमान से सुख गए हैं। दर्जन भर से अधिक घरों में दरार पड़ गई है। लोगोंके घरों की जमीन भीतरी आग से तपने लगी है।

बांसजोड़ा 12 नंबर की पीसीसी सड़क में लम्बी दरार पड़ चुकी है। यहां के शीतला मन्दिर की पूरब साइड की दीवार गिर चुकी है। आग व भू धंसान से इस गर्मी में रात और दिन बहती गर्म हवाएं से यहां के करीब तीन हजार अबादी परेशान है। तापमान काफी बढ़ा हुआ महसूस हो रहा है। लोग बेचैन हैं। स्थानीय निवासी संजय भुईयां, प्रकाश भुईयां, विरजू भुईयां, उर्मिला देवी, विकाश भुईयां, निर्मला देवी, गायत्री देवी, ज्योति देवी, नेहा देवी, आशा देवी, बिनोद भुईयां ने कहा कि करीब तीन साल पहले शुरू छोटी सी चिनगारी ने सबको बर्बाद कर दिया। लोग समझ नहीं सके कि धीरे धीरे यही आग उनके घरों तक पहुंच जाएगी। कहा कि रोज रात को यह सोचकर सोते हैं कि सुबह सही सलामत बचेंगे कि नहीं। ग्रामीणों ने कहा कि 70 साल से यहां रह रहे हैं। बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा हमलोग भुगत रहे हैं। कोई देखने वाला नही है। ग्रामीणों ने कहा कि यहां शीतला माता का मन्दिर है। उसकी दीवार भूधसान की चपेट में आकर गिर गई। आसपास के करीब 50 हरे भरे पेड़ सूख गए, या फिर आग से जल गए। पेड़ सूखने के कारण भी गर्मी महसूस होती है। बीसीसीएल के बाबुओं से अनुरोध है कि यहां सिर्फ एक दिन और एक रात गुजार कर के देखें। उन्हें हमारी तकलीफ का पता हो जायेगा। यहां के दर्जन भर से अधिक घरों में दरार है। किसी के घर से गैस भी निकल रही है। कहा कि बेहतर पुनर्वास के जरिये दूसरी जगहों पर बसाने की व्यवस्था हो, तभी यहां से हटेंगे, अन्यथा जान दे देंगे।

ज्ञात हो कि हो नौ जून 2021 में यहां यदुनंदन यादव के घर के पीछे हल्की गैस का रिसाव शुरू हुआ। करीब तीन साल में यह दायरा 600 फीट लंबा व 600 फीट चौड़ाई में फैल गया है। तीन साल में कई ऐसे लोग यहां से दूसरी जगह चले गए। उनके घर भूधसान की चपेट में आ चुके थे।

### एक नजर में

#### भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की आमसभा स्थल का एसएसपी ने किया निरीक्षण



**जोड़ापोखर।** धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में जेलगोड़ा मानस मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को होने वाली आमसभा की तैयारी का जायजा लेने धनबाद के एसएसपी पी जनार्दन बुधवार को सभास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण राय, मीडिया प्रभारी राजकुमार जैना उर्फ बाबू जैना से जानकारी प्रप्त की। उन्होंने मंच पर बैठने वाले 20 पदाधिकारियों की लिस्ट मांगी। भाजपा ने शाम तक लिस्ट जमा करने का वादा किया है। एसएसपी को जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने आश्वस्त किया कि कानून व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। इस मौके पर भाजपा के अनिल शर्मा, विवेक श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

#### बीएसके कॉलेज मैथन में लघु कथा लेखन और निबंध प्रतियोगिता



**मैथन।** बीएसके महाविद्यालय, मैथन में हिंदी विभाग द्वारा लघु कथा लेखन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। हिंदी विभाग के शिक्षकों ने बताया कि तत्कालीन विषयों पर विद्यार्थियों के मन की अभिव्यक्ति को शब्दों में ढालने के लिए यह आयोजन किया गया। विद्यार्थी जीवन की जितनी ऊर्जा है, वह सकारात्मक रूप से खर्च हो, इसके लिए इस तरह की प्रतियोगिता आवश्यक है। वर्तमान समाज में तकनीक के आने से लिखने की कला में कमी आई है। प्राचार्य डॉ डीपी सिंह ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। हिंदी विभाग की शिक्षिका डॉ संध्या गुप्ता, प्रो मनीला समद और प्रो नितिशा खलखो ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई।

#### फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, बंगाल से मिल रहे चक्रवात के संकेत



**धनबाद।** मौसम साफ होने के साथ ही एक बार फिर धूप लोगों को परेशान करने लगी है। बुधवार को सुबह होने के साथ ही धूम कड़ी होने लगी। दोपहर तक धूप चुभने लगी। लोग गर्मी से परेशान रहे। मौसम विभाग ने आज अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया। मौसम विभाग की मानें तो तापमान में अभी बढ़ोतरी का दौर जारी रहेगा। अधिकतम के साथ ही न्यूनतम तापमान भी बढ़ेगा। आने वाले चार दिनों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि 20 मई से मौसम में बदलाव हो सकता है। पूर्वी झारखंड से सटे बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण बना है। आने वाले दिनों में इसका असर दिखेगा। 20 से बादल आ सकते हैं। इस दौरान बारिश के आसार बन रहे हैं। यह परिसंचरण 24 मई को चक्रवात में बदल जाएगा। 25 मई की शाम के बाद यह बांग्लादेश व पश्चिम बंगाल क्षेत्र में प्रवेश कर सकता है, हालांकि अब तक यह साफ नहीं है कि तूफान कितना तेज होगा। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बन रहा है, जो मई के अंत तक बंगाल और बांग्लादेश के तट से टकरा सकता है।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को किया सम्मानित



**समारोह में मौजूद महिलाओं से वोट देने की अपील**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बेकार बांध स्थित मालती रेजिडेंसी में बुधवार को छोटू सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी शिवानी सिंह ने सम्मान समारोह आयोजित कर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। समारोह में बेकार बांध एवं आसपास की सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। अनुपमा सिंह ने समारोह में उपस्थित लोगों से 25 मई को लोकसभा के चुनाव में सपरिवार अपना बहुमूल्य वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार एवं हक, गरीबों के उत्थान और धनबाद का सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें क्रमांक संख्या एक पर वोट करें। छोटू सिंह ने कहा कि धनबाद की जनता भारी तादाद में अनुपमा सिंह को वोट डालकर जिताएगी और धनबाद का कायाकल्प करेगी।

सम्मान समारोह में से अर्चना झा, निकिता रुइया, पूनम महतो, रुकमणी, पूजा झा, उमा देवी, उषा देवी, रिंकी कुमारी, सबिता कुमारी, अशोक कुमार पाठक, रंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## धनबाद रेल मंडल ने कई स्टेशनों पर चलाया टिकट चेकिंग अभियान

### जुर्माना में वसूले गए 12 लाख 43 हजार 470 रुपये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद रे मंडल के विभिन्न खंडों में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 2000 यात्रियों को पकड़ा गया। उनमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले, बिना बुक किए गए सामान के साथ यात्रा कर रहे लोग शामिल थे। उनसे 12 लाख 43 हजार 470 रुपये जुर्माना के रूप में वसूले गए और कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 164 कर्मियों को लगाया गया था।

मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर अभियान चलाया गया। इस तरह का अभियान आगे भी लगातार चलाया जाता रहेगा। अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं उन्हें टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है।

## मैथन-धनबाद जलापूर्ति की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, हजारों लीटर पानी बर्बाद

**मैथन।** निरसा क्षेत्र के हरियाजाम मोदी धौड़ा के समीप मैथन धनबाद जलापूर्ति योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे लाखों गैलन पानी सड़क पर बर्बाद हो रहा है। स्थानीय लोगों ने पीएचईडी विभाग को सूचना दे दी है। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से लगभग 50 फीट की ऊंचाई तक पानी फव्वारे के रूप में नीचे गिर रहा था। लगभग 2 बजे दिन में कुछ कर्मियों ने क्षतिग्रस्त पाइप में लकड़ी की कील ठोंक दी और चले गए हैं। हालांकि क्षतिग्रस्त पाइप के पास से पानी का रिसाव जारी है। समीप ही एफसीआई का गोदाम है। यदि जल्द ही पाइप को दुरुस्त नहीं किया गया तो गोदाम को भी क्षति पहुंच सकती है तथा उसमें रखे अनाज को नुकसान हो सकता है। जानकारी के अनुसार पहले ही क्षतिग्रस्त पाइप से पानी का रिसाव हो रहा था। बुधवार की सुबह अचानक फव्वारे के रूप में पानी निकलने लगा।

## सविमं सिंदरी के शिक्षक टोलियों में करेंगे मतदाताओं को जागरूक



**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में मतदाता जागरुकता अभियान चलाने को लेकर बुधवार को आरएसएस प्रांत कार्यवाह संजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सिंदरी की 8 बस्तियों में मतदाता जागरुकता चलाने के लिए टोली का निर्माण किया। 20 मई को छात्र छात्राओं के साथ अभियान निमित्त रैली निकालने की योजना बनाई गई। प्रबंध समिति सचिव शशि भूषण कुमार गुप्ता ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना, अपने गांव, शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित करने को कहा। कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रह जाए। कहा कि मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि अपने दोस्तों और परिवार के साथ मतदान के महत्व के बारे में बात करें और सभी पंजीकरण करने और मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## कांग्रेसियों ने महागठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में मांगा वोट



**कतरास।** कतरास मस्जिद पट्टी में बुधवार को महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, गिरिडीह,धनबाद लोकसभा महागठबंधन के प्रभारी से शेख गुड्डु ने नुक्कड़ सभा कर महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि भाजपा के शासन में पूंजीपतियों का ऋण माफ किया गया है, वहीं किसान और मजदूर बेहाल रहे हैं। शेख गुड्डु ने कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी के 5 वर्षों के कार्य काल में न नाली और न ही सड़क का निर्माण हुआ है। 5 वर्षों तक क्षेत्र से गायब रहे। गिरिडीह, धनबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी बनाए जाने पर पर गुड्डु का अभिनंदन किया गया। मौके पर कांग्रेस नेत्री ज्योति प्रसाद, शेख डब्ल्यू, शंकर पासवान, शेख रहमान, मो महफूज, मो शमी, रामविलास पासवान, मो जियाउल हक, मो राजू, मो इनाम अंसारी, हैदर अली, टीपू आलम, मो ख्वाजामुद्दीन आदि मौजूद थे।

## असम के मुख्यमंत्री ने चिरकुंडा में जनसभा को किया संबोधित, कहा

# ढुल्लू को विजयी बनायें तो बहेगी विकास की गंगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कुमारधुबी:** धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वसरमा चिरकुंडा श्रम कल्याण केंद्र में विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे। धनबाद भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो,बीजेपी राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें बुके एवं अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया और जोर शोर से नारे भी लगाए। ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता, प्रभारी अंबिका खास्कू, सुरेश साव, तारा देवी, चंद्रशेखर सिंह, संजय सिंह सहित भाजपा के कई नेता मौजूद थे। झारखण्डी नृत्य से सभी अथितियों का स्वागत किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वसरमा ने कहां कि पहले हजारीबाग गया, फिर कोडरमा, परंतु यहां तो मोदी जी का सुनामी चल रहा है। कहा कि ढुल्लू महतो के जीतने के बाद धनबाद क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। झारखंड में हर चीज की व्यवस्था रहते हुए भी विकास नहीं हो पा रहा है। क्योंकि झारखंड के मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। झारखंड में कांग्रेस नेता के पीए घर से करोडों रुपये मिल रहे हैं। भ्रष्टाचारी और गलत कार्य शैली वाले ही ईडी की चपेट में हैं। झारखंड में कोयला, बालू एवं पत्थर की लूट मची हुई है, जिससे राज्य दिन पर दिन और गरीब होता जा रहा है।

उन्होंने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को 25 मई को भारी मतों से विजयी बनाने की भी अपील की। मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद के न्यूवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, उपाध्याय जयप्रकाश सिंह, ग्रामीण जिला मंत्री अनिल यादव, एगयारकुंड प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मोदी, चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष बापीसेंन गुप्ता, बापी चक्रवर्ती, काजल नाग, दीपा दास, तुलसी विश्वकर्मा, रंजीत पासवान, दारा बाउरी, संजय महतो, बुलन बाउरी, सहित भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजमहल पहाड़ मामले में एनजीटी का आया आदेश

## झारखंड प्रदुषण बोर्ड ने मांगा आठ सप्ताह का समय

**अगली सुनवाई 24 जुलाई को**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा ऐतिहासिक राजमहल पहाड़ को बचाने व संवर्धन को लेकर वर्ष 2017 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-23/2017 की बीते सोमवार को पीठ के जुडिशियल मेंबर न्यायमुर्ति बी.अमित स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डा. अरूण कुमार वर्मा ने सुनवाई की थी.सुनवाई पश्चात पीठ ने आदेश सुरक्षित रख लिया था.इस मामले में बुधवार को आदेश आया. आदेश में झारखंड राज्य प्रदुषण बोर्ड के अधिवक्ता कुमार अनुराग सिंह ने एनजीटी को बताया कि एनजीटी में बोर्ड द्वारा 11 मार्च को दाखिल हलफनामा के आलोक में 203 पत्थर कारोबारियों के खिलाफ लगाएं गए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति मुआवजा में से 06 पत्थर कारोबारियों ने 01,36,91,407.00 रुपए एक करोड़ छत्तीस लाख निन्यानवे हजार चार सौ सात रुपए जमा कर दिया है तथा 08 पत्थर कारोबारियों ने 01, 22, 96, 874.00 रुपए एक करोड़ बाइस लाख छियानवे हजार आठ सौ चौहत्तर रुपए जमा कर दिया है.इसी प्रकार 72 पत्थर कारोबारियों के पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति मुआवजा को संशोधित करते हुए 07, 58, 31,718.00 रुपए सात करोड़ अठाइस लाख इकतीस हजार सात सौ अठारह रुपए जमा करने के लिए पत्र निर्गत किया गया है और 33 पत्थर कारोबारियों द्वारा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति मुआवजा में संशोधित करने के लिए आवेदन को रद्द करते हुए 25, 64,49,218.00 रुपए पच्चीस करोड़ चौसठ लाख उनचास हजार दो सौ अठारह रुपए जमा करने के लिए बोर्ड द्वारा पत्र निर्गत कर पंद्रह दिनों के भीतर उक्त राशि को जमा करने को कहा गया है। झारखंड प्रदुषण बोर्ड के द्वारा जिलें के 203 पत्थर कारोबारियों पर करीब एक अरब का लगाएं गये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति मुआवजा का नया हलफनामा के माध्यम से फ्रेश जानकारी देने के लिए एनजीटी से आठ सप्ताह का समय देने का आग्रह किया जिसे एनजीटी ने स्वीकार करते हुए बोर्ड को आठ सप्ताह का अतिरिक्त समय देते हुए इस मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को निर्धारित की है। अब सभी की नजरें अगली सुनवाई तिथि पर टिक गयी है।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में करायें चुनाव : सामान्य प्रेक्षक डॉ एस नटराजन



बैठक करते सामान्य प्रेक्षक व निर्वाचन पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ एस. नटराजन, पुलिस प्रेक्षक सुधीर कुमार रेड्डी की उपस्थिति में सभी कोषांग के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। सामान्य प्रेक्षक डॉ एस नटराजन ने बैठक में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन की तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि लोकसभा चुनाव को त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए सभी पोलिंग पदाधिकारी को बेहतरीन प्रशिक्षण दें। इवीएम पर बारंबार हैंड्स ऑन ट्रेनिंग करायें। प्रशिक्षण के बाद उनकी परीक्षा लें। जिला निवार्ची पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने विधानसभावार एआरओ, एइआरओ की जानकारी दी। वहीं स्टैटिक सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्क्वायड टीम, वीडियो सर्विलांस टीम,उत्पाद विभाग ने की गई कार्रवाई की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई, फोर्स ट्रांसपोर्टेशन सहित अन्य विषयों की जानकारी दी। जिला निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र 1891 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं निश्चित रूप से उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित कर लें। बजली, पानी, शौचालय, रैंप सहित अन्य जरूरी व्यवस्था निश्चित रूप से सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित करें। जिला निवार्ची पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि हर घर तक वोटर डिस्ट्रीब्यूशन स्लीप बीएलओ के माध्यम से पहुंचाया जाये। अभियान के रूप में वोटर स्लीप हर घर तक पहुंचाया जाये। इस दौरान उन्होंने एपिक कार्ड के वितरण की भी समीक्षा की।

## एक नजर में

### पुलिस अधीक्षक ने किया पोडैया हाट प्रखंड के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण



गोड्डा। बुधवार को पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के ग्राम–द्रोपद, सिकरी, नवडीहा, महुंआटाड़ एवं लतादिकवानी में बूथ/भवन एवं बलों के आवासन हेतु चिन्हित भवनों का भौतिक सत्यापन किया। ग्रामीण क्षेत्र में सभी मतदाताओं से संवाद स्थापित कर बिना किसी भय /लालच के मतदान करने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्र में निष्पक्ष शांतिपूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गोड्डा का ये प्रयास सराहनीय है।

### साहिबगंज : मतदान दल का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न

साहिबगंज। राजमहाल लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रुप से संपन्न कराने के निमित समाहरणालय के एनआईसी कार्यालय कक्ष में समान्य प्रेक्षक सौरभ पहाडी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान दल में प्रतिनियुक्त पठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय एवं मतदान अधिकारी तृतीय का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

### तेनुघाट अधिवक्ता संघ ने दिवंगत शैलेन्द्र प्रसाद सिंह के परिजनों को पहुंचाया आर्थिक मदद



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट अधिवक्ता संघ द्वारा 15 मई को अपने दिवंगत अधिवक्ता के निधन के बाद उनके परिजनों को आर्थिक सहयोग किया गया। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता संघ तेनुघाट के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं महासचिव वकील प्रसाद महतो ने संघ के सदस्य शैलेन्द्र प्रसाद सिंह के निधन पर उनकी धर्म पत्नी उषा सिंह को आर्थिक सहयोग राशि सौंपा। मालूम हो कि, तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्य दिवंगत शैलेन्द्र प्रसाद सिंह का निधन बीते चार मार्च को हो गया था। मगर तब अधिवक्ता संघ के द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहयोग राशि दिवंगत सिंह की पत्नी के तेनुघाट में नहीं रहने के कारण नहीं दिया जा सका था। जिसे 15 मई को दिवंगत की धर्म पत्नी को सौंपा गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष मिश्रा तथा महासचिव महतो ने बताया कि अधिवक्ता संघ के द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि आज दे दिया गया है। साथ ही होली महोत्सव पर दिया जाने वाला लाभांश भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बताया कि बार काउंसिल द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि भी जल्द ही दिवंगत की पत्नी को दिया जाएगा। मालूम हो कि दिवंगत शैलेन्द्र प्रसाद सिंह वर्ष 1997 से तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में वकालत शुरू की थी। सहयोग देते समय अधिवक्ता प्रताप कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, राकेश कुमार, प्रसेनजीत चटर्जी सहित अधिवक्ता संघ के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

### निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू का कथारा क्षेत्र मे दौरा



बेरमो/कथारा। बीते देर शाम को गिरिडीह लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू निषाद ने कथारा चार नंबर में चुनावी जनसंपर्क चलाया इस मौके पर पप्पू निषाद कथारा चार नंबर मंदिर परगना में माथा ठेके और वहां के लोगों ने उन्हें मां का चुनरी देकर सम्मानित किया इस मौके पर निषाद ने कहा कि मेरा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा गिरिडीह लोकसभा से बेरोजगारी को हटाना है। इस मौके पर विनय दास लकी सिंह कुंदन चौहान राहुल चौहान दीपक कुमार अनूप कुमार सूरज चौहान सुजीत कुमार ऋषि मिश्रा अखिल मिश्रा छोटन केवट अनिल केवट के अलावा अनेक लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### गोड्डा : दो देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार



गोड्डा। बुधवार को गोड्डा जिला अंतर्गत मेहरमा थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर संजय रविदास पिता वशिष्ठ रविदास उम्र 37 वर्ष ग्राम डी वोय थाना मेहरमा जिला गोड्डा के घर छापा मार कर गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशान दही पर उसके घर के छज्जे से दो देशी कट्टा बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी नितिन अश्विनी के साथ खालिद अहमद खान छापेमारी में शामिल थे। मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विश्व हाइपर टेंशन दिवस पर व्याख्यान देंगे एसकेएमयू के डॉ विनोद



दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफिसर सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रण किया गया है। डॉ शर्मा 17 मई विश्व हाइपर टेंशन दिवस पर डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश में एक संसाधन सेवी के रुप में व्याख्यान देंगे। डॉ शर्मा ह्लसाइकोलॉजिकल एस्पैक्ट ऑफ हाइपर टेंशन एंड मेंटल डिसऑर्डरह्व विषय पर व्याख्यान देगें। यह ऑनलाइन कार्यक्रम होगा। जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, रिसर्च स्कॉलर व स्टूडेंट्स की भागीदारी होगी। डॉ शर्मा इससे पूर्व कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार में रिसोर्स पर्सन के रुप में अपनी उपस्थित दर्ज करा चुके है। डॉ शर्मा ख्याति प्राप्त शिक्षक हैं। जिनका प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में करीब 30 से अधिक पेपर एवं 5 रिसर्च व पाठ्यक्रम आधारित पुस्तक का भी प्रकाशन हो चुकी है। वह यूजीसी व एसएसआर से एक–एक माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट भी कर चुके है। डॉ शर्मा को कई संस्थानों से सम्मान भी प्राप्त कर चुके है। फिलवक्त वो स्टेट स्पॉन्सर्ड प्रोजेक्ट पाथवेज एंड मेथड ऑफ मेंटल हेल्थ केयरह्व पर काम कर रहे है।

# मतदानकर्मियों के लिये जरूरी व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित : विजया जाधव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों को अंतिम प्रशिक्षण क्रमशः सेक्टर टू सी स्थित बीआइएसएसएस एवं टू डी स्थित बीएसएल प्लस टू हाई स्कूल में दिया गया। निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के निर्देश पर सभी कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारी द्वारा विषय वार महत्वपूर्ण बातों से मतदान कर्मियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में कोयला क्षेत्र के डीआइजी सुरेंद्र झा मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी से प्रशिक्षण में दी गई जानकारी का संक्षिप्त ब्यौरा लिया। आगे विधि-व्यवस्था को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला। पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि प्रशासन भयमुक्त निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। इसमें आप सबों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने गोमिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान ड्यूटी पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को पुलिस/सुरक्षा जवानों की देख-रेख में मतदान केंद्र पर जाने एवं उनके द्वारा दिए निर्देशों का अनुपालन करने का आदेश दिया। उन्होंने सभी कर्मियों को 24 मई को डिस्पैच सेंटर से ससमय पार्टी मिलान कर अपने मतदान केंद्रों तक प्रस्थान करने की बात कहीं। मौके पर बोकारो के पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश भी उपस्थित थे। मौके पर श्रीमती जाधव ने कहा कि मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए सभी जरूरी व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। कर्मियों की सुविधा का ख्याल रखा गया है। जिले में 23 महिला मतदान केंद्र एवं 37 पर्दानशी मतदान केंद्र हैं। उन्होंने ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के संबंध में भी कार्यक्रम की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में हीट वेब/स्वास्थ्य/मेडिकल कीट आदि के संबंध में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार सामग्री के संबंध में श्वेता गुड़िया डिस्पैच सेंटर में रिपोर्टिंग के संबंध में पंकज दूबे वाहन एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में डीटीओ वंदना शेजवलकर वेबकास्टिंग के संबंध में शैलेंद्र गोमिया के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने महत्वपूर्ण बातों के साथ रिसीविंग के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों के कवरेज के संबंध में अविनाश कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सौरव कुमार भुवानिया उपस्थित थे। मौके पर संबंधित मतदान कर्मी जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता के तहत दिलाई गयी मतदान की प्रतिज्ञा

बोकारो। जिला प्रशासन की ओर से नगर के सेक्टर 5 स्थित पुस्तकालय मैदान में मतदाता जागरूकता समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीडीसी संदीप कुमार, निदेशक डीपीएलआर मेनका नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग प्रभास दत्ता सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे। स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता जागरूकता समागम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रखंडों से कर्मी काफी संख्या में शहरवासी आदि शामिल हुए। मौके पर डीडीसी संदीप कुमार ने कहा कि 25 मई को हम सभी स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### अम्बिका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी सम्मानित



**बोकारो।** जैनामोड़ अम्बिका पब्लिक स्कूल में एक समारोह आयोजित कर 10 वीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल आये विद्यार्थियों को निदेशक दिनेश सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य विजय सौरभ ने बताया कि स्कूल का छात्र सुशील गुप्ता ने 90 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने घर के साथ साथ स्कूल परिवार का नाम रौशन किया है। आकाशी बरनवाल राजकुमार स्वीटी, प्राची सोनी तानिसा सिंह लक्ष्मी मेहता आदि को स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्नेह आशीर्वाद दिए।

# डॉ निशिकांत के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** लोक सभा भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे के समर्थन में भाजपा ग्रामीण मंडल के अंजनी झा अपने समर्थकों के साथ लगातार चुनाव प्रचार अभियान चला रहे हैं। उसी क्रम में गोड्डा प्रखंड के डोडरी, रमला, डिकवानी पडर रमला, सिकटियां का दौरा कर जनसंपर्क किया। ग्रामवासी जनार्दन लेय्या व प्रमोद लय्या ने कहा कि मोदी जी ने बहुत कुछ हम गरीबों को दिया हर घर में अनाज, प्रधानमन्त्री आवास और बहुत सुविधा मिल रहा है हम सब मोदी जी साथ हैं वही डोडरी में शिवनंदन मंडल, पपूस मंडल धर्मेंद्र कुमार मंडल हरिराम मांझी एवं अन्य ने यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ गोड्डा लोकसभा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के विकास को प्राथमिकता देते हुए बताया कि गोड्डा में आजादी के बाद से विकास अगर देखने को मिला तो विकास पुरुष डॉ निशिकांत दुबे के कार्यकाल में ही हम सभी विकास पुरूष के साथ साथ हैं, साथ में चल रहे प्रखंड मंत्री मनोज कुमार साह, वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता जीतन यादव, वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता मनोज कुमार गुप्ता।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**RC/141/2023**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

**BANK OF INDIA**
Versus
**SAMRIDHI ENTERPRISES**

To
**(CD1)SAMRIDHI ENTERPRISES**
PROP RAHUL RANJAN SON OF
PRAVESH KUMAR MISHRA VILL OPA
PO SOS PS CHANHO RANCHI - 835214
**(CD2)**RAHUL RANJAN
SON OF PRAVESH KUMAR MISHRA AT
VILL OPA PO SOS PS CHANHO
RANCHI - 835214

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/251/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 1024665.00 (Rupees Ten Lakhs Twenty Four Thousands Six Hundred Sixty Five Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **25/07/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **25/04/2024.**

**Recovery Officer**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI**



**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**O.A. No. 89 of 2024**

BETWEEN
**BANK OF INDIA, CHAKULIA BR., EAST SINGHBHUM ....APPLICANT BANK**
VS.
**M/S SHREE GOPAL CHEMICALS & OTHERS .............DEFENDANTS**

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | M/S SHREE GOPAL CHEMICALS PROP: SMT. RUBI MAHATO W/O RAJESH KUMAR MAHATO | AT - KANKRISHOLE, P.O. & P.S. - CHAKULIA, DIST.- EAST SINGHBHUM 832301 |
| 2. | SMT. RUBI MAHATO W/O RAJESH KUMAR MAHATO | R/O VILLAGE - BALIBANDH P.O. & P.S. - CHAKULIA, DIST. - EAST SINGHBHUM 832301 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 24,68,327.00/- (Rupees Twenty Four Lakhs Sixty Eight Thousand Three Hundred Twenty Seven Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 12th day of June, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **16th day of April, 2024.**

**D.K. MAHATO**
**REGISTRAR**



**Format C-1**

*( for candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate **KRISHNA NAND TRIPATHI**

Name of political party **INDIAN NATIONAL CONGRESS**
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election **LOKSABHA 2024**

*Name of Constituency **04-CHATRA**

I **KRISHNA NAND TRIPATHI** ____ (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu | GR-2659/21 FIR N.-94/2017 Dated-30-11-2019 | Appearance | IPC-342, 143, 188 |
| 2. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-448/20 FIR N.-307/2019 Dated-30-11-2019 | Evidence | IPC-188 |
| 3. | JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu | GR-2682/20 FIR N.-482/2009 Dated-07-12-2021 | Evidence | IPC-188, 288 |
| 4. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-645/20 FIR N.-306/2019 Dated-30-11-2019 | Evidence | IPC-147, 148, 149, 323, 324, 427 |
| 5. | JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu | GR-2675/21 FIR N.-494/2009 Dated-02-12-2009 | Evidence | IPC-188, 171H |
| 6. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-1984/18 FIR N.-346/2018 Dated-20-10-2018 | Hearing | IPC-420, 379 |
| 7. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-408/19 FIR N.-1970/2019 Dated-01-03-2019 | Appearance | IPC-419, 420, 467, 468, 471, 34, 120B, 147, 504 |
| 8. | Judicial Magistrate, Bokaro | FIR N.-209/23, Dated-24-06-2023 | | IPC-147, 148, 323, 324 |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Not Applicable | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.


# बोकारो : सेल ने विकास की संस्कृति के लिए शुरू की प्रगतिशील मानव संसाधन की पहल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सेल ने कार्यस्थल के अलावा अन्य स्थानों से काम करने की नीति आरम्भ की जिसे सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने लॉन्च किया है। इस नीति के अंतर्गत कर्मचारी को निर्धारित स्वविकास गतिविधि करने पर कार्यस्थल के अलावा अन्य जगह से काम करने की अनुमति दी जाएगी।

इस अवसर पर सेल अध्यक्ष ने कहा कि ₹वॉओ नीति, जो सेल की एक अनूठी पहल है, का उद्देश्य हमारे कर्मचारियों को निर्दिष्ट कार्य स्थल से दूर रहते हुए अधिक रणनीतिक भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करने और अपने पेशेवर विकास और स्वस्थ वर्क लाइफ बैलेंस में निवेश करने में सक्षम बनाना है।₹ सेल के निदेशक कार्मिक केके सिंह ने कहा कि सेल बेहतर कर्मचारी प्रेरणा और जुड़ाव के लिए लगातार नए युग की कई मानव संसाधन पहल शुरू कर रहा है। वॉओ नीति की शुरूआत इस दिशा में एक ऐसा ही कदम है।' इसके अलावा, सेल ने बड़ी संख्या में अपने कर्मचारियों को विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान के आधार को बढ़ाने के लिए स्व-गति से सीखने की सुविधा प्रदान करने के लिए लिंक्डइन लर्निंग हब के साथ भी सहयोग किया है। लिंक्डइन के साथ इस साझेदारी का उद्देश्य अपने कार्यबल का निरंतर व्यावसायिक विकास करना है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सेल को हाल ही में ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट भारत द्वारा दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के रूप में प्रमाणित किया गया है।

## भाजपा को बहुमत?

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के चुनाव प्रचार में कहा कि पूरे देश से इनपुट आ रहे हैं कि भाजपा जा रही है और इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। वहीं भाजपा की ओर से गृहमंत्री अमित शाह ने चार चरणों के चुनाव के बाद भाजपा के बहुमत की घोषणा कर दी। वैसे चुनाव पूर्व से ही पीएम मोदी ने जिस प्रकार 400 पार का नारा देकर अपने दल और विचारधारा के लोगों को आत्मविश्वास से भर दिया उसके काट में कांग्रेस कुछ नहीं कर पायी। कांग्रेस के राहुल गांधी सहित शीर्ष नेता मोदी के 400 पार के नारे में इस प्रकार उलझ कर रह गये कि अब तक की चुनाव में वे बता नहीं पा रहें हैं कि कांग्रेस को कितना सीट आने की संभावना है। कांग्रेस सबसे अधिक 400 पार के नारे से घबड़ाई हुई है जो कि मोदी की सधी चाल का नतीजा है। कोई भी दल अपने टारगेट कम से कम 50 सीट बढ़ाकर तो रख ही सकता है। लेकिन कांग्रेस की दुर्दशा यह है कि उसके सीट दोगुनी कर दी जाए तो भी 100 के आस-पास होती है। देश के चुनावी इतिहास में पीएम मोदी की इस बात के लिये प्रशंसा की जानी चाहिए कि उन्होंने अपने चुनावी एजेंडा को इस प्रकार सेट किया जिसके सामने इंडी गठबंधन कहीं भी टिक नहीं पा रहा है। शेष बचे तीन चरणों का चुनाव तो उन राज्यों में होने जा रहें हैं जिनमें भाजपा की सफलता का औसत बेतहर है। एक लंबे चुनाव में इंडीगठबंधन कही भी एक साथ संघर्ष करता नहीं दखा। क्षेत्रिय नेताओं पर पीएम मोदी का इतना दबाव है कि वे अपने राज्यों में ही अपनी स्थिति को लेकर बैचेन हैं। राजग के पास स्पष्ट नीति और मोदी के रुप में स्वीकार्य नेता है जबकि इंडी गठबंधन के पास न तो नीति है और न उन्होंने राहुल गांधी को अपना नेता घोषित किया है। ऐसे में भाजपा को बहुमत पाने की शाह की घोषणा में दम लगता है।

## श्रम कानून

दरअसल, तर्क है कि सरकार न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ी है। तर्क है कि कानून श्रमिकों की पेशागत सुरक्षा को प्राथमिकता देती है जो काम करने का बेहतर वातावरण बनाने और आर्थिक विकास को गति देने का कार्य करेंगे। साथ ही सुधार कारोबारी सुगमता को सुनिश्चित करेंगे। तर्क यह भी है कि इससे लालफीताशाही और इंस्पेक्टरी राज पर अंकुश लगेगा। ये सुधार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेंगे और भविष्य निधि संगठन तथा कर्मचारी राज्य निगम के दायरे का विस्तार करके श्रमिकों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे। कहा जा रहा है कि देश के संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इससे कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। अब सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। उनका वेतन डिजिटल माध्यम से भुगतान करना होगा। साल भर में श्रमिकों का हेल्थचेकअप करना भी अनिवार्य किया गया । सरकार का कहना है कि वह प्रवासी श्रमिकों का डेटा बैंक तैयार कर रही है तथा व्यवस्था की जा रही है कि प्रवासी मजदूरों को मूल निवास जाने के लिये साल में एक बार यात्रा भत्ता दिया जाये। पहले किसी कंपनी में दुर्घटना होने पर जुमार्ने की जो राशि सरकार के खाते में जाती थी, अब नये कानून में जुमार्ने की आधी राशि पीड़ित को देने की बात कही गई है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और कई श्रमिक संगठन इन सुधारों का विरोध कर रहे हैं। भारतीय मजदूर संघ ने भी कानून बनाने में जल्दी करने पर सवाल उठाये हैं। लेकिन सुधारों का प्रभाव और समय को लेकर भले हम आलोचना करें लेकिन इन नीतियों के प्रभाव हमें अगले वित्तीय वर्ष में ही देखने को मिलेंगे। देश में निजी क्षेत्र के बढ़ते प्रभाव और श्रमिक-नियोक्ता तनाव के बीच यह कानून व्यापकता लिये हुये है लेकिन के क्रियान्वयन का मूल्यांकन अभी शेष है।

# सबकी भागीदारी , ज़िम्मेदारी के साथ शासन

जनता द्वारा, जनता का और जनता के लिए शासन के महास्वप्न को साथ लेकर लोकतंत्र की शासन-विधा आधुनिक युग में सबसे प्रबुद्ध, व्यावहारिक और विवेकशील सरकार चलाने की पद्धति के रूप में स्वीकार की गई है। उत्तर कोरिया और चीन जैसे देश जरूर इसके अपवाद हैं जहाँ भिन्न कि स्म की शासन-व्यवस्थाएँ हैं। यह भी सही है कि जिन देशों में लोकतंत्र है सभी एक जैसे नहीं हैं। राजतंत्र और सैन्य हस्तक्षेप के विविध रूप ऐसे अनेक देशों में मिलते हैं जहां स्वतंत्रता पर पहरा है, अन्याय और असमानता है। इन भेदों के बावजूद लोकतंत्र की व्यवस्था में जनता के चुने प्रतिनिधि या सीधे जनता से चुने लोगों को शासन सँभालने की ज़िम्मेदारी सौंपी जाती है। इसके मूल में ‛सर्वे भवन्तु सुखिनः’ का ही आदर्श सक्रिय है। सबकी भागीदारी के लिए अवसर देना, ज़िम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ शासन चलाना, शांति और समानता के सिद्धान्तों को जमीनी हक ीकत बनाने के साथ प्रतिबद्धता लोकतंत्र की जान होती है। यह सब लोकतंत्र को मानवता की वैचारिक प्रगति के इतिहास में एक खास उपलब्धि बना देता है। आज के अधिकांश विकसित देशों की कहानी में वहाँ के दर्दभरे खौफनाक अतीत की स्मृति आज भी लोगों को टीसती रहती है। लोकतंत्र की क ीमत अब उन्हें भलीभाँति मालूम है। लोकतंत्र की सफलता के लिए जरूरी है कि जनता से शासन करने के लिए मिली शक्ति की स्वीकार्यता और ठीक-ठीक पहचान बनी रहे । यह भी जरूरी है कि शासन में सत्ता का वितरण विकेंद्रित हो और जनता से सलाह-मशविरा भी लगातार होता रहे। इसमें नियमित रूप से जाँच और संतुलन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। चुनाव में मतदान से इसकी शुरूआत होती है, इसलिए नियमपूर्वक और समय से चुनाव होने चाहिए। नियमों और कानूनों का पालन होना चाहिए तथा कानून को ही सर्वोपरि माना जाना चाहिए। जरूरी यह भी है कि देश के नागरिकों के सभी मौलिक मानव अधिकारों की सुरक्षा अक्षत बनी रहे । इस सिलसिले में जीवन की, बोलने की, अभिव्यक्ति की और स्वच्छंद घूमने-फिरने की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखना सरकार का बड़ा महत्वपूर्ण दायित्व बनता है। अब इस सूची में सिविल सोसाइटी और गैर सरकारी संस्थाएँ (एनजीओ) की व्यवस्थाएँ भी जुड़ गई हैं।

अक्सर कहा जाता है कि लोकतांत्रिक शासन के संचालन की दृष्टि से न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और मीडिया चार प्रमुख आधार-स्तंभ का काम करते हैं। इनकी संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता अखंड बनी रहनी चाहिए। इसी तरह समानता, समता और बंधुत्व के सिद्धांत भी व्यापक संदर्भ का काम करते हैं जिससे अनुप्राणित हो कर ही नियम कानून बनाते हैं और उनका अनुपालन किया जाना चाहिए। सरकार एक जीवन-शैली जैसा उपाय है जो देश और समाज के स्वस्थ विकास के लिए प्रयुक्त होता है। गौर से देखें तो लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने को सुनिश्चित करने में हर स्तर पर समाज की अधिकाधिक जन-भागीदारी होनी चाहिए। वह प्राण-वायु की तरह होती है, यदि वह अवरुद्ध हो जाय या उसके साथ अवांछित छेड़खानी हो तो लोकतंत्र और देश का स्वास्थ्य खराब हो जाएगा।






-गिरिश्वर मिश्र

> यदि सन 1947 में स्वतंत्रता के बाद के देश की लोकतांत्रिक यात्रा पर निगाह डालें और इतिहास पर गौर करें तो कुछ तथ्य ध्यान आकृष्ट करते हैं। देश के संविधान में पहला संशोधन पंडित नेहरू के नेतृत्व में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए 1950 में किया गया । भारत के संविधान में शायद कुल 80 संशोधन कांग्रेस के कार्यकाल में किए गए ।

यदि सन 1947 में स्वतंत्रता के बाद के देश की लोकतांत्रिक यात्रा पर निगाह डालें और इतिहास पर गौर करें तो कुछ तथ्य ध्यान आकृष्ट करते हैं। देश के संविधान में पहला संशोधन पंडित नेहरू के नेतृत्व में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए 1950 में किया गया । भारत के संविधान में शायद कुल 80 संशोधन कांग्रेस के कार्यकाल में किए गए । देश ने यह भी देखा कि संविधान की उद्देशिका (प्रियम्बिल) में ही बदलाव लाने का भी अभूतपूर्व कार्य किया गया। जैसा कि सर्वविदित है देश में लोकतंत्र को स्थगित कर आपात काल (इमरजेंसी) लगाना और संविधान को निरस्त करना निश्चय ही लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा कार्य था। वह भी कांग्रेस की ही पहल थी। अनेक प्रदेश की सरकारों को उठाने-गिराने का खेल भी चलता रहा। धारा 370 को लेकर भी कांगेस ने जिस मनोवृत्ति का प्रदर्शन किया वह संविधान की प्रतिष्ठा के अनुकूल न था। पिछले कांग्रेसी शासन में घोटालों की धूम मच रही थी और लगातार तुष्टीकरण पर जोर दिया जाता रहा ताकि वोट बैंक को साधा जा सके । अब धर्म को आधार लेकर आरक्षण की बात और विभिन्न वर्गों को मुफ़्त की खैरात बाँटने और कर्जमाफी के प्रस्तावों के साथ जो बेहिसाब उद्घोषणाएँ हो रही हैं उनका कोई वित्तीय आधार नहीं दिखता।

सरकार को पूरे देश के समग्र विकास के लिए सोचना होता है और इस दृष्टि से विपक्ष कोई विकल्प नहीं दे पा रहा सिवाय यह कहने के कि जो कुछ वर्तमान सरकार का कार्य है वह निरर्थक है। विपक्षी नेताओं की ओर से कोई व्याख्या और विकल्प किसी कोने से आता नहीं दिख रहा है। ऐसे में एक रोचक संयोग यह भी बन रहा है कि विदेशों के मीडिया में भारत की छवि को हेठा दिखाने का समानांतर प्रयास भी चालू है। भारत की विविधता की उपेक्षा और समावेश की कमी को लेकर प्रश्न उठाए जाते रहे हैं। अब एक दशक तक सत्ता में रहने के अनुभव और भाजपा के तीसरे कार्यकाल की संभावना देख चिंता बढ़ रही है। जनमत सर्वेक्षणों में बीजेपी के पक्ष में जनादेश का संकेत है। ऐसे में भारत के ‛लोकतांत्रिक पतन’ की पश्चिमी मीडिया की चिंताओं और विपक्षी कांग्रेस दल के विचार प्रमुखों पित्रोदा और ऐयर जैसे माननीयों के सुर एक जैसे हैं । अंग्रेजों से देश को विरासत में प्राप्त करने वाला अभिजात वर्ग हाशिए पर जा रहा है और वह प्रासंगिकता खोता जा रहा है। स्मरणीय है कि नेहरू-गांधी वंश और उसके विभिन्न उत्तराधिकारियों के प्रति वफादारी निभाते प्रमुख कांग्रेसी चिंतक श्री अय्यर ने, जो एक पूर्व राजनयिक थे, कभी मोदी को सुझाव दिया था कि उनको चाय बेचने वापस लौट जाना चाहिए । आम आदमी की साधारण पृष्ठभूमि का इस तरह का तिरस्कार करना घोर अहंकार की मानसिकता का ही पर्याय था जिसे देश ने नकार दिया।भारतीय भाषाओं और यहाँ की विविध संस्कृतियों और परम्पराओं को साथ लेकर चलते हुए अपने सामाजिक दृष्टिकोण में भाजपा समावेशी होने के लिए यत्न करती रही है।

### खास बात

## नारद : दिव्य पत्रकार

**योगेश गोयल**

तीनों लोकों में उन्मुक्त विचरण कर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने वाले देवर्षि और मुनियों के देवता नारद मुनि को ब्रह्मा जी के सात मानस पुत्रों में से एक माना गया है, जिन्हें अमरत्व का वरदान प्राप्त है। शास्त्रों के अनुसार नारद मुनि भगवान विष्णु की अनुकम्पा से प्रत्येक युग तथा तीनों लोकों में कहीं भी किसी भी समय प्रकट हो सकते हैं। उन्हें ब्रह्माण्ड का पहला ऐसा संदेशवाहक अर्थात? दिव्य पत्रकार माना जाता है, जो एक लोक से दूसरे लोक की परिक्रमा करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया करते थे। उनका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार भगवान तक पहुंचाना है। वे एक लोक से दूसरे लोक में भ्रमण करते हुए संवाद-संकलन का कार्य करते हैं। संवाद के माध्यम से वे तोड़ने का नहीं, बल्कि जोड़ने का कार्य करते हैं और पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरुष हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है। वे सार्थक संवादवाहक और प्रेरणास्रोत हैं।

मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात? देवर्षि नारद की पूजा की जाती है। वीणा की मधुर तान से भगवान विष्णु का गुणगान करने और सदैव नारायण-नारायण का जप करते हुए विचरण करने वाले नारद को महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव का गुरु माना जाता है। कुछ शास्त्रों में नारद मुनि को त्रिकालदर्शी और विष्णु का अवतार भी माना गया है। कुछ स्थानों पर उनका वर्णन बृहस्पति के शिष्य के रूप में भी मिलता है। धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए। मान्यता है कि देवर्षि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अम्बरीष, भक्त ध्रुव इत्यादि भगवान विष्णु के कई परम भक्तों को उपदेश देकर भक्ति मार्ग पर प्रवृत्त किया था। उन्होंने ही भृगु कन्या लक्ष्मी का विवाह भगवान विष्णु के साथ कराया। कई अत्याचारी महाराक्षसों द्वारा जनता के उत्पीड़न को रोका।

## स्वयं को जानना

### धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**जीवन** एक स्वांसों का खेल है। जब दिव्य शक्ति ने इस ब्रह्मांड का निर्माण किया तो वह ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं थी।

क्योंकि किसी ऐसी अन्य शक्ति की संभावना जो इसे बाध्य करे वह खुद ही दिव्यता की अवधारणा से संगत नहीं है। यह माना जा सकता है कि यह उसने अपने आनंद के लिए किया है। कोई भी आनंददायक गतिविधि को एक खेल या लीला माना जा सकता है। स्वांसों का यह खेल किस दिशा में जा रहा है?

खेल की शुरूआत दिव्यता के खुद को बहुत प्रभावी ढंग से पदार्थ में छिपा लेने में हुई। सर्वज्ञानी, सर्वशक्तिमान दिव्य शक्ति को मृत, अचेतन पदार्थ मानना बहुत कठिन है। तब दिव्य शक्ति ने पहले अपनी जीवनी शक्ति स्वांस और बाद में मन के माध्यम से अपनी रचना के स्वरूप उजागर करने शुरू किए। मानव की रचना के बाद यह खेल अधिक रोचक हो गया, क्योंकि अब ऐसा प्राणी था, जिसको अपनी पहचान का धुंधला सा एहसास है और वह उस दिव्यता की खोज करना चाहता है, जिसने खुद को उसी के भीतर ही छिपा रखा है।

अब वाकई यह खेल लुका-छिपी का हो गया - दिव्यता छिपती है और आदमी उसे खोजता है - आमतौर पर हर कहीं केवल वह जगह छोड़कर जहां उसे पाना सबसे आसान है अर्थात खुद के भीतर। सत्य तक पहुंचने के लिए मानव विश्वासपूर्वक जिस औजार पर भरोसा कर सकता है वह है तर्क शक्ति। लेकिन तर्क शक्ति पूर्ण सत्य का अचूक मार्गदर्शक नहीं है।

**भ्रष्टाचार** और नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार करूंगा। किसी भी हालत में जनता का पैसा लूटने वालों को सजा मिलेगी। यह मेरा सबसे बड़ा उदेश्य है कि आम लोगों के पैसे से आम लोगों का मेरे परिवारजनों का कल्याण हो।


**– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

### आपके ट्वीट

**भाजपा** की सरकार में सबका साथ सबका विकास के नारे को मुख्य धारा में रखकर ही कार्य किया है। सांस्कृतिक उत्थान भी इस विकास का एक हिस्सा जो राम मंदिर के रुप में सामने आया है।

**– आदित्यनाथ योगी**





**बिहार** के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी जी के असामयिक निधन की खबर से स्तब्ध हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें। अंतिम जोहार !

**– चंपई सोरेन सीएम**

# तपिश से बचाव को बनें नयी नीतियां जो कारगर हो

**दिनेश सी. शर्मा**

### सामयिक

हाल ही में देश के कई हिस्सों में तापमान रिकॉर्ड स्तर छू गया, खासकर उत्तर-पूरबी, मध्य और पूरबी भारत में। इस ताप लहर से कुछ जिलों में दिन का तापमान कई दफा 45 से 48 डिग्री के बीच रहा। उत्तर-पूरब और मध्य भारत में भीषण गर्मी कोई नई बात नहीं है लेकिन शुरूआती दिनों में ही मौसम का लंबे समय तक शुष्क बने रहना और तापमान में अप्रत्याशित भारी उछाल अनहोनी है। मानसून आने में अभी कुछ हफ्ते बाकी हैं, लिहाजा आगे भी देश में तीखी गर्मी और ताप-लहरें बनने का पूरा अंदेशा है।

गर्मी की रौद्रता से बिजली की मांग में भारी बढ़ोतरी हुई, उत्पादन में फर्क ने बहुत से सूबों में पॉवर कट के हालात पैदा कर दिए। इसके पीछे ताप बिजली घरों को कोयला आपूर्ति में कमी बताई जा रही है। जहां महानगरों में मांग के अनुसार कूलर, एयर कंडीशनर कम पड़ गए, वहीं छोटे शहरों-कस्बों में पानी की तंगी की खबरें चलीं। इस बार देखी गई अलग किस्म की गर्मी को पिछले सालों जैसी मानना ठीक नहीं होगा। चरम तापमान मानव स्वास्थ्य, पशु-पक्षी, कृषि और कारोबार के लिए भी घातक होता है। इससे निपटने के लिए एक ढांचागत कार्यक्रम नीति बनाने की जरूरत है।

पहले कदम में, विद्यमान और उभरती वैज्ञानिक सहमतियों के रूप में विज्ञान को स्वीकार करना होना चाहिए। पर्यावरण बदलाव पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) दुनिया के तमाम इलाकों में ताप लहरों की संख्या और तीव्रता में वृद्धि होने के अलावा ग्रीष्म ऋतु लंबी खिंचने एवं सर्दी छोटी होने के बारे में लगातार चेतावनी देता आया है। अगस्त 2021 में आईपीसीसी ने अपनी रिपोर्ट में चेताया था कि वैश्विक तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ने से बनी भीषण गर्मी की तीव्रता अक्सर मानवीय शरीर और कृषि की सहन योग्य क्षमता के आसपास बनी रहेगी। हालांकि तटीय क्षेत्रों के तापमान में वृद्धि इस कदर नहीं होगी लेकिन समुद्री जलधाराओं के तापमान में होते बदलावों से मानव और उसकी समुद्रीय आजीविका प्रभावित होंगे। सागरीय ताप-तंत्र में बदलावों के फलस्वरूप समुद्री जल की अम्लता बढ़ेगी और ऑक्सीजन स्तर घटेगा। आईपीसीसी की रिपोर्ट, जो असल में विभिन्न देशों में उपलब्ध सबूतों का संयुक्त प्रारूप है, इसमें चेताया गया है कि जिन शहरी इलाकों में पहले से ‛गर्म टापू’ सरीखे हालात रहते हैं वहां तापमान वृद्धि विकराल हो सकती है।

इंडियन नेटवर्क फॉर क्लाइमेट चेंज एसेस्मेंट के मुताबिक भूमि-सतह पर वायु तापमान के वार्षिक औसत में 1.7 से 2 डिग्री की वृद्धि होने पर भारत में ऊपर बताए सभी प्रभाव महसूस किए जाएंगे। मौसम अंतर से असर और ताप-चरमता सहित इसके अनेकानेक रूप अब एकदम साफ दिख रहे हैं। प्रत्येक ताप लहर के लिए जिम्मेवार पर्यावरण बदलावों को समझने के लिए हमें ‛कारण बोध विज्ञान’ विधा को और विकसित करना होगा, लेकिन आम चलन में तापमान तीव्रता और बढ़ती आवर्ति को मानव निर्मित बदलावों से जोड़ा जाता है।

दूसरा कदम, ताप-लहर के विपरीत प्रभावों का जोखिम जिस जनसंख्या को पहले है, उसकी शिनाख्त करनी है ताकि एहतियाती उपाय शुरू हो सकें। इस किस्म का आकलन पर्यावरणीय बदलावों को लेकर तैयार हो रही बृहद जोखिम आकलन रिपोर्ट का हिस्सा है। ताप लहरों की समस्या अब हकीकत है और मौजूदा समय में है, इसलिए सबसे ज्यादा प्रभावित सूबों और जिलों का ‛जोखिम आकलन अध्ययन’ तरजीह पर करने की जरूरत है। इसका मूल प्रारूप पहले से जारी रही कुछ परियोजनाओं जैसा ही है। उदाहरणार्थ, ओडिशा में आईआईपीसी द्वारा किए एक अध्ययन में पाया गया है कि मलिन बस्तियों में रहने वालों को जोखिम सबसे अधिक है।

### कार्टून वर्ल्ड

**बेहाल अभिव्यक्ति**




# आखिर दुष्कर्म को लेकर हम किस राह पर हैं?

### समाज

हाल में ही राजधानी रांची के कोकर इलाके से एक युवती को पार्टी के नाम पर बुला कर दुर्ष्कम किया गया। पता नहीं हमारे देश के युवा किस राह पर निकल पड़े हैं।इस देश को बचाने के लिए हम सभी को अपने अपने सोच को सकारात्मक बनान होगा।बलात्कार कभी छोटे कपड़ों से नहीं , बल्कि छोटी सोच की वजह से होता है। वो कहते हैं ना कि दृश्य तब तक अश्लील नहीं होते जब तक दृष्टि अश्लील ना हो। इस संसार की हर बेटी है प्यारी, चाहे वो हमारी हो या तुम्हारी । दुर्ष्कम के कारणों पर नजर डालते हैं।

पहला कारण- अनुच्छेद 72 में क्षमा याचना का प्रावधान होना

:- अपराध करने वाले जानते हैं कि हमें तुरंत सजा नहीं होगी । हम पकड़े जाएंगे, हम पर ट्रायल चलेगा, हम पर केस चलेगा, फिर हम अपील करेंगे, फिर हम हाईकोर्ट जाएंगे, फिर हम सुप्रीकोर्ट जाएंगे। इसके बाद इसी संविधान के अनुच्छेद 72 में मृत्यू के लिए क्षमा आचना कर सकते हैं। मतलब 10-20 साल तो जी सकते हैं ।

क्या किया जाए:- जरूरी है अलग से एक रेप कोर्ट का गठन किया जाए जहां सिर्फ इस मामले की सुनवाई हो।

दूसरा कारण- पुरुषों की मानसिक दुर्बलता/सामाजिक दबाव में कमी

-ईश्वर ने नर और नारी की शारीरिक संरचना भिन्न इसलिए बनाई कि यह संसार आगे बढ़ सके। परिवेश में घुलती अनैतिकता और बेशर्म आचरण ने पुरुषों के मानस में स्त्री को मात्र भोग्या ही निरूपित किया है। यह आज की बात नहीं है अपितु बरसों-बरस से चली आ रही एक लिजलिजी मानसिकता है जो दिन-प्रतिदिन फैलती जा रही है। स्त्री शरीर को लेकर बने सस्ते चुटकुलों से लेकर चौराहों पर होने वाली छिछोरी गपशप तक और इंटरनेट पर परोसे जाने वाले घटिया फोटो से लेकर हल्के बेहूदा कमेंट।

क्या किया जाए : पुरुषों की परिष्कृत सोच को बढ़ावा दिया जाए।

तीसरा कारण- नशा

-यह कारण बलात्कार के 80 प्रतिशत मामलों में प्रमुख वजह बनकर उभरा है। हर छोटे-बड़े शहर में नशा इस तरह बिकता है जैसे पानी के पाऊच मिल रहे हो। शाम को आप अपने ही शहर की परिक्रमा करने निकले तो चौक चौराहों के बीच पांच शराब की दुकान मिलना आम बात है।

नशा आदमी की सोच को विकृत कर देता है। उसका स्वयं पर नियंत्रण नहीं रहता और उसके गलत दिशा में बहकने की संभावनाएं शत-प्रतिशत बढ़ जाती है। ऐसे में कोई भी स्त्री उसे मात्र शिकार ही नजर आती है।

क्या किया जाए: पूर्ण रूप से भारत को नशामुक्त किया जाए।

चौथा कारण- शहर के एकांत में गुंडों का अड्डा-यह कारण बलात्कार के 60 प्रतिशत केसेस में सामने आया है। गांव और शहर के सूनसान खंडहरों की बरसों तक जब कोई सुध नहीं लेता है तब यह जगह आवारा और आपराधिक किस्म के लोगों की समय गुजारने की स्थली बन जाती है। फार्म हाऊस में जहां बिगड़ैल अमीरजादे इस तरह के काम को अंजाम देते हैं वहीं खंडहरों में झुग्गी बस्ती के गुंडा तत्व अपना डेरा जमाते हैं। यह जगह पुलिस और प्रशासन से दूर जहां इन लोगों के लिए 'सुरक्षित' होती है वहीं एक अकेली स्त्री के लिए बेहद असुरक्षित। महिला के चीखने-पुकारने पर भी कोई मदद के लिए नहीं पहुंच सकता।

क्या किया जाए : दूरस्थ क्षेत्रों की सख्ती से जांच की जाए।

पांचवां कारण : प्रशासन और पुलिस की अक्षमता

-वास्तव में प्रशासन और पुलिस कभी कमजोर नहीं होती। कमजोर होती है समस्या से लड़ने की उनकी इच्छा शक्ति। सभी जानते हैं कि बड़े कहे जाने वाले लोग जब आरोपों के घेरे में आते हैं तो प्रशासनिक शिथिलताएं उन्हें कटघरे के बजाय बचाव के गलियारे में ले जाती है। पु?लिस की लाठी बेबस पर जितने जुल्म ढाती है सक्षम के सामने वही लाठी सहारा बन जाती है।अब तक कई मामलों में कमजोर कानून से गलियां ढूंढकर अपराधी के बच निकलने के कई किस्से सामने आ चुके हैं। कई बार सबूत के आभाव में न्याय नहीं मिलता और अपराधी छूट जाता है।

### लेटर टू एडिटर

## धर्म का मसला

खैर,धर्म परिवर्तन केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में एक जटिल मसला रहा है। इस पर लगातार बहस होती रही है। यह समझने की जरूरत है कि मोटा-मोटी संविधान कहता है कि कोई भी अपनी मर्जी से अपना धर्म बदल सकता है, यह उसका निजी अधिकार है। पर किसी को डरा-धमका या लालच देकर जबरदस्ती या लव जिहाद करके धर्म परिवर्तन नहीं करा सकते। **-रवि, कोडरमा**

## हिंदी का आकाश

स्कूल एवं कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया जाता था। किन्तु कोरोना वायरस के कारण बच्चों ने आर्नलाइन कक्षा के माध्यम से हिंदी दिवस मनाया। आजकल हिंदी भाषा का विस्तर काफी बढ़ गया है। आधुनिक भाषा में बहुत ही सराहनीय है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विदेशों में भी हिंदी भाषा का डंका बजता है। हमें हिंदी भाषा का अस्तित्व बनाये रखना चाहिए।

**-संदीप रांची**

## स्पीड न्यूज

### सुगिया में मंडा पूजा संपन्न



**कुजू।** मंडा पूजा बुधवार को सुगिया में संपन्न हुआ। मंडा समिति ने छऊ नृत्य का आयोजन था। नृत्य में आदिवासी छऊ नृत्य पार्टी बानसा एवं सांस्कृतिक आदिवासी छऊ चांडिल के कलाकार शामिल हुए। 101 भोक्ता एवं सोखताईनो ने अहले सुबह दुखिया बांध में स्नान किया। इसके बाद नए वस्त्र का धारण कर गाजे – बाजे के साथ नाचते – गाते शिव मंदिर परिसर पहुंचे। जहां पंडित जनार्दन तिवारी ने पूजा –अर्चना कराया। तत्पश्चात सभी शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चलकर एवं अपने पीठ पर नुकिले कील चुभोकर करीब 31 फीट ऊंची बनस झूला झूलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया।

### सौंदा डी में पथ सभा आयोजित




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी में भाजपा लोकसभा के तहत बुधवार को पथ सभा हुआ, जिसमें रामगढ़ जिला के भाजपा कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र सिंह शामिल हुए। इस दौरान 300, 301, 302, 303 व 304 पांचों बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख की बैठक हुई। बैठक में एनडीए प्रत्याशी मनीष जयसवाल के जीत के लिए रणनीति बनाई गई। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कार्य करती है। इसमें सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हुए सबों को एक समान मान–सम्मान दिया जाता है।श्री सिंह ने कहा कि कमल खिलाएं सभी अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। मौके पर योगेश दांगी दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, जिला कार्य समिति सदस्य डब्लू पांडे, उपेंद्र शर्मा, अमरेश कुमार, बीपी सिंह, गणेश ठाकुर,विश्वनाथ रजक, रामानुज मोदी, मनोज सिंह, रविकांत, चंद्रकांत, विष्णु, संदीप, चंद्रमोहन प्रसाद, राममूरत सिंह, संजय कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### पतरातु डैम में भुरकुंडा का युवक डूबा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुन्दरनगर पंचायत के एक युवक की पंचवाहनी मंदिर स्थित पतरातू डैम फाटक के नीचे नहाने के क्रम में पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त 32 वर्षीय सुमित कुमार पिता बिशुन साव के रूप में हुआ है। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुमित दो भांजियों के साथ बासल क्षेत्र के लबगा पंचबहिनी मंदिर घूमने आया था। इसी दौरान सुमित पंचबहिनी मंदिर के पास डैम के फाटक के नहाने के लिए चला गया। नहाने के क्रम में सुमित जैसे ही पानी में डूबकी लगाई फिर वह उपर नहीं आ सका। थोड़ी देर तक जब वह पानी से बाहर नहीं आया तो किनारे पर खड़ी दोनों भांजियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे आसपास के लोग जुट गये। स्थानीय लोगों की मदद से सुमित को पानी से बाहर निकाला गया। साथ ही परिजनों को भी इसकी सूचना दी गई। साथ ही इलाज के लिए सुमित को तत्काल पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### भाजपा ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क

**दारू।** प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने बुधवार को रामदेव खरिका पंचायत के , झुमरा , खरिका, गोपलो ,तिलैया में मांगा वोट। मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ने कहा कि इस बार दारू प्रखंड मे मतदान करने को लेकर लोग काफी उत्सुक हैं। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल हमेशा लोगों के बीच रहकर कार्य किये है। इस बार 400 पार का नारा सत्य होगा।वहीं सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद ने इरगा पंचायत के चिरुवा व बड़वार में महिला समूह व युवाओं साथ बैठक कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील किया। मौके पर रामनारायण कुशवाहा, शत्रुंजय प्रसाद, किसुन प्रसाद, राजन सिन्हा, संजीत वर्मा, विकाश यादव, प्रदीप प्रसाद, अरुण यादव, संतोष यादव, अरविंद कुमार ,संजय कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, संदीप कुमार, राजेन्द्र राम सहित कई लोग शामिल थे।

### रिक्शा चालक व मोटिया संघ ने जायसवाल का किया समर्थन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार में बुधवार को रिक्शा चालक, दुकान के स्टाफ व मोटिया संघ की हुई बैठक। इसकी अध्यक्षता अशोक नायक ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लिए चलाया जायेगा जनसंपर्क अभियान। बैठक में मुख्य रूप से प्रकाश नायक, कृष्ण यादव, अंजू देवी, राज नायक, सोनू कुमार, गोविंद ठाकुर, बबलू सिंह, प्रकाश कुमार, जगदीश प्रसाद, बोधा लाल, पप्पू लाल, बीरबल लाल, मंगू नायक, घुमा नायक, प्रदीप गुप्ता, विनोद शर्मा, मोहन सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में सांसद प्रतिनिधि ने चलाया जनसंपर्क

**इचाक।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने सायल कला कला एवं सायल खुर्द गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। ओमप्रकाश मेहता ने कहा कि एक–एक कीमती वोट कमल फूल छाप में देकर अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से जीतने का आग्रह किया । ताकि एक बार फिर मोदी सरकार बनाएं। अभियान में मुख्य रूप से उप मुखिया विक्रम मेहता बसंत प्रसाद मेहता शत्रु प्रजापति विकास मेहता विकास राम कैलाश मेहता विजय मेहता नरेश प्रजापति द्वारिका राम प्रदीप राम महेश राम समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# धार्मिक आरक्षण खत्म करेगी भाजपा : सरमा

## असम के सीएम बोले- झारखंड और देश को बर्बाद कर देंगे घुसपैठिए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा / हजारीबाग।** भाजपा के स्टार प्रचारक और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि देश में मुसलमानों को आरक्षण का कोई हक नहीं है। वह आरक्षण यहां के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलना चाहिए। जिन राज्यों में कांग्रेस और उनके गठबंधन की सरकार है, वहां पर ओबीसी के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को दिया जा रहा है लेकिन भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण खत्म कर देगी। हिमंत बिस्वा सरमा रामगढ़ जिले के रजरप्पा सीसीएल ग्राउंड में भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भाजपा ने 300 सीटें पार किया था तब देश में कई कार्य हुए। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा दिया गया। बाबरी मस्जिद की जगह भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया। देश में सीएए लागू हो गया। अब 400 सीटें पार होंगी तो मथुरा और काशी के ज्ञानव्यापी में मंदिर बनाया जाएगा। साथ ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी भारत में शामिल करा लिया जाएगा।

**मुस्लिम महिलाएं भी नहीं चाहती कि उनके पति तीन शादी करें :** सरमा ने कहा कि असम में भी 36 फीसदी मुस्लिम आबादी है। जब भी वे मुसलमान भाइयों के बीच जाते हैं तो सबसे पहली बात यह कहते हैं कि वे लोग तीन शादी नहीं करें। हकीकत है कि मुस्लिम माताएं और बहनें भी यह नहीं चाहती हैं कि उनके पति तीन शादी करें। आज देश की सामाजिक दशा को बदलने के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना बेहद जरूरी है। अबकी बार 400 सीटें पार होगी तो यह कानून भी लागू कर दिया जाएगा।

असम के मुख्यमंत्री ने घुसपैठियों पर भी जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सहायता से उन्होंने असम में घुसपैठियों को रोकने का प्रयास शुरू कर दिया है लेकिन झारखंड और देश को यह घुसपैठिए बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। यदि जल्द ही जनता डबल इंजन की सरकार नहीं बनाएगी तो कांग्रेस और झामुमो उन घुसपैठियों को संरक्षण देने में पीछे नहीं हटेगी। साथ ही कहा कि झारखंड जैसा संपदा संपन्न प्रदेश भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गया है।

हालत यह है कि मुख्यमंत्री जेल चला जाता है। मंत्रियों के चपरासी के घर से 37 करोड़ रुपये नकदी मिलते हैं। यहां के संपदा नेता और मंत्री लूट रहे हैं जबकि युवा दर-दर भटक रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठिये आदिवासी बनना चाह रहे हैं। वर्तमान सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। मंत्री के नौकर पास करोड़ों रुपए मिल रहा है ओर यह रुपए जनता का है। झारखंड में डबल इंजन सरकार बनाने के लिए अभी से चुनाव की तैयारी जुट जाएं। मनीष जायसवाल ने मंच पर मुख्यमंत्री को मां छिन्नमस्तिका की स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन रंजीत पांडेय एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय जायसवाल ने किया। मौके पर रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण मेहता, प्रदीप प्रसाद मेहता, शिवलाल महतो, जिप अध्यक्ष सुधा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, आजसू के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, विजय साहू, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा के डॉ. संजय सिंह, अमरेंद्र कुमार गुप्ता, कुंटू बाबू, राजु चतुवेर्दी, ब्रह्मदेव महतो, रंजन सिंह, इंद्रदेव साव, दीनबंधु पोद्दार, मनोज महतो, बबलू साव, विजय ओझा, जीतेन्द्र साहू, सूर्यवंश श्रीवास्तव, ललन कुशवाहा सहित अनिल टाइगर, चंद्रशेखर चौधरी, गोपाल चौधरी, मुकेश सिन्हा, अनमोल सिंह, रविंद्र वर्मा, अब्दुल हकीम अंसारी, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह, महेश करमाली, बबलू करमाली, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, रमेश प्रसाद वर्मा, पीएन सिंह, अर्जुन कुमार वर्मा, युगेश महतो, प्रवीण कुमार सोनू, पियूष तिवारी, दिवाकर नायक, भानुप्रकाश महतो, सरिता देवी, अनिल प्रसाद, विशाल कुमार, राजेश ठाकुर, दसरथ महतो, सुबीन तिवारी, देवंती देवी, देवा महतो, सुशीला देवी, टुशील देवी, ममता सोनी, किशोर महतो, संतोष महतो, रंजीत महतो, मिथलेश तिवारी, दीपक दांगी रजनी राज, ओमप्रकाश चौधरी, अशोक राम बेदिया, अमृत कुमार, पंकज कुमार, धीरज कुमार साहू, सुरेश पटेल, प्रयाग मांझी, सतीश मुंडा, बढन करमाली, राजू गिरी, बासुदेव प्रजापति, लालू महतो सहित सैकड़ो भाजपा आजसू के कार्यकर्त्ता आदि मौजूद थे।



**देश में रामराज्य चाहिए या जिहाद यह तय करने का समय आ गया : जायसवाल**

भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि देश में रामराज्य चाहिए या जिहाद राज्य अब यह तय करने का समय आ गया है। हमारे कल्चर, हेरिटेज, सांस्कृतिक धरोहर को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि विकास के मामले अगर आप देखें तो कांग्रेस के 60 सालों में कोई विकास नहीं हुआ है। गरीबों की चिंता किसी ने की तो मोदी सरकार ने किया। पीएम मोदी का सपना है 2047 तक 2047 तक संपूर्ण भारत विकसित राष्ट्र बने और यहां के निवासी हर जरूरी सुविधा का लाभ ले सकें लेकिन यह सपना तभी पूरा हो सकता है। 20 मई को कमल छाप बटन दबाएं। आपका वोट देश के विकास में सीधा–सीधा नरेंद्र मोदी को जाएगा। जायसवाल ने कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए और अपने बच्चे और देश की भविष्य को सुरक्षित बनाएं ।

**▸▸ रजरप्पा में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में विशाल जनसभा आयोजित**

**रिकॉर्ड मतों से जायसवाल को जिताएं : सुनीता चौधरी**

रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे को साकार कर हम सभी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि रिकॉर्ड मतों से मनीष जायसवाल को जिताएं।

**जायसवाल को जिताकर मोदी के हाथ करें मजबूत : दीपक**

राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने मनीष जायसवाल ने भारी मतों से विजयी बनाकर मोदी के हाथों को मजबूत करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि हिमंत विश्व सरमा के नाम से कांग्रेस कांपता है।

# कोल इंडिया के अस्तित्व बचाने के लिए भाजपा को हरायें : केशव महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸ भुरकुंडा में इंडिया गठबंधन में जेपी पटेल को जिताने का लिया संकल्प**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को उत्सव मैरेज हॉल में इंडिया महागठबंधन की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुकेश लाल सिंदुरिया व संलाचन संतन सिंह ने किया। बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने की रणनीति बनायी गई। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 17 मई को भुरकुंडा में पदयात्रा सह जनसंपर्क अभियान चलाकर पटेल के पक्ष में जनसंमर्थन मांगा जायेगा। पदयात्रा जवाहर नगर से शुरू होकर भुरकुंडा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए थाना चौक पहुंचेगा। केशव महतो कमलेश ने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है इसमें किसान-मजदूरों का कोई भला नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कोल इंडिया सहित अन्य उद्योगों को निजीकरण की साजिश कर रही है। कोल इंडिया के अस्तित्व को बचाने के लिए भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। तभी कोल इंडिया और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को बचाया जा सकता है। श्री महतो ने कहा कि भाजपा मुद्दों से भटकर हिन्दू-मुस्लिम व मंदिर-मस्जिद के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम करती है। उन्होंने जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने व कराने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन धर्मेंद्र राय ने प्रस्तुत किया।

बैठक में सीपी संतन, महेश्वर साहू, जगतार सिंह, संतन सिंह, भुनेश्वर साव सहित कांग्रेस, राजद, आम आम आदमी पार्टी और अन्य दलों के नेताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल को भारी मतों से जीत दिलाने का सामुहिक संकल्प लिया। सीपी संतन ने कहा कि जनता परिवर्त्तन का मुड बना चुकी है। निस्वार्थ भाव से कार्य करें, इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि देश को बचाना है तो मोदी सरकार को हटाना होगा। इंडिया गठबंधन को लोगों का मिल रहा जनसमर्थन जीत की गारंटी दे रहा है।

महेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना होगा, तभी यहां के आदिवासी व मूलवासियों और सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के रहते आदिवासी, मूल निवासी और गरीबों का शोषण होते रहेगा।

**बैठक में ये थे मौजूद :** बैठक में हरदयाल यादव, डॉ. एहसान अहमद सिद्धिकी, आजाद अंसारी, मो. एहसान, एजाज अहमद, एम तौसीद, मो. अलाउद्दीन मंसूरी, सलाउद्दीन मंसूरी, जसवीर सिंह, अशोक साव, भरत केशरी, आदित्य ठाकुर, ओमप्रकाश साव, विजय कुमार केशरी, राजकुमार साह, इम्तियाज अंसारी, मो. महबूब आलम, भुनेश्वर साव, ओम प्रकाश साव, सरफराज अंसारी, मनीष जायसवाल, सरयु गोस्वामी, नरेश गोस्वामी, शिवम साव, हरदेव सिंह, अजय साव, सावित्री देवी, संगीता, लक्ष्मी, मंजू देवी, गायत्री देवी, मो. मनउर, विनोद राम, दशरथ सिंह, जैनुल सहित इंडिया महागठबंधन के दर्जनों नेता मौजूद थे।



## देवकुली में आद्य गुरु शंकराचार्य की जयंती मनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** देवकुली गांव में आद्यगुरु शंकराचार्य की जयंती मनी। गुरुजी का जन्म बैशाख मास कृष्ण पक्ष तिथि पंचमी सन 788 ई को हुआ था । देवकुली के दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरुजी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य कृष्णदेव पांडेय,उमेश गिरी, पसंस मनोहर प्रसाद के उपस्थिति में किया गया । आचार्य कृष्णदेव पांडेय ने कहा कि गुरुजी अपना सम्पूर्ण जीवन काल की अवधि सनातन हिंदू धर्म के प्रचार प्रसार में लगा दिया था। उन्होंने अपील की हरेक हिंदू को चाहिए कि वे अपनी संस्कृति के बचाव को लेकर मस्तक में तिलक ,चोटी, जनेव का धारण करे नित्य दिन अपने घरों में अपने इष्ट देव का यथा शक्ति अनुसार पूजन अर्चना आराधना आरती करें। सनातन धर्म रक्षा को लेकर देवी महिला सशक्तिकरण महासमिति का गठन किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्षा राखी देवी,उपाध्यक्ष किरण देवी,सचिव पदमा देवी,उपसचिव यशोदा देवी,कोषाध्यक्ष सविता देवी, उप कोषाध्यक्ष कंचन देवी,महामंत्री इंदु देवी का चयन समिति के सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति में किया गया।

## बरही में बिनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बिनोद प्रगतिशील फाउंडेशन की महिला इकाई बरही विधानसभा के सभी प्रखंडो में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है। महिलाओं की छोटी छोटी टोली मतदाताओं को कर रही हैं जागरूक।

समूह ने इसकी शुरूआत चौपारण प्रखंड के पाण्डेयबारा और बारहमौरिया से किया। संस्था की रधिया देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी व मीणा देवी बताती है कि मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से लोगों को मतदान से सम्बंधित जागरूक किया जा रहा है ताकि लोग अपना वोट एक सही उम्मीदवार दें।


अभियान में सीमा देवी, सविता देवी, टोनी देवी, बसंती देवी, अनिता देवी, उषा देवी, गुड़िया देवी, हेमंती देवी, मालती देवी, प्रमिला देवी, गीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सीबीएसई 10वीं में आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ का बेहतर प्रदर्शन

**▸▸ 60 छात्रों ने किया फर्स्ट**

रामगढ़। आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। 63 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, 60 ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया । परिणाम शत प्रतिशत रहा। 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रूमान कैफे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 96ः अंक के साथ वत्सल बगड़िया द्वितीय स्थान पर रहे और 95.8ः अंक के साथ अंश खन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में हिमांशु राणा, शिव कुमार, शुभम अग्रवाल, गुरुअंश कालरा, उर्वी जैन, समीक्षा, तरनजोत, आकर्षण प्रसाद, निखिल कुमार, विनीत भगत, प्रियांशु कुमार महतो, मनप्रीत कौर हैं।






**12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन :** 12वीं सीबीएसई परीक्षा में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान में 29 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 28 ने प्रथम श्रेणी तथा एक बच्चे ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में शीर्ष स्थान पर रहे उज्ज्वल मंडल, 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हर्षित राणा द्वितीय स्थान और अनुरीत कौर 89.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य में 22 बच्चों ने भाग लिया जिसमें सभी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। 91.4ः अंक लाकर सार्थक अग्रवाल प्रथम स्थान पर, 91 फीसदी अंक लाकर सृष्टि पांडा दूसरे स्थान पर तथा 90.4 फीसदी अंक के साथ तृतीय स्थान पर शिवम भारद्वाज रहे। कला में कुल 15 बच्चों ने भाग लिया जिसमें 13 बच्चों ने प्रथम श्रेणी तथा दो बच्चे ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। 92.4 प्रतिशत अंक लाकर रितिशा कुमारी प्रथम स्थान पर रही । इतिहास में 100 में 100 अंक प्राप्त की तथा 88.4 प्रतिशत के साथ अनिमेष रोबा द्वितीय स्थान और 87.6 फीसदी अंक के साथ कार्तिक ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे।

## एक नजर में

### भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने किया जनसंपर्क



**बरही।** भाजपा प्रदेश नेता सह पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी बरही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार मनीष जायसवाल को जिताने की अपील की। उन्होने कहा कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कार्य कर रहे हैं। किसी के बहकावे में ना आवे और मनीष जायसवाल को जिताकर दिल्ली भेजे ताकि पुनः एक बार नरेंद्र मोदी की सरकार बने और देश की विकास को और भी गति मिले। भाजपा की सरकार बनी तो सबका साथ सबका विकास होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के अधूरे सपनों को पूरा करेगी । जनसंपर्क के दौरान बरही के विभिन्न गाँव चौपारन के विभिन्न गाँव में जनसंपर्क किया इस दौरान देवचंदा, केदारुत, गौरियाकरमा, टिटहीं, सिंघरावाँ, पिपरा, गंगाहार, नारायणा, कांटी, रामपुर, पोड़ो, फुलवारिया, ईमुनिया, जगदीशपुर, मानगढ़, लोहंडी, पपरो, केंदुवा, हथिया, समेत बरही व पदमा के दर्जनों गाँव में चलाया।

### जायसवाल ने मांडू के कई गांवों में मांगा वोट

**चरही।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए गठबंधन प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गावं चरही, लालबंगला, कजरी, फुसरी, बहेरा,तापीन, प्रेमनगर,बंजी सहितगावों में चुनावी जनसंपर्क किया। उन्होंने भाजपा के पक्ष में वोट मांगा। इसके पूर्व एनडीए गठबंधन के प्रत्यशी को जगह–जगह भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पूरे देश में विकाश के कार्य किये गए हैं। जनसंपर्क अभियान में मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,वरिष्ठ नेता रंजन चौधरी, द्वारिका सिंह सुरेंद्र महतो,अनिल मिश्रा,सत्येन्द्र नारायण सिंह,वीणा मिश्रा,आशा राय,सुनीता देवी,शक्ति देवी,रोशनी देवी,अनीता देवी,सुनिता सिंह, विनोद ठाकुर, सतीश साहू, महादेव विश्वकर्मा,रमेश प्रजापति, शंकर शाह,बबलू सिंह, श्रवण जायसवाल,ललन शर्मा,गौतम सिंह सहित भाजपा और आजसू के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**टाटीझरिया।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बेड़म पंचायत के पलमा, जुलमी, बेड़म में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। ग्रामीणों से मिलकर कार्यकताओं ने कमल छाप पर वोट देने की अपील किया। कार्यकताओं ने मतदाताओं को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताकर देश की सुरक्षा,देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी जी के हाथों को मजबूत करने की अपील किए। जनसंपर्क में मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह,टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल,एमके पाठक,राजू यादव,परमेश्वर प्रसाद यादव,सुरेश कुशवाहा,तिलकराज सिंह,सूरज यादव समेत अन्य कार्यकर्ता चल रहे थे।इन्होंने बताया कि मतदाता हमसब से आगे हैं,मतदाताओं द्वारा मोदी जी के पक्ष में खुद मत देने की बात कही जा रही है।

### बरही में मप्र के सीएम की सभा आज

बरही। बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरही प्रखंड के पंचमाधव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज 10 बजे हजारीबाग सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने हेतु आश्रम सह फुटबॉल मैदान में आगमन हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व मनोज यादव यादव ने क्षेत्र वासियों से जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया ।

### सीबीएसइ 12वीं में आइलेक्स पब्लिक स्कूल के बिट्टू कुमार ने लाया 98.2 प्रतिशत अंक

बरही। आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार व मैनेजर सुषमा भारती के पुत्र बिट्टू कुमार ने परीक्षा में 98 .2 प्रतिशत अंक लाकर आइलेक्स पब्लिक स्कूल का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर शैलेश कुमार,सुषमा भारती एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है। शैलेश कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि आईलेक्स पब्लिक स्कूल परिवार के लिए बड़े ही गर्व का विषय है। उन्होंने शुभकामना देते हुए कहा कि आगे भी बिट्टू इसी तरह कड़ी मेहनत कर खूब तरक्की करे और देश की सेवा करें। इस संबंध में छात्र बिट्टू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह परीक्षा के परिणाम से बहुत खुश हैं और उनका सपना आईएएस बन कर देश की सेवा करने का है। बिट्टू कुमार ने बताया कि वह रोजाना 7 से 8 घंटे निरंतर पढ़ाई करते थे और उन्होंने अपना अधिकतम समय नियमित रूप से प्रैक्टिस सेशन और मॉक टेस्ट्स से अभ्यास किया था ताकि वह परीक्षा के दौरान स्पष्टता के साथ उत्तर लिख सके। शैलेश कुमार के पिता भी शिक्षक है, उनके पिता जयगोविंद प्रसाद करियातपुर में हाई स्कूल चलाते है और पिछले कई वर्षों से शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रहे है।



१५ है पी ३ : बिट्टू कुमार

**स्पीड न्यूज**

## ई रिक्शा पलटने से पति-पत्नी घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत समलडीह गोहाल के समीप बुधवार को ई रिक्शा पलटने से पति-पत्नी घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार शिवपुर निवासी 50 वर्षीय फिरोज अहमद पिता मो.इदरीस तथा 45 वर्षीय पत्नी सहाना खातून दोनों बासोडीह बाजार से ब्लड जांच कराकर ई रिक्शा से वापस अपने गांव शिवपुर लौट रहे थे। तभी अचानक समलडीह गोहाल के समीप ई रिक्शा असंतुलित होकर पलट गई। जिससे दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों के लारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## जी.एस.पब्लिक स्कूल के 54 बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर प्राप्त किया प्रस्सति पत्र




**कोडरमा।** डोमचांच स्थित जी.एस.पब्लिक स्कूल में सी. पी. एस. ऑलिंपिआड के अंतर्गत आयोजित वर्ग प्रथम से नवम तक के बच्चों ने सी.पी.एस. के तहत अलग-अलग विषयों में बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिसके फलस्वरूप सी.पी एस.लारा सभी बच्चों का परिणाम घोषित किया गया। आयोजित परीक्षा में गणित, विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन जैसे विषयों में बच्चों ने भाग लिया, जिसके फलस्वरूप छात्र वंश सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे व आखरी चरण के प्रतियोगिता में प्रवेश किये, जो कि नई दिल्ली में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना है। बतादें की इस प्रतियोगिता में कुल तीन बच्चों ने सीपीएस. के जरिये रिस्ट वाच प्राप्त किया, जिसमें वंश सोनी, राज आर्या एवं रियांश दास शामिल हैं। साथ ही विद्यालय के 35 बच्चों ने प्रस्सति पत्र व उपहार स्वरूप पेन प्राप्त कर अपनी खुशी जाहिर की। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बच्चों को प्रस्सति पत्र देते हुए ढेरों बााई दी। मौके पर नितेश कुमार, संजय सिंह, कुलदीप मौर्य, डी प्री. यादव को धन्यवाद देते हुए इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन कराने को लेकर खूबसराहना की, साथ ही बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में गुलाब चंद साह, सुनील शर्मा, मो.इल्यास अंसारी, शुभम मगाधिया, नीरज साव, के.के.पाठक, जितेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षक तथा बच्चे मौजूद रहे।

## मॉडर्न किड्स पैराडाइज के बच्चों के बीच विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**कोडरमा।** खेलों के माध्यम से बच्चे जल्द सीखते हैं, इसीलिए जिले के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में किड्स पैराडाइज के नन्हे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जा रही है। नन्हें बच्चों के बीच विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर सीखाने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण आठवीं तक की कक्षाएं स्थगित कर दी गई थी, मगर अब तापमान में थोड़ी गिरावट आते ही सामान्य रूप से कक्षाएं पुनः चलने लगी है। इस दौरान विद्यालय में बच्चों को विभिन्न खेलों और गतिविधियों के माध्यम से कई ज्ञान की चीज़ें सिखाई जा रही है। सभी बच्चे एवं शिक्षिकाएं पीले वस्त्र पहनकर छात्रों के साथ 'येलो डे' मनायीं। वहीं प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने उत्साहित बच्चों को प्रसन्नता पूर्वक इन गतिविधियों में भाग लेने के लिए बााई दी और कहा बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देना उनके मानसिक विकास के लिए जरूरी है। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने भी कहा कि आज के बच्चे इस तकनीकी दुनिया में इतने समझदार हो गए हैं कि वह अपनी खुशियों को जाहिर करने के लिए विभिन्न तकनीकी तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, जो आधुनिकता के लिए बहुत जरूरी भी है।

## कालीचरण सिंह को विजयी बनाने के लिए पथ सभा का आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बरिसाखी के चौक पांडे महुआ में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को विजयी बनाने के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने एक पथ सभा का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता कपिल कुमार ने की और संचालन संतोष कुमार दांगी ने किया। मुख्य अतिथि बृजेश कुमार तिवारी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना चाहिए ताकि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन सके। इस अवसर पर प्रभारी वासुदेव दांगी, उज्जवल दास सांसद प्रतिनिधि, मनोज कुमार कुशवाहा, उप प्रमुख प्रीतम यादव, समाजसेवी सत्येंद्र दांगी, बंसी दांगी, बबलू सॉव, प्रसादी पासवान, प्रेमजीत पांडे, ब्रह्मदेव दांगी, आदित्य सोनी, रोहित कुमार दांगी, मिथिलेश कुमार दांगी, महेंद्र राम, पंकज कुमार, विकास कुमार, बिक्कू प्रकाश साहू, अरुण कुमार दांगी, दामोदर दांगी, कर्मधारी रजक और देव कुमार साहू सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने 25 करोड़ युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया: तेजस्वी

**चतरा।** हंटरगंज में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए, राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला और कहा कि उनकी गलत नीतियों के कारण 25 करोड़ युवा ओवर ऐज हो गए हैं और बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों से करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। तेजस्वी यादव ने भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा देश और संविधान को तोड़ने में लगी है।

## कोषांग पदाधिकारी व कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**कोडरमा।** भारत निर्वाचन आयोग के लारा लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा मुहैया कराया गया है। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जा रहा है। वहीं अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़ में बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र में चुनाव कार्य में लगे सभी कोषांग के पदाधिकारी और कर्मचारियों के साथ साथ चुनाव कार्य में लगे कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान किया।

## पिपचो में इंडिया गठबंधन की चुनावी सभा में उमड़ी भीड़, तेजस्वी ने कहा

# पीएम नौकरी और बेरोजगारी पर बात नहीं करते

- भाजपा भ्रष्टाचारियों की जमात : दीपांकर भट्टाचार्य
- भाजपा के दस वर्षो के धोखा धडी का हिसाब लेने का वक्त आ गया है : जानकी यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत पिपचो पावर हाउस मैदान में इंडिया गठबंधन की जनसभा की गयी। जनसभा की अध्यक्षता जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव व संचालन माले राज्य कमेटी सदस्य इब्राहिम अंसारी, डॉ. जावेद व प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि दुनिया का सबसे बडा झूठा व्यक्ति पीएम मोदी है। देश में नफरत की राजनीति करते हैं, जाति व धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं, वे अपनी झूठ से गोबर को भी हलवा बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के ईमानदार नेताओं को एनडीए एजेंसी का दुरूपयोग कर जेल भेजा जा रहा है। भाजपा ने पहले लालू प्रसाद यादव को जेल भेजा, उसके बाद केजरीवाल, हेमंत सोरेन जैसे शरीफ लोगों को जेल भेजने का काम किया है। वहीं उन्होंने कहा भाजपा से लालू प्रसाद नहीं डरे तो तेजस्वी भी डरने वाला नहीं है। पीएम मोदी ने देश वासियों को सिर्फ ठगने का काम किया है, दस वर्षों में कोडरमा का कोई विकास नहीं हुआ, पलायन जारी है। ढिबरा, पत्थर उद्योग बंद हो गया। वहीं उन्होंने कहा तेजस्वी का साथ देना है तो विनोद सिंह को सांसद बनायें। अब बिहार व झारखंड में भाजपा के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। वहीं उन्होंने कहा महागठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। साथ ही पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि वे महंगाई का म, बेरोजगारी का बा, व गरीबी का ग नहीं बोलना चाहते हैं। इनके पास हिंदु, मुस्लिम, इस्लाम, सनातन करने के शिवाय कोई मुद्दा ही नहीं है। वहीं माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों की जमात है। इलेक्ट्रॉलर बॉंड की सबसे ज्यादा राशि भाजपा के पास मिली है। जब से भाजपा की केंद्र में सरकार बनी है, तब से आज ईडी का छापा किसी भाजपा विधायक व सांसद या मंत्री के यहां नहीं पडा। केंद्रीय एजेसियों का दुरूपयोग राजनीति में डर पैदा करने के लिए किया जा रहा है। देश के लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से बेदखल करना जरूरी है। सरकार ने दस वर्षो में किसानों, गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों व महिलाओं पर अत्याचार किया है। वहीं उन्होंन कहा श्रम कानूनों से छेडछाड की है, ऐसी सरकार को बदलना जरूरी है। वहीं पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा के दस वर्षो के धोखा घडी का हिसाब लेने का वक्त आ गया है। वहीं सभा को बिहार प्रदेश के बलरामपुर विधायक महबूब आलम ने भी संबोधित किया।

## भाजपा 400 पार का नारा संविधान खत्म करने के लिए लगाती है : विनोद

वहीं प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि भाजपा 400 पार का नारा संविधान खत्म करने के लिए लगाती है। उन्होंने कहा कि 10 साल के शासन में ढिबरा, पत्थर, क्रेशर के लिए कोई नीति नही है। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों के लिए कोई नीति केंद्र सरकार बना नही पाई है। जबकि कोडरमा और गिरिडीह जिले से सबसे ज्यादा मजदूर पलायन कर दूसरे राज्य में जाते है। उन्होंने कहा कि इसबार कोडरमा में संघर्षो की आवाज संसद में गूंजने के लिए झंडे पर तीन तारा चुनाव चिन्ह पर बटन दबाना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनता के रोजमर्रे समस्याओं को दूर करने वाला जनप्रतिनिधि का चुनाव आपको करना है। उन्होंने भरोशा दिलाया कि आपके दुःख और सुख में कंधे से कंधे मिलाकर चलने वाला कोई खड़ा मिलेगा तो वो भाकपा माले होगा और इंडिया गठबंधन होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में शिक्षा राज्य मंत्री का कोई कार्य क्षेत्र में नही दिखता, जिस विभाग से वो मंत्री हैं, वो भी कुछ नही दिखाई पड़ा। उन्होंने कोडरमा और गिरिडीह का बदलाव के लिए वोट देने की अपील की। मौके पर बीरेंद्र पांडेय, गोपाल यादव, अवधेश यादव, राजकुमार यादव, राजकुमार यादव, श्यामलाल यादव, नौशाद आलम, गंगा यादव, भागीरथ पासवान, अर्चना कुमारी, मिस्वाउलीन खान, अर्चना कुमारी, डॉ. जाकिर हुसैन, शहजाद अनवर, सलीम अंसारी, अशोक यादव, पवन सिंह, सुरेंद्र यादव, विजय पासवान, मुन्ना यादव, संदीप कुमार पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, उमेश यादव, अरूण यादव, उमेश पहलवान, दामोदर यादव, बैजू यादव, तसवर खान, फहीम खान, गोविंद प्रसाद बिहारी, राजेंद्र यादव आदि मौजूद थे।




## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, कहा

# बीएलओ व दीदियों को भी काम पर लगायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारलाज की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डीपीएम जेएसएलपीएस को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ के साथ स्वयं सहायता समूह दीदियों को लगायें और मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। आगामी 20 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन मतदाता अपने घरों से निकलें और मतदान अवश्य करें। वैसे तो मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए वाहनों की व्यवस्था की गयी, इसके अतिरिक्त मतदान केंद्र से अधिक दूरी पर रहने वाले मतदाताओं के लिए भी वाहनों की व्यवस्था की गयी है, ताकि वे मतदान कर सकें। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय, धूप से बचाव के लिए शेड, मिट्टी के घड़ों का शीतल पेयजल की व्यवस्था की गयी है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चैयर एवं रैम्प की विशेष व्यवस्था की गयी है। चलने फिरने में बिल्कुल असमर्थ दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए उन्हें मतदान केन्द्रों तक लाने हेतु विशेष वाहन की व्यवस्था की गयी है। मतदाताओं को पंक्तिबद्ध करने, दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए पर्याप्त संख्या में मतदान केन्द्रों पर वॉलेन्टियर की प्रतिनियुक्ति की गयी है। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील किया है कि आगामी 20 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपना बहुमूल्य वोट दें। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रशासक नगर परिषद् झुमरीतिलैया, नगर पंचायत कोडरमा आदि लोग मौजूद थे।



## मीडिया कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से डाले वोट

**कोडरमा।** भारत निर्वाचन आयोग के लारा लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मचारियों के साथ ही पत्रकार सहित कुछ अन्य सेवाओं के लोगों को पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान की अनुमति दी गई है। वहीं बुधवार को लोकसभा क्षेत्र के लुक आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया शुरू किया गया एवं दूसरे दिन भी विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट किया। आगामी 20 मई 2024 मतदान दिवस के दिन मताधिकार का प्रयोग कर अवश्य मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त आवश्यक सेवाओं से जुड़े पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बनाएं गए फैसिलिटेशन सेंटर-03 में कई होम गार्ड और जिला बल के सिपाहियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। साथ ही उन्होंने मतदाताओं से 20 मई को मतदान करने की अपील की।

**एक नजर में**

## मतदान करें और पर्यावरण का संदेश भी दें : डीसी



**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार मतदान के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। ग्रीन बूथ की संकल्पना आधारित बूथ जहां नगर पंचायत कोडरमा, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय एवं झुमरीतिलैया नगर परिषद् अंतर्गत जीरो प्लास्टिक संकल्पना आधारित मतदान केंद्र का थीम तैयार किया जा रहा है। दोनों अलग-अलग मतदान केंद्रों के लिए नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। इस बार मतदान हेतु समयावधि सुबह 7 बजे से 5 बजे तक निर्धारित की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से सभी मतदाताओं से अपील की गयी है कि मतदान का समय पूरे दिन है, इसलिए मतदाता अपने घरों से निकलें और संबंधित मतदान पर जाकर मतदान अवश्य करें। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए मुक्कमल व्यवस्था की गयी है। शीतल पेयजल के साथ साथ गर्मी के बचाव के लिए शेड की व्यवस्था, दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए होम वोटिंग के साथ साथ उन्हें मतदान केंद्रों तक लाने के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गयी है। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती रहेगी। साथ ही निर्भीक, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए हर व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। हरेक वोट महत्वपूर्ण है, वोट अवश्य करें।

## माले प्रत्याशी विनोद सिंह को जिताएं : रविंद्र शांडिल्य

**सतगांवा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कई ग्रामीण इलाकों में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी झामुमो रविंद्र शांडिल्य ने चुनावी सभा आयोजित कर इंडिया गठबंधन के माले प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में वोट देने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के माले प्रत्याशी विनोद सिंह कोडरमा में विकास की आभा बिखेरेंगे, भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का विकास करने में बिल्कुल असफल रही है, नौकरी पेशा, रोजी, रोजगार के मुद्दों पर भाजपा अपना पक्ष रखने से हमेशा बचती रही है और मुद्दा विहीन बात कर चुनाव में मतदाताओं को ठगने का काम करती रही है। वहीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जुमलेबाजी से जनता परेशान और अब चुकी है। इस अवसर पर गणेश राय, निर्मला तिवारी, बसंती देवी, विशुधारी मुसहर, परमेश्वर राय, सुखदेव राय, टीपन मुसहर, जयनारायण सिंह, दशरथ मिस्त्री, सुरेश पांडेय आदि शामिल थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान संपन्न




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता का आयोजन एनएसएस इकाई एक एवं दो के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मतदाताओं को अपना मत सोच समझकर करना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में अपने मताधिकार का प्रयोग करें ही साथ ही उदासीन मतदाताओं को अपना मत डालने के लिए प्रेरित करें।प्रत्येक मत बहुमूल्य है। आपके मत से ही सरकार का निर्माण होता है। प्रो ललित मोहन सिन्हा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है। एक एक मत महत्वपूर्ण है। एक मत के अभाव में सरकारें गिर जाती है। बिना किसी प्रलोभन में आए ईमानदार और विकास की सोच रखनेवाले प्रत्यासी को वोट करें। प्रो जानकी दांगी ने कहा कि राष्ट्रहित में वोट अवश्य करें। प्रो अखिलेश पांडे ने कहा कि आप अपने मत के महत्व को समझें और स्वयं मतदान करें तथा दूसरों को प्रेरित करे। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस इकाई एक के कार्यक्रम प्रभारी प्रो संदीप कुमार ने की। कार्यक्रम में प्रो श्यामसुंदर प्रसाद, प्रो सकेंद्र मिस्त्री,डॉक्टर मंसूर आलम फखरी, प्रो मोइनुद्दीन अंसारी, प्रो लीलू रानी, प्रो सियाराम प्रसाद,सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## स्कॉर्पियो की चपेट में आने से दो की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सेरनदाग प्राथमिक उच्च विद्यालय के पास एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने दो स्कूली छात्राओं को टक्कर मार दी, जिससे उनकी दर्दनाक मृत्यु हो गई। मृतक छात्राओं की पहचान प्रमोद साहू की 11 वर्षीय पुत्री कृति गुप्ता और केशो साहू की 11 वर्षीय पुत्री उमा कुमारी के रूप में हुई है। दोनों छात्राएँ बुधवार सुबह अपने घर से स्कूल जा रही थीं। हादसे के बाद दोनों छात्राओं को तुरंत टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया। कृति कुमारी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि उमा कुमारी की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने विद्यालय के पास कोयला वाहनों की आवाजाही बंद कर दी है और उचित मुआवजे की माँग कर रहे हैं। टंडवा पुलिस मौके पर पहुँचकर मामले की जाँच कर रही है और उचित कार्रवाई कर रही है। खबर लिखे जाने तक सड़क जाम थी।

### सिमरिया विधायक ने शोक व्यक्त किया

टंडवा में दो स्कूली छात्राओं की असामयिक मृत्यु पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि टंडवा के लिए आज का दिन काला साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी भी यह विश्वास नहीं हो रहा है कि दोनों बेटियां हमारे बीच नहीं हैं। इस पीड़ादायक खबर को सुनकर स्तब्ध हूं।

## वनांचल शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में लहराया परचम



**मरकच्चो (कोडरमा)।** वनांचल शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय रूपलाल नगर बरवाडीह के विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अपना परचम लहराया। जिला टॉपर में वर्ग नवम से प्रीति कुमारी ने 93 अंकों के साथ पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त की। वहीं वर्ग दशम से आशीष कुमार राणा पूरे जिले में 92 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आनंद कुमार राणा जिले में 91 अंकों के साथ लितीय स्थान प्राप्त किया, प्रखंड स्तर पर विद्यालय की वर्ग छः से अर्चना कुमारी ने 91 अंकों के साथ लितीय स्थान प्राप्त की। सभी छात्र-छात्राओं को जिला के प्रधान सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के लारा कप व मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय को आदर्श विद्यालय का सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक गंगाधर राणा एवं आशीष राणा को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बााई दी।

## चतरा लोकसभा चुनावः मतदाता किस आधार पर करेंगे मतदान

**चतरा।** चतरा लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान होगा, जिसमें 22 उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी अपनी जीत के लिए मतदाताओं को लुभाने में लगे हुए हैं, लेकिन क्या सिर्फ चुनाव जीतकर ही जनता की सेवा की जा सकती है? वर्तमान समय में चुनाव जीतने के लिए धन बल का पूरा उपयोग हो रहा है। मतदाताओं को लुभाने की तमाम कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन मतदाता लोकलुभावन मुद्दों पर वोट करेंगे या अपने विवेक का इस्तेमाल करेंगे, यह तो 20 मई को ही पता चलेगा। चतरा में एक बात चुनाव की घोषणा से पूर्व जो सबसे ज्यादा सार्वजनिक रूप से सुनने को मिल रही थी वो ये कि अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार। लोकसभा चुनाव 2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रशासन प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्धसैनिक बल भी पहुंच गये हैं। मतदाताओं की सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है। जिला प्रशासन ने वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और सामान्य मतदाताओं के लिए पूरी कवायद की है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## दिव्यांगजनों ने लिया बढ़चढ़कर मतदान की शपथ



**कोडरमा।** जिला संघर्ष दिव्यांग संघ के बैनरतले जिला स्तरीय एक बैठक लोकाई फुटबॉल मैदान में की गई। बैठक में सभी प्रखंड से दिव्यांगजन उपस्थित थे। बैठक में सभी दिव्यांगों ने लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव के पांचवे चरण 20 मई को होने वाले मतदान के दिन मताधिकार में शामिल होकर मतदान करने का शपथ लिया। शपथ लेने से पूर्व दिव्यांगजनों ने अभी तक चुने गए सांसदों के प्रति नाराजगी जताई एवं कहा कि हमलोग प्रत्येक बार लोकसभा चुनाव में सांसद को चुनते आ रहे हैं, लेकिन जीतने के बाद अभी तक कोई भी सांसद दिव्यांगजनों के रोजी रोजगार, स्वास्थ्य सुविधा और शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान नही दिया है। इसलिए अब जो प्रत्याशी या पार्टी दिव्यांगजनों के विकास पर विशेष ध्यान देगा और बात करेगा वैसे प्रत्याशी को हमलोग मतदान करेंगे। बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष योगेंद्र कुमार पंडित, संरक्षक एवं अधिवक्ता धीरजनाथ गोस्वामी, अजय यादव, सुरेंद्र यादव, सरजू साव, मो.असलम, ओमप्रकाश राम, संजय मोदी, अभिषेक कुमार सिंह, फरियाद अंसारी, राजन मेहता, फागू दास, दुर्गी दास, राजू कुमार दास, छोटेलाल मेहता, धर्मेंद्र शर्मा, आलोक कुमार, सुबोध पांडे, शशि चौरी, पिंटू राणा, पंकज पंडित, जितेंद्र कुमार रवि, पम्मी कुमारी एवं दर्जनों की संख्या में दिव्यांगजन मौजूद थे।

## चतरा में चुनाव चेतना अप्रतिम कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

# 5000 लोगों ने किया भव्य कलाकृति का निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा के जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में चुनाव चेतना अप्रतिम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 5000 से अधिक लोगों ने चुनाव का पर्व देश का गर्व वोट करेगा चतरा 20 मई नामक 300200 फीट की भव्य कलाकृति बनाई। कार्यक्रम में 10,000 से अधिक लोग उपस्थित थे और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बनाए गए स्वीप कार्यक्रम के तहत वीडियो कैसेट का विमोचन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप नेने ने मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई और सभी ने मतदाता शपथ दोहराई। उन्होंने 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की और कहा कि सभी मतदाता स्वयं मतदान करें और अपने परिवार के साथ-साथ आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए पेयजल, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, वृद्ध मतदाताओं के लिए वाहन, बैठने के लिए शेड समेत अन्य सुविधाएं चुनाव आयोग द्वारा दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता निर्भीक एवं भयमुक्त होकर मतदान करें इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान सेल्फी अभियान में हजारों महिला व पुरुष मतदाताओं ने भाग लिया और सेल्फी खिंचवाई। हस्ताक्षर अभियान में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया, जिले के अधिकारियों समेत मतदाताओं ने हस्ताक्षर किया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए मात्र एक दिन पूर्व इसकी घोषणा की गई थी, फिर भी मतदाताओं ने भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



## स्पीड न्यूज

### चुनाव कार्य में गये मतदानकर्मी के घर से हुई जेवरात व पैसों की चोरी



गुमला। चुनाव कार्य कराने गये मतदान कर्मी राहुल कुमार जायसवाल के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। राहुल कुमार जायसवाल चुनाव कार्य में जाने से पूर्व अपने पत्नी व बच्चों को अपने पैतृक गांव घाघरा भेज दिया और वह शनिवार को चुनाव कार्यों से पालिटेक्निक कालेज गया और उसे रात में वही रोक दिया गया। रविवार को चुनाव कार्य के लिए बिशुनपुर भेज दिया गया। सोमवार को चुनाव कार्य के बाद रात में जब घर लौटा तब देखा कि घर का ग्रील व दरवाजा टूटा हुआ है। अंदर में घर का सामान बिखरा हुआ है। घर के अलमारी में रखे 25 हजार रुपये नगद, जेवर, एक मोबाइल आदि गायब थे। लगभग डेढ़ लाख कैश और सामानों की चोरी हो गई। मेन गेट बंद था। जिससे संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि चोर बाउंड्री फांद कर घर में घुसा था। मंगलवार को राहुल ने गुमला थाना में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



घाघारा। घाघरा थाना क्षेत्र के इटकीरी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में इटकिरी ग्राम निवासी मोटरसाइकिल सवार सुरेश महली घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु गुमला रेफर कर दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार सुरेश नहाने की बात कहकर बाइक से घर से निकला था। रास्ते में मवेशी के सामने आ जाने के कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया और घायल हो गया।

### करंट की चपेट में आकर युवक घायल

गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलम पंचायत के रूकरूम गांव निवासी 22 वर्षीय महावीर तुरी विद्युत मोटर तार से प्रवाहित करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल लेकर गये। जहां इलाज के उपरांत उसे गुमला भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक युवक कुआं से मोटर द्वारा पानी निकाल रहा था। इस दौरान वह नंगे पांव तार को हटाने गया। तार कटा हुआ था। जिसे तार से करंट की चपेट में आ गया और गिरकर बेहोश हो गया। माता-पिता तत्काल तार को उसके शरीर से अलग किए। हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### मारपीट में घायल, शिकायत दर्ज

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव में मंगलवार की रात मारपीट की घटना हुई है। मारपीट की घटना में तालु साहु घायल हो गया। जिसका इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल तालु साहु की पत्नी चन्द्रिया देवी ने मारपीट कर घायल करने के संबंध में गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराया है। कहा कि मंगलवार की रात सात आठ युवक घर के बाहर गाली गलौज करने लगे। दरवाजा खोलने पर मेरे साथ दुर्व्यवहार करने लगे। बीच बचाव कर रहे मेरे पति पर लाठी डंडा से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। चन्द्रिया देवी ने मारपीट के नामजद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### ऑटो के पलटने से महिला हुई घायल

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेती गांव के समीप दो बैलों की लड़ाई में एक बैल के टक्कर से ऑटो पलट गया। घटना में ऑटो में बैठी तीन महिलाएं घायल हो गई। दो महिलाओं को हल्की चोट लगी जबकि बेती निवासी भागमुनी देवी को गंभीर चोट लगी। घटना में उसका सिर पर गंभीर चोट लगी है। वहीं घटना स्थल से गुजर रहे बिशुनपुर थाना की पुलिस घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक तीनों महिलाएं बनारी बाजार से अपने गांव जा रहे थे। वहीं बेती गांव के समीप ऑटो खड़ा था तभी दो बैलों की लड़ाई शुरू हुई और एक बैल ऑटो के ऊपर गिर गया जिससे ऑटो पलट गया।

### विवाहिता ने आग लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास, पति भी झुलसा

गुमला। बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत समदरी गांव में पति पत्नी के बीच हुआ मामूली विवाद बड़ा रूप ले लिया। गुस्से में पत्नी ने घर में रखें किरासन तेल शरीर में छिड़क कर आग लगा ली। घटना के बाद पति आग बुझाने लगा। इसी क्रम में वह भी जल गया। तत्काल एंबुलेंस को फोन कर बुलाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर में इलाज के बाद दोनों घायल को सदर अस्पताल लाया गया। घटना के बाबत प्राप्त जानकारी के मुताबिक पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पत्नी ने आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

### पति ने पत्नी को टांगी से काटकर किया गंभीर रूप से घायल

गुमला। रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंडरा निवासी बसंत चीक बड़ाइक ने अपनी 35 वर्षीय पत्नी सुरभि देवी को टांगी से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तत्काल घायल महिला को स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक पति पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर रहा था। इस पर पत्नी ने कहा कि वह चावल खरीदने के लिए कुछ पैसा रखी है। जिसे वह शराब पीने के लिए नहीं देगी। इसी बात पर वह पत्नी को मारपीट करने लगा। गुस्से में आकर पत्नी ने भी उसे धक्का दे दिया। जिसके बाद पति टांगी उठाकर पत्नी के सिर में मार दिया। वहीं पत्नी जमीन पर गिर गई। जमीन पर रखा एक अन्य टांगी से उसके एक हाथ में भी काफी चोट लगी।

## लोहरदगा सदर अस्पताल की व्यवस्था से मरीज है त्रस्त

### डायलसिस नही होने के कारण मरीज की जीवन के साथ हो रहा है खिलवाड़

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में स्थित सदर अस्पताल की व्यवस्था से आम मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मरीजों को तो समुचित व्यवस्था नही है बोल कर पर रेफरल कर दिया जाता है जिससे मरीज के परिवारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उक्त बात चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार के कहा कि सांसद सुदर्शन भगत के सौजन्य से जिला सदर अस्पताल में किडनी मरीज के ईलाज हेतु डायलसिस केन्द्र की शुरूआत की गयी। ताकि गरीब व लाचार मरीज का, जो किडनी खराब होने के कारण प्रत्येक दूसरा दिन या सप्ताह में या प्रत्येक महीना पन्द्रह दिन में डायलसिस करवाना अनिवार्य होता है ताकि उनकी जीवन को कुछ सुनिश्चित समय के लिये बचाया जा सके। परन्तु सालभर छः महीना भी अभी डायलसिस केंद्र शुरू हुए नहीं हुआ है और सही तरीके से डायलसिस नही होने के कारण मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ताजा उदाहरण मेनका सिनेमा के समीप रहनेवाले राजेश सोनी का है जो विगत दो वर्ष से किडनी रोग से ग्रस्त है तथा पिछले छः माह से डायलासिस से गुजर रहा है। चूंकि राजेश की माली हालत ठीक नही है, इसलिए सगे संबंधी तथा दोस्तों की मदद से वह ईलाजरत है तथा सदर अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह डायलासिस भी करवा रहा है, परन्तु इस दौरान दो बार ऐसी स्थिति हुई कि उसका सीना में पानी भर गया तथा सांस लेने मे समस्या उत्पन्न हो गयी तथा गम्भीरावस्था में रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वह तो ईश्वर का कृपा है कि समय पर ईलाज के कारण उसको नया जीवनदान मिल जाता है। बीती रात भी उसके साथ ऐसा ही हुआ है। पूरा सीना में पानी भर गया और जब सदर अस्पताल इष्ट मित्र व परिवार लेकर पहुंचे तो अस्पताल प्रबंधन हाथ खड़ा कर दिया तथा रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। रितेश ने सरकार व प्रशासन से पूछा है कि कबतक सदर अस्पताल रेफरल अस्पताल बनकर रहेगा। विगत रामनवमी में भी बड़ा हादसा हुआ और अस्पताल का रोल नगण्य रहा सिवाय मृतक का पोस्टमार्टम करने के। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से इसमें जल्द सुधार लाने की मांग की है।



मरीज राजेश सोनी।

## नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत गुमला चेंबर व प्रेस के बीच आज होगा क्रिकेट मैच

### मैच को लेकर चेंबर अध्यक्ष ने की सदस्यों के साथ बैठक

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में गुमला चेम्बर के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में कल से शुरू होने वाले पांच दिवसीय क्रिकेट मैच पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी ने अपने अपने विचार रखे। क्रिकेट में प्रतिदिन चार मैच खेले जायेंगे। क्रिकेट मैच के द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं प्रेस क्लब गुमला के बीच आगामी 16 मई को सुबह 06:30 बजे होने वाले क्रिकेट मैच के लिए 11 सदस्यो की टीम बनायी गयी। सभी सदस्यों को ससमय उपस्थित होकर क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में अध्यक्ष दामोदर कसेरा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी, मो सब्बू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, आदित्य गुप्ता, आनंद गुप्ता, राहुल केशरी एवं अन्य मौजूद थे।



## चैनपुर प्रखंड के सिलफारी गांव में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व

स्थानीय सरना स्थल में बैगा, पुजार एवं पहान द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करायी गयी

खबर मंत्र संवाददाता

**चैनपुर।** प्रकृति पर्व सरहुल चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के सिलफारी गांव में धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय सरना स्थल मनवीर में बैगा, पुजार एवं पहान द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करायी गयी। सरहुल पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष दिलीप गोप, सचिव मुना गोप,कोषाध्यक्ष अमरेश लोहरा,मुखिया अमिता केरकेट्टा के नेतृत्व में सरहुल शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में विभिन्न गांवों के खोड़हा दलों के सदस्यों ने आदिवासी सांस्कृतिक की झलक प्रस्तुत की। शोभा यात्रा सरना स्थल से कटकही रोड़ पथ से होते हुए बैगा के घर के पास पहुंची और सभा में तब्दील हो गयी। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रूचन मुंडा, पुजारी बुधराम मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों का मुख्य पर्व सरहुल पूजा है। जिसमें प्रकृति की पूजा होती है। यह पर्व एकता एवं शांति का पर्व है। उन्होंने कहा कि पर्व के दिन लोग सरना स्थल पर शाल वृक्ष की पूजा करते हैं, क्योंकि पेड़ है तो हमारा जीवन है। उन्होंने कहा कि इससे सिर्फ आदिवासी ही नहीं बल्कि सभी समुदाय के लोगों को लाभ मिलता है। सचिव दिलीप मुंडा ने कहा कि आदिवासियों का विकास तभी संभव है जब हम शराब को छोड़कर शिक्षा की ओर ध्यान दें। इस ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मंगरा बड़ाईक,मुन्ना गोप,जितेंद्र मुंडा,रुचन मुंडा, बुधराम मुंडा, हेमंत लोहरा,जयराम लोहराआदि उपस्थित थे।



## बड़ी मार्जिन से जीत दर्ज करेंगे : सुखदेव

## जीत के प्रति आश्वस्त हूं : समीर उरांव

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा में हुए चुनाव में मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। आम मतदाता लोकतंत्र बचाने एवं संविधान बचाने को लेकर बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दी। यह बातें महागठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कही है। भगत बुधवार को अपने आवासीय परिसर में पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जबाब पर कहा कि इस बार आम मतदाताओं में कहीं ना कहीं स्वतः स्फूर्त वोटिंग के प्रति रहा है। और यही कारण है कि सुदूर व ग्रामीण तथा रिमोट इलाकों में बंपर वोटिंग हुई और यह एक अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकताओं तथा अन्य माध्यमों से जो फीडबैक मिला है उससे यह प्रतीक होता है कि महागठबंधन की आसान जीत होने जा रही है, थंपिंग मेजॉरिटी के साथ कांग्रेस के खाते में लोहरदगा की सीट आ रही है और यह हम पूरे विश्वास के साथ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव यह भी साबित कर रही है कि देश का आवाम अमन-शांति तथा संविधान के अनुसार चलना चाहती है, ना कि देश में तानाशाह के रूप में शासन चले।



### भाजपा प्रत्याशी ने जनता के प्रति जताया अभार



गुमला। लोकसभा चुनाव के मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद बुधवार को भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव सिसई रोड स्थित होटल सभेकर में भाजपा के चुनाव कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित कर मतदाताओं के प्रति अभार व्यक्त किया। उरांव ने कहा कि शांति पूर्ण मतदान कराने में जनता व प्रशासन का अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि वे अपने जीत के प्रति आश्वस्त हैं। क्योंकि पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव परिणाम से संतुष्ट हैं। भाजपा पार्टी आधारित पार्टी है। कार्यकर्ताओं की संतुष्टी से ही जीत का परिणाम सामने आएगा। हालांकि 4 जून को ही परिणाम की असल जानकारी होगी लेकिन कार्यकर्ताओं से मिल फीड बेक से वे संतुष्ट हैं। उरांव ने चुनाव के दौरान बेहतर सहयोग के लिए मीडिया कर्मियों के प्रति भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का सही मार्ग दर्शन करता है और उनकी पैनी निगाह से कुछ बच नहीं पाता है। इसलिए चुनाव के जीत हार की सही आकलन मीडिया कर्मी ही बता पाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव नतीजे आने में अभी समय है परंतु वे जीत को लेकर पूरी तरह अश्वस्त हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु, पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, भूपन साहु, मिशिर कुजूर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विकट स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए किया रक्तदान

**गुमला।** मारवाडी युवा मंच गुमला के सदस्य नवल अग्रवाल ने ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेशन करके सदर अस्पताल में इलाजरत एक बच्चे की सहायता की। मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल ने बताया कि ब्लड बैंक में ओ पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध नहीं था और बच्चे को ओ पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यकता थी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए नवल अग्रवाल तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। इनका कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार सिंह रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ केंद्र घाघरा के सभागार में स्वास्थ्य सहियाओं की बैठक संपन्न

## सहिया एप में पूरी डाटा ऑनलाइन भरे : बीटीटी

### दी गयी कई जानकारी

खबर मंत्र संवाददाता

**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य सहिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीटीटी सीमा कुमारी, बबिता देवी ने सहिया एप अपडेट करने, सहिया एप में परिवार सर्वे, योग दंपति एवं पीएलए बैठक रिपोर्ट बनाने की जानकारी दी।

साथ ही एचबीएनसी, एचबीवाईसी, गृह भ्रमण करने, आशा सर्टिफिकेशन रजिस्ट्रेशन, एमडीआर, सीडीआर रिपोर्ट बनाने की जानकारी देते हुए कार्यों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की बात कही। जल्द से जल्द सहिया एप में पूरी डाटा ऑनलाइन भरने की बात कही।

इस मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य सहिया में जानकी देवी, संजोती देवी, उर्मिला देवी, जयमुनी देवी, संगीता देवी,हेमंती देवी, पुष्पा टोप्पो,कविता कुमारी, इंदु देवी सहित कई स्वास्थ सहिया उपस्थित थे।




बैठक में शामिल सहिया व अन्य।

### लोहरदगा : हर सप्ताह सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर में होगा कीर्तन भजन का आयोजन



**लोहरदगा।** पुराना शुक्र बाजार स्थित श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर में डफली एवं करताल दे कर कीर्तन महिला मंडल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बजरंग दल के पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर पुराना शुक्र बाजार में कीर्तन भजन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बजरंग दल द्वारा लगातार जिले के विभिन्न मंदिरों में मंगलवार महाआरती कार्यक्रम की सरहना करते हुए कहा की इससे सनातन समाज को मजबूती के साथ संस्कार और सनातन संस्कृति का बोध बढ़ेगा। इस मौके पर काफी संख्या में महिला मंडल के सदस्य मौजूद थे।

### निर्मल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत मकांदू में एक 42 वर्षीय व्यक्ति ने घर के बाहर पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर किया। मृतक की पहचान मकांदु गांव निवासी निर्मल यादव के पुत्र नारायण यादव के रूप में हुआ है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि खाना खाकर मृतक सोने चला गया वही जब परिजन सुबह उठे तो देखा घर के बाहर पेड़ पर शव लटका मिला। परिजनों ने बताया किसी अज्ञात कारण से मृतक नारायण यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक शादी शुदा था और उसके तीन बेटी है घटना के दिन पत्नी और बच्चे मायके गए हुए थे। घटना की सूचना के बाद कुडू थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

### अज्ञात वाहन के टक्कर से तीन युवक घायल

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के बसिया रोड में अज्ञात वाहन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत दमकारा टुकु टोली निवासी अमृत सोरेन, दीपक सोरेन और संदीप सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत तीनों घायलों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक दो युवक स्कूटी से दीपक को छोड़ने बसिया जा रहे थे। तभी पीछे से अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। वही सदर अस्पताल में इलाज रत अमृत की स्थिति गंभीर बनी हुई है, उसे सिर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है।

## विकास के किरणों से नक्सलवाद का हुआ खात्मा, जीवन स्तर में हुआ बदलाव

>> लोकसभा चुनाव के दौरान गांव में बदली फिजा का रंग दिखा मतदान केंद्रों में

>> 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल नहीं हुआ, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर दिखी लंबी-लंबी कतारें, शहरी क्षेत्र से अधिक जागरूक दिखे मतदाता

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** लोकतंत्र की खूबसूरती का रंग फिजा में बिखरी हुई तब नजर आयी जब ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर मतदान हुआ। जिले में 62 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि 80 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सका। लेकिन मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की खूबसूरती को बरकार रखा। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर मतदान का प्रमुख कारण क्षेत्र में हुए विकास व नक्सलवाद के खात्मे से हुआ है। हालांकि उन क्षेत्रों में भी मतदान अच्छा हुआ जहां गांव के विकास को लेकर मतदाताओं ने वोट बहिष्कार की चेतावनी दी थी। वाकई में वोट बहिष्कार वाले गांवों की तस्वीर आज तक नहीं बदली है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उनके अकांक्षाओं को कभी पूरा नहीं किया। जिसे वे वोट बहिष्कार का कदम उठाने को मजबूर हुए थे। परंतु प्रशासन के पहल पर ग्रामीण मान गये और अपना मत मतदान केंद्रों में जाकर डाला। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया व अन्य बुनियादी सुविधा बहाल होने से जहां नक्सल प्रभावित कई गांव समृद्धि की ओर बढ़ रही है। वहीं ऐसे गांव में जीवन स्तर में व्यापक सुधार होता दिखलाई पड़ रहा है। विशेषकर कभी नक्सलियों के सेफ जोन माने जाने वाले जमटी, वनालात, जोरी, कटिया, कुमारी, टेमर करचा, बोरहा, निरासी आदि ऐसे गांव है जहां विकास की किरणें पहुंचते ही वहां के ग्रामीणों के सोच को परिवर्तित कर दिया। गांव के लोग अब नक्सल गतिविधियों से दूर रहना पसंद कर रहे हैं। क्योंकि विकास से ही उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। यही कारण है कि इन क्षेत्रों में नक्सल अभियान में भी पुलिस को सफलता मिली है। क्योंकि ग्रामीण भी अपने गांव में अमन चैन व समृद्धि चाहते हैं। हर गांव की काली सड़के, बेहतर पेयजल की सुविधा, स्कूल की उपलब्धता यह दर्शाता है कि गांव में विकास की रफ्तार किस गति से चल रही है। यही विकास की किरणें ही लोकतंत्र के महापर्व में जनता को गोलबंद करती है और अपने क्षेत्र के उन्नति के लिए अच्छे जनप्रतिनिधि चुनने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करती है। तभी तो लोकसभा चुनाव में शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी थी। गांव में विकास होने से क्षेत्र की बुनियादी परिस्थिति भी बदली है। अब गांवों में कच्चे मकान कम और पक्के मकान अधिक नजर आते हैं जो काफी सुंदर नकाशी के साथ बनाये जा रहे हैं। जो कि ग्रामीणों के सोच को दर्शाता है। नक्सल वाद के खात्मे के साथ ही गांवों के फिजा का रंग अब बिलकुल बदल चुका है। अब हर गांव तक पहुंच पथ बन रही है। गांव के लोग भी जागरूक हो चुके हैं। उनके जागरूकता का ही पैमाने है कि वे गांव के विकास को लेकर वोअ बहिष्कार की चेतावनी देते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एमबी डीएवी विद्यालय में मातृ दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा मातृ दिवस के शुभ अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। मौके पर कहा गया की ईश्वर और गुरु से भी पूर्व माता का स्थान होता है।एक बच्चे को जन्म देने से लेकर उसे एक अच्छा इंसान बनाने तक सभी पड़ावों में माँ अपने बच्चों के जीवन में बहुत अहम भूमिका निभाती है। ये केवल माँ ही है जो अपने बच्चे के चरित्र और पूरे जीवन को आकार देती है। सभी मां अपने बच्चे की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। मां के उपकारों की गणना करना असंभव है। बच्चों के हृदय में अपनी माता के लिए सम्मान तथा उनके प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत करने हेतु कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के मध्य अपनी माता के लिए सुंदर व आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी में प्रियांशी विश्वकर्मा, कनक मुखियार, पवनवीर राज, सान्विका सौरभ, स्वाति सोना व सूर्यांश वर्मा ने, कक्षा एलकेजी में तृषा कुमारी, रेयांश उरांव, पृषभ राज, अद्वैत आलोक, विवान बंका व मयूरेश कृष्णा केसरी ने, कक्षा यूकेजी में आकर्ष पंकज, दिव्यांशु उरांव, अहान उरांव, कन्याका गुप्ता, अलीसबा अहमद, अर्चित मिश्रा व सम्राट केसरी ने, कक्षा प्रथम में अपूर्व राज, अलिका अम्बर,रक्षित झा, ईशानवि राज, अर्श, काव्या गुप्ता, काव्या मुखियार, कुमारी आराध्या, खुशी कुमारी व सादिक अख्तार ने कक्षा द्वितीय में दिव्यांश मेहता, अथर्व सिद्ध, आरोही वर्मा, काव्य गोयल, भावेश शर्मा, प्रयास वर्मा, रेयांश विश्वकर्मा, अनबिया आयत, मनस्वी गुप्ता, वैष्णवी शिवांश शर्मा व शिवाय सिंह ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में शिक्षक अश्विन पत्रों, संगीता मित्तल, रजनी प्रसाद, समिता दास, श्वेता कुमारी व देवकी कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



## स्वतंत्रता सेनानी स्व गंधर्व भगत की पुण्यतिथि मनाई गयी

श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने स्वर्गीय गंधर्व भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें दी श्रद्धांजलि

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत के पिता स्वर्गीय गंधर्व भगत के 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सुखदेव भगत की आवास में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सबसे पहले पुरोहित परमानंद मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया गया तत्पश्चात आवास में स्थित स्व गंधर्व भगत के प्रतिमा पर जयेष्ठ पुत्र दुर्गा भगत, कनिष्ठ पुत्र झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, पुत्रवधू चंद्रपति भगत, अनुपमा भगत पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, पौत्र अभिनव सिद्धार्थ राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस, शाश्वत सिद्धार्थ के साथ-साथ सैकड़ो लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। स्व गंधर्व के अंदर बचपन से ही भारत देश को आजाद कराने के प्रति उनके मन में एक जज्बा थी।

1942 में भारत छोड़ो आंदोलन का राष्ट्रीय अधिवेशन महात्मा गांधी के नेतृत्व में रामगढ़ में आयोजित किया गया था वे अपने सहपाठियों के साथ साइकिल से रामगढ़ अधिवेशन पहुंचे थे। आजादी के बाद वे समाजसेवी के रूप में भी काम करते हुए गरीब दुखियारी को सहायता करते थे। मौके पर कहा गया की राष्ट्रहित में हम सभी काम करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में आलोक कुमार साहू, साजिद अहमद, मोहन दुबे, शाहिद अहमद बेलू, विजय उरांव, शाहजहां अंसारी ,फूलदेव उरांव, अनिल कुमार, कुणाल अभिषेक, राजेश सहाय, काले उरांव,नारायण उरांव, रवि रोशन बेक, मुस्तफा अंसारी, लालू उरांव, शफीक अंसारी, महताब आलम, गुलाम जिलानी, शूजाउद्दीन राजा, परवेज कुरेशी, मुस्तफा अंसारी, परवेज आलम इत्यादि मौजूद थे।





# ज्वेलर्स दुकान से डेढ़ लाख रुपए के गहने की चोरी



जांच करती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** केतार बाजार स्थित विनोद सेठ के ज्वेलर्स दुकान से अज्ञात व्यक्ति लगभग डेढ़ लाख रुपए का गहना लेकर फरार हो गया। जानकारी देते हुए दुकानदार विनोद सेठ ने बताया कि ग्राहक बनकर अज्ञात व्यक्ति आया और उसने अपने आप को पीडब्ल्यूडी कर्मी बताकर गहना खरीदने की बात कही। इसके बाद उन्होंने अपने दुकान में प्रयुक्त गहना नहीं रहने के कारण बगल के अनील सोनी के दुकान से चार मंगलसूत्र और पांच अंगुठी लाकर उसे दिखाया। इसके बाद ग्राहक द्वारा अन्य वर्तन दिखाने का डिमांड किया गया। वर्तन दिखाने के क्रम में ग्राहक दुकानदार को चकमा देकर चार मंगलसूत्र और पांच अंगुठी लेकर दुकान से फरार हो गया। घटना की जानकारी के बाद थाना प्रभारी रौशन कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर राजीव कुमार और डीएसपी घटनास्थल पर आकर दुकानदार से पूछताछ की। वहीं बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा।

## सुगौली के बाढ़ विस्थापितों ने किया वोट बहिष्कार का निर्णय

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली प्रखंड के उतरी छपरा बहास पंचायत के भवानीपुर गांव के सिकरहना नदी के बाढ से विस्थापित लोगो ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस गांव के लोग रिंग बांध के ध्वस्त होने के बाद विस्थापित है और उन्हे कोई मकान नही मिलने के बाद आक्रोशित है। विस्थापितो ने बताया कि बांध पर डेरा डाल कर हम लोग कई सालो से बरसात और तेज धूप झेलने को विवश है। हम सब आगामी मॉनसून मे आने वाले बाढ़ के प्रभाव को लेकर भी डरे और सहमे है। पीड़ितो ने बताया कि नदी में आयी बाढ़ के कटाव से दर्जनों परिवार बेघर हो गये हैं। कई परिवार बांध पर झुगी झोपड़ी बना कर गुजर कर रहे है। जब भी चुनाव आता है तब अधिकारी और जन-प्रतिनिधियों कोरा आश्वासन देकर चले जाते है लेकिन उन्हे यह देखने की फुर्सत नही कि बिगत कई वर्षों में आयी बाढ़ की विभीषका दर्जनों परिवारों का आशियाना नदी के आगोश में समा गया लेकिन इन परिवारो को केवल आश्वासन के सिवा कुछ भी हासिल नहीं हुआ। विस्थापित परिवार आशियाना उजड़ने के बाद किसी तरह अपनी दुख भरी जिंदगी को काटने को विवश है।

# बिहार के दो जिलों में अमित शाह की जनसभा 16 को

एजेंसी



**पटना (बिहार)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 16 मई को राज्य के दो जिलों सीतामढ़ी और मधुबनी में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान अमित शाह पांचवीं बार बिहार के दौरे पर हैं। बिहार में चार चरणों का चुनाव हो चुका है और 20 मई को पांचवे चरण का मतदान होना है। पांचवे चरण में पांच सीटों सारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में मतदान होना है। इन पांच सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच है। अमित शाह सीतामढ़ी से एनडीए से जदयू के देवेश चंद्र ठाकुर और मधुबनी से भाजपा के अशोक यादव के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

# अभियुक्त ने गवाह के साथ की मारपीट

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर कोर्ट परिसर के अंदर बुधवार को हथकड़ी पहने अभियुक्त गांजा यादव ने जज के सामने गवाह चंदन यादव के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं उसने जज के सामने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा क्या होगा 4 महीने की सजा और बढ़ेगी। मामले को लेकर चंदन यादव ने बताया हम लोग सभी एक ही मामले में स्नेहा कुमारी के कोर्ट में आज आए हुए थे। इसी दौरान हथकड़ी के साथ आया आरोपी गांजा यादव अपने कटघरे में ही मुझे मारना और गाली गलौज करना शुरू कर दिया। यह भी कहा कि जेल से छूट कर आऊंगा तो तुम्हें जान से मार दूंगा। वहीं पीड़ित चंदन ने कहा जज के सामने जब इस तरह कर सकता है तो बाहर निकलने पर मेरे साथ कहीं भी मारपीट सकता है।

## लोकसभा चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों ने व्यय प्रक्षेक को दिया खर्च का हिसाब

**गोपालगंज।** आसन्न लोक सभा निर्वाचन गोपालगंज-17 (अ०जा०) में चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों का पूर्व निर्धारित 14 को पंचायत संसाधन केन्द्र व्यय का व्यौरा लिया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक-1 विजय कृष्णा वेलन के और व्यय प्रेक्षक प्रदीप शर्मा की उपस्थिती में लोक सभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों का प्रथम लेखा परीक्षा सुबह10 बजे से अपराह्न पांच बजे के बीच किया गया।

## खबर एक नजर में

### खरीफ मक्का एवं मोटे अनाज की खेती विषय पर प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**सहरसा।** जिला कृषि पदाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला के अंदर प्रसार कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम खरीफ मक्का एवं मोटे अनाज की खेती विषय पर प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी ज्ञानचन्द शर्मा ने किया गया।कार्यक्रम में डॉ डी के चौधरी द्वारा खरीफ मक्का एवं मोटे अनाज पर विस्तृत जानकारी सभी संबंधित प्रसार कार्यकर्त्ता यथा कृषि समन्वयक,एटीएम बीटीएम,किसान सलाहकार को दी गयी। उनके द्वारा श्री अन्न पौष्टिकता से भरपूर समृद्ध सुखा सहिष्णु फसल है। आमतौर पर लोग मिलेट्स का मतलब ज्वार और बाजरा समझते है,परन्तु मिलेट्स की श्रेणी में और बहुत से अनाज आते है, यथा-रागी, चीना, सावा, कोदो, कंगनी, कुटकी आदि आते है। कार्यक्रम में डॉ रामानंद पटेल के द्वारा मौसम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।उनके द्वारा बताया गया किसानों को मौसम संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु अलग-अलग एप्लीकेशन उपलब्ध है, जिसमें ठनका अलर्ट हेतु दामिनी एप, वर्षा बादल संबंधी जानकारी हेतु मेघदूत एप तथा मौसम जानकारी हेतु मौसम एप हैं। कार्यक्रम में डॉ डीके महतो द्वारा बताया गया कि आज स्वास्थ्य मुख्य मुद्दा बन चुका है एवं यह सभी के लिए महत्वपूर्ण है।

### रासायनिक खेती सेहत और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक

**गोपालगंज।** अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि न केवल हमारी आर्थिक उन्नति की राह को सुगम बनाती है, बल्कि हमारी सामाजिक व आध्यात्मिक उन्नति का भी साधन है। कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में किसानों के बढ़ते लालच ने इसमें विष घोल दिया है। एक समय था जब हरित क्रांति के दौर में रसायनों ने कृषि में चार चांद लगा दिए थे लेकिन किसानों की बढ़ती महत्वाकांक्षा व सीमित भूमि में अधिक उत्पादन के लालच के चलते रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग शुरू कर दिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि आज वातावरण प्रदूषित हो चला है। रसायनिक खाद प्रयोग कर मिट्टी, जल यहां तक कि हवा को भी जहरीला बना दिया है।गंडक नदी किनारे की जमीन बहुत अधिक उपजाऊ है।

## घरेलू विवाद में विवाहिता ने की खुदकुशी, प्रताड़ना के आरोप में पति गया जेल

**अररिया।** जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के भटियाही वार्ड संख्या 25 में घरेलू विवाद से तंग आकर विवाहिता ने खुदकुशी कर ली।सूचना पर बथनाहा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतिका की पहचान बथनाहा थाना क्षेत्र के भटीयाही वार्ड संख्या 25 के रहने वाले मिथिलेश दास की पत्नी रेणु देवी के रूप में की गई है। परिजन ने बताया कि रेणु की शादी 2022 में संजय दास के साथ हुई थी।शादी के बाद से ही संजय रेणु के साथ मारपीट करता था, जिसको लेकर रेणु देवी और उसके पति संजय के बीच में अक्सर विवाद होता रहता था।इसी दौरान दुर्गा पूजा के समय संजय ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट किया था। इसके बाद गुस्से में संजय की पत्नी अपने मायके चली गई थी और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर दिया था।केस दर्ज होने के बाद पुलिस संजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इसी बात को लेकर सास ससुर से हमेशा मृतका का विवाद होता रहता था,जिससे तंग आकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार



मृतका आशा देवी की फाइल फोटो

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** मंगलवार को डंडई थाना क्षेत्र के पचौर गांव में एक सनकी पति ने अपनी पत्नी का पीट कर हत्या कर दिया। जिसका मामला प्रकाश में आया है। फिलहाल मृतका के ससुराल वाले घटना के बाद से घर से फरार हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। घटना को लेकर मृतका आशा देवी के पिता परशुराम ने अपने दामाद संजय राम पर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरा दामाद मेरी बेटी को पीट कर हत्या कर दिया है। पता चला की सोमवार शाम को मेरी बेटी के यहां चिकन बना था और मेरा दामाद मेरी बेटी से दारू पीने के लिए पैसा मांग कर रहा था, जिसको लेकर दोनों में बकझक हुई थी। गुस्से से सनका दामाद ने मेरी बेटी को पीट कर हत्या कर दिया। मृतका के पिता ने बताया कि 2 साल पूर्व बेटी का शादी संजय राम से किया था। शादी के बाद से ही दामाद दारू पीने के लिए बेटी से पैसो के लिए जिद्द करता था।

पैसा नहीं देने पर वह बेटी को प्रताड़ित करते हुए मारपीट भी करता था। हत्या करने के मामले में बुधवार को पुलिस ने मृतका के पति संजय राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि मृतका के पिता परशुराम के लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। वहीं उसके दो भाई विनोद राम और मनोज राम दोनों के पिता गणेश राम पर प्राथमिक दर्ज की गई है। प्रभारी ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए अनुसंधान जारी है।

## 120 किलो गांजा के साथ चार कारोबारी गिरफ्तार

**अररिया।** कुआड़ी ओपी थाना पुलिस और डीआईयू की टीम ने 120 किलो गांजा के साथ चार कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को एसपी अमित रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। यह कार्रवाई भारत नेपाल की सीमा पर स्थित जिले के कुआड़ी थाना क्षेत्र से की गई है। एसपी ने बताया कि कुआड़ी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा की तस्करी और कारोबार किया जा रहा है। सूचना पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामपुकार सिंह के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कुआड़ी एवं डीआईयू को लेकर एक टीम गठित की गई। टीम के द्वारा थाना क्षेत्र के विनोद ततमा पिता - छत्तरलाल ततमा के डाढापीपर के घर छापेमारी करने पर उजला रंग के 6 बोरा में 79 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उसी घर से पुलिस ने संतोष मंडल, विनोद मंडल, महगु मंडल एवं मिथलेश कुमार राय उर्फ मिथुन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त संतोष मंडल के निशानदेही पर मक्का के खेत से और 3 बोरा गांजा और जब्त किया गया। जिसका वजन कुल 41 किलोग्राम था। एसपी ने बताया कि जब्त किए गए गांजा का वजन कुल 120 किलोग्राम है।

# एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन में इंडोर गेम का आयोजन



खेलते बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल में बुधवार से इंडोर गेम शुरू किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया गया कि इन दिनों अत्यधिक तापमान की वजह से आउटडोर गेम संभव नहीं हो पा रहा है। बच्चों के समय का सदुपयोग के लिए ग्रुप वाइज इंडोर गेम - चेस, कैरम, टेनिस आदि खेल का अवसर प्रदान कर बच्चों को खेल के माध्यम से प्रतिस्पर्धा युक्त वातावरण तैयार किया जा रहा है। ताकि बच्चे सफल जीवन के लिए रणनीति बनाकर भिन्न भिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकें। स्कूल के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा की इंडोर गेम से बच्चों का आईक्यू लेवल बढ़ता है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को मोबाइल से मुक्ति के लिए राष्ट्रीय /अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों को खेलने हेतु सहयोग दें।

मौके पर स्पोर्ट्स इंचार्ज पीटी अखिलेश्वर मिश्र, आरपी तिवारी, अमानत अंसारी, करण कौशल, रामाशीष राम, राहुल कुमार, आबिद अंसारी, संजय ठाकुर, संजय गुप्ता, एसएन सिंह, कुमारी निर्मला, पानपती कुमारी, स्नेहलता, पंकज चौधरी आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### घुसपैठियों को भगाना ...

उन्होंने पीएम मोदी को 400 सीट दिलवाने की अपील की। तभी भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। धर्म के आधार पर दी जा रही नौकरी पर रोक लगेगी। चार-चार शादी करने वालों की दुकान बंद होंगी।

**मुस्लिमों को नहीं एससी-एसटी, मिले वह आरक्षण :** हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि देश में मुसलमानों को आरक्षण का कोई हक नहीं है। वह आरक्षण यहां के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलना चाहिए। जिन राज्यों में कांग्रेस और उनके गठबंधन की सरकार है, वहां पर ओबीसी के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को दिया जा रहा है लेकिन भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण खत्म कर देगी।

**घुसपैठिये झारखंड को बर्बाद कर देंगे :** असम के सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने असम में घुसपैठियों को रोकने का प्रयास शुरू कर दिया है। झारखंड और देश को यह घुसपैठिये बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। यदि जल्द ही जनता डबल इंजन की सरकार नहीं बनी तो कांग्रेस और झामुमो उन घुसपैठियों को संरक्षण देने में पीछे नहीं हटेगी। ऐसे में घुसपैठियों को मार भगाना जरूरी है। झारखंड जैसा संपदा संपन्न प्रदेश भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गया है। हालत यह है कि सीएम जेल चला जाता है। मंत्रियों के चपरासी के घर से 37 करोड़ रुपये नकदी मिलते हैं। यहां के संपदा नेता और मंत्री लूट रहे हैं जबकि युवा दर-दर भटक रहा है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम माताएं और बहनें भी यह नहीं चाहती हैं कि उनके पति तीन शादी करें। सामाजिक दशा को बदलने के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना बेहद जरूरी है।

### हार देखकर बौखला...

वहां पर आरक्षण 69 प्रतिशत है, क्योंकि पूर्व पीएम नरसिंहा राव के समय तमिलनाडू के आरक्षण नीति को संविधान की नौवीं अनुसूची में डाला जा चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम इस 50 प्रतिशत की सीमा को हटाते हुए इसे बढ़ाने का काम करेंगे। झारखंड सहित कई राज्यों के आरक्षण पॉलिसी को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने का काम करेंगे। राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने 11 नवंबर 2022 को झारखंड विधानसभा से नयी आरक्षण पॉलिसी पास करके, उसे संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने का प्रस्ताव राजभवन को भेजा था। इसमें ओबीसी का आरक्षण 14 से बढाकर 27, अनुसूचित जनजाति का 26 से बढ़ाकर 28 और अनुसूचित जाति का 10 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करना शामिल है।

**हर दिन झूठ बोल रहे हैं मोदी :** रमेश ने कहा कि भाजपा पूरे दक्षिण में साफ हो चुकी है। उत्तर-पूर्व और पश्चिम में हाफ हो चुकी है। पहले घर से धन निकाल लेने, मंगलसूत्र, भैंस और कांग्रेस के घोषण के पत्र को मुस्लिम लीग की बात कर रहे थे। परंतु चौथा चरण समाप्त होने के बाद उनका बयान हर दिन बदलता जा रहा है। अब वे 400 पार की बात नहीं बोल रहे हैं। जब उन्हें हार का एहसास हो गया तो चौथे चरण के बाद तो वो बौखला गये। अव वे धार्मिक धुर्वीकरण, हिंदु-मुस्लिम और पाकिस्तान पर आ गये। मोदी के कार्यकाल में 21 पूंजीपतियों के पास इतना सारा धन इक्क्ठा हो गया, जितना देश के 70 प्रतिशत लोगों के पास भी नहीं है।

### झारखंडी और बिहारी...

वही हाल हमारा और हेमंत सोरेन का है। हमलोग भी न डरेंगे और न ही झुकेंगे। गांडेय विधानसभा क्षेत्र के बेंगाबाद और कोडरमा के जयनगर के पिपचो में महागठबंधन की चुनावी जनसभा में बोल रहे थे। उनके साथ चुनावी सभा को सीएम चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन समेत कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

**महंगाई अब उनकी महबूबा है :** गांडेय में तेजस्वी ने मोदी को विश्व का सबसे झूठा प्रधानमंत्री बताया। साथ ही कहा 10 साल पहले मोदी ने प्रत्येक वर्ष दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने, कालाधन वापस लाने और हर व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रुपए देने समेत अन्य वादा किया था। मगर मोदी का सब वादा झूठा निकला। एक भी पूरा नहीं हुआ। ऐसी झूठी सरकार पांच साल और मांग रही है। पीएम मोदी 22 साल के युवाओं को रिटायर कर रहे हैं मगर खुद 70 साल के होने बाद भी पांच साल का समय और मांग रहे हैं। केंद्र की भाजपा सरकार ने बिहार और झारखंड को स्पेशल पैकेज देने की बात की थी मगर उनसे हाथ नहीं मिलाने पर झारखंड बिहार को वंचित रखा गया। भाजपा पर तंज कसते हुए तेजस्वी ने कहा कि महंगाई पहले उनके लिए डायन थी मगर अब महबूबा हो गयी है। उन्होंने कहा कि दो गुजराती मिलकर देश की जनता को डराना चाहते हैं मगर झारखंड और बिहार के लोग डरने वाले नहीं हैं।

**युवाओं को बेरोजगार बना रहे :** तेजस्वी ने कहा कि मोदी समस्त सरकारी कंपनियों को निजी हाथों में देकर देश के युवाओं को बेरोजगार कर रहे हैं। झारखंड में रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं। पूर्व की रघुवर दास की सरकार ने झारखंड की नौकरियों को बेचने का काम किया। भाजपा की सरकार देश में नक्सली हिंसा पर लगाम नहीं लगा पाई। भाजपा की सरकार ने ईडी का हवाला देकर युवा सीएम हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। एक दिन जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा और पुनः झारखंड का विकास गति से होगा। उन्होंने कोडरमा से बिनोद सिंह और गांडेय विस उपचुनाव मे कल्पना सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। तेजस्वी ने कहा कि अगर देश की जनता के आशीर्वाद से इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो हर साल एक करोड़ युवाओं को नौकरी, गैस सिलेंडर 500 रुपए और हर बहनों को 8000 से अधिक प्रत्येक माह देने का काम किया जायेगा।

# मतदाताओं को प्रत्याशी और चुनाव चिन्ह बताने के आरोप में पीठासीन पदाधिकारी गिरफ्तार



गिरफ्तार पीठासीन पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रत्याशी एवं चुनाव चिन्ह बताने के आरोप में धुरकी की पुलिस ने एक पीठासीन पदाधिकारी को गिरफ्तार कर जल भेज दिया है।

इस संबंध मे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि गत 13 मई को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के दिन सगमा प्रखंड क्षेत्र के सोनडीहा दक्षिण में बुथ संख्या 367 पर पीठासीन पदाधिकारी के रूप में जिले के डंडा थाना निवासी बुधन चौधरी का बेटा जयनाथ चौधरी कार्यरत थे।

उन पर मतदान कराने के क्रम मे अपने कर्तव्य का निर्वहन ठीक से नहीं करने तथा मतदाताओ को इवीएम मशीन में वोट देने के लिए बतौर प्रत्याशी सहित चुनाव चिन्ह बताने के आरोप में सेक्टर मजिस्ट्रेट सरोज कुमार ने धुरकी थाना मे उक्त पीठासीन पदाधिकारी के खिलाफ नामजद आवेदन दिया गया। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुए उक्त बुथ के पीठासीन पदाधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।


Format C-1

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: Deepak Kumar Gupta, Add- AH-33 old CHC Post, Vill- Korlwa PS- Sadar, Dist - Hazaribagh

Name of political party: Independent

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election: General Election 2024 Loksabha Chatra -04

*Name of Constituency: 04- Chatra Loksabha

I, Deepak Kumar Gupta (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | J.M 1st class HZB | 1928/2018 | Pending for final argument | 138 NI Act |
| 02. | J.M 1st class, HZB | 3940/2023 | Pending for evidence | 138 NI Act |
| | | | | |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offfice(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.


# निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्षा के पहल पर लगा ट्रांसफार्मर, उपभोक्ताओं ने जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 स्थित मझिआंव कला गांव के सुरवार टोला में पिछले 1 सप्ताह से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग के पदाधिकारीयों से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी इलेक्शन कि बात बोलकर टाल दिया जाता रहा। इसी बीच उपभोक्ताओं ने नगर पंचायत कि निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी से मुलाकात कर 63 केवी के जले ट्रांसफार्मर को बनवाने हेतु पहल करने की बात कही। जिस पर सुमित्रा देवी ने पहल करते हुए बिजली विभाग के अभियंता से मिलकर 63 केवी के जगह 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर देने का आग्रह किया।

100 केवी का ट्रांसफार्मर मिल जाने के पश्चात स्वयं के खर्चे से वाहन द्वारा मझिआंव लाकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को हटवाकर 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। ट्रांसफार्मर को रस्सी के सहारे ऊपर चढ़ाते समय उपभोक्ताओं के साथ श्रीमती अध्यक्ष ने भी रस्सी खींचने में सहयोग किया। उसके पश्चात सुमित्रा देवी के द्वारा पूजा अर्चना कर नए ट्रांसफार्मर को चालू किया गया।



ट्रांसफार्मर लगाते कर्मी

उपभोक्ताओं के घर में बिजली जलते ही खुशी का माहौल हुआ और तमाम उपभोक्ताओं ने इस सार्थक पहल के लिए अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। नए ट्रांसफार्मर के लिए जिला में सार्थक पहल करने में जिला विधायक प्रतिनिधि सह भारत सरकार के निगरानी समिति सदस्य भोला चंद्रवंशी की भी भूमिका रही। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, विजय सिंह, कामरेड सत्येंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, साहिल सिंह, अभिमन्यु सिंह, रामप्रवेश सिंह, बद्रीनारायण सिंह, संजीव सिंह, अरविंद सिंह, विक्की सिंह, गोल्डन सिंह एवं मथुरा प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

# चारधाम यात्रा : रात 10 से सुबह चार बजे तक नहीं चलेंगे वाहन

## श्रद्धालुओं के लिए उत्तराखंड पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

▸▸ फ्रॉड से बचें, अधिकृत साइट से ही हेली टिकट बुक करायें
▸▸ रजिस्ट्रेशन तिथि से पहले यात्रा करने पर वाहनों का परमिट होगा सस्पेंड

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा पर देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को अब अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। अब रात से लेकर सुबह तक वाहन नहीं चलेंगे। डीजीपी की ओर जारी एडवाइजरी में रात्रि 10 बजे से प्रातः चार बजे तक यात्री वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। यातायात का अधिक दबाव होने पर यात्रा मार्ग के मुख्य-मुख्य पड़ावों (डामटा-बड़कोट-स्यानाचट्टी-दोबाटा-पालीगाड़-ब्रह्मखाल) पर वाहनों को रोका जा रहा है और एक निश्चित अंतराल पर छोड़ा जा रहा है। श्रीगंगोत्री धाम यात्रा मार्ग पर वापसी के समय लेखला पुल से श्रीकेदारनाथ जाने वाले यातायात को लंबगांव और ऋषिकेश जाने वाले यातायात को बड़ेथी की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की सुविधा, सहयोग व मार्गदर्शन के लिए विभिन्न माध्यम से एजवाइजरी जारी की जा रही है। पुलिस ने गंगोत्री और यमुनोत्री धाम जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वहां पर




अत्यधिक भीड़ होने के फलस्वरूप अपने सुविधानुसार स्थानों पर विश्राम करें। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु पंजीकरण अवश्य कराएं। पंजीकृत तिथियों पर ही यात्रा करें। यात्रा आरंभ करने से पूर्व अपना स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं और आवश्यक औषधि साथ रखें। गर्म कपड़े व रेन कोट साथ लेकर चलें। रात्रि 10 बजे से प्रातः चार बजे तक यात्री वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित है। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। हेली टिकट फ्रॉड से बचें और अधिकृत साइट "https://heliyatra.irctc.co.in से ही हेली टिकट बुक कराएं। पुलिस सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करें। धामों की मयार्दा, पवित्रता एवं स्वच्छता बनाए रखें। यातायात नियमों का पालन करें। नशा का सेवन न करें।

**मार्गों पर मौसम सामान्य, धामों में बारिश के आसार:** चारों धामों में मौसम की स्थिति की बात करें तो हल्के बादल छाए हैं। कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। उत्तरकाशी जनपद स्थित श्रीयमुनोत्री धाम में बारिश होने की संभावना है। श्रीगंगोत्री धाम में भी बादल छाए हुए हैं। रुद्रप्रयाग जनपद स्थित श्रीकेदारनाथ धाम में हल्की बारिश हो रही है। बादल छाए हुए हैं। चमोली जनपद स्थित श्रीबद्रीनाथ धाम में बारिश होने की संभावना हैं।

चारधाम यात्रा में अब तक 11 यात्रियों की मौत : चारधाम यात्रा पर बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन यात्रियों को यात्रा के लिए जो तिथि निर्धारित की गई है, वो अगर रजिस्ट्रेशन तिथि से पहले यात्रा करता है तो संबंधित वाहनों का परमिट सस्पेंड कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा चारधाम यात्रा में मरने वाली की संख्या भी बढ़ रही है। अब तक कुल 11 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

## रुपे और डेबिट कार्डधारकों को अमेरिका, जापान समेत सात देशों में मिलेगा 25% कैशबैक

नयी दिल्ली। रुपे क्रेडिट और डेबिट कार्डधारकों के लिए अमेरिका, जापान , कनाडा, स्पेन, स्विटजरलैंड, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात में इन स्टोर खरीदी करने पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। रुपे ने बुधवार को घोषणा करते हुये कहा कि यह विशेष ऑफर सीमित समय के लिए है। ऑफर अवधि के दौरान, योग्य रुपे कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहकों को कनाडा, जापान, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका और अरब अमीरात में डिस्कवर नेटवर्क या डायनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर कार्ड स्वीकार करने वाले व्यापारियों से पॉइंट-ऑफ-सेल खरीदारी पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। ऑफर 31 जुलाई तक वैध रहेगा।

## उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी के आसार

**नयी दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम भारत में गुरुवार से और पूर्वी भारत में 18 मई से लू चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) के अनुसार, पश्चिम राजस्थान, पंजाब, दक्षिण हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के अलग-अलग इलाकों में 16-19 मई तक लू चलने का अनुमान है। मौसम अधिकारियों ने कहा कि पंद्रह से 17 मई के दौरान गुजरात में अलग-अलग इलाकों में लू चलने के आसार हैं। कोंकण में 15-16 मई, सौराष्ट्र और कच्छ में 16-17 मई, दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा 18-19 मई को लू चलने का अनुमान है। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में 20 मई तक आंधी, बिजली और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश या बौछार पड़ने के आसार हैं।

## मुख्यमंत्री योगी की मां एम्स में भर्ती

**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (85) को एम्स में भर्ती किया गया है, जहां उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है। एम्स प्रशासन का कहना है कि अधिक उम्र में होने वालीं समस्याओं के चलते रूटीन चेकअप के लिए सावित्री देवी यहां पहुंची हैं। मंगलवार को विभिन्न विभागों के चिकित्सकों ने उनके स्वास्थ्य की जांच की। बताया जा रहा है कि योगी की बहन भी मां को देखने आई थीं। मुख्यमंत्री योगी के परिवार को मिलने वाली सुरक्षा व्यवस्था के तहत तैनात पुलिसकर्मी भी एम्स में मौजूद हैं।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति की स्पेन यात्रा रद्द

**कीव।** यूक्रेन की कठिन स्थिति के कारण यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 17 मई को अपनी स्पेन यात्रा रद्द कर दी है। स्पेन की समाचार एजेंसी ईएफई ने राजनयिक सूत्रों के हवाले से बुधवार को यह रिपोर्ट दी। अमेरिका में भूकंप के झटके

## अमेरिका के सैन एंटोनियो प्रांत में भूकंप के झटके

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन एंटोनियो प्रांत में बुधवार को मध्यम स्तर के झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 00 : 30 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी।

## रूस के बेलगोरोड में गोलाबारी, दो घायल

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियां बेलगोरोड में सक्रिय हो गई और यूक्रेन की ओर से दागी गई मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया है, लेकिन हमलों में दो नागरिक घायल हो गए हैं। बेलगोरोड ओब्लास्ट के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री ग्लैडकोव ने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणाली बेलगोरोड और बेलगोरोड जिले में सक्रिय हो गई है और शहर की ओर दागी गई कई मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया है।

## इजरायल के हवाई हमले में हिजबुल्लाह के कमांडर ढेर

**तेल अवीव/बेरूत।** इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले में हिजबुल्लाह एक कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इधर ईरान समर्थक मिलिशिया ने भी रैंक का नाम बताए बिना अपने एक लड़ाके की मौत की पुष्टि की।

## आरक्षण खत्म करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठताः राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में बुधवार को एक जनसभा में कहा कि विपक्षी दल जनता के बीच सिर्फ भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। आरक्षण खत्म करने के विपक्ष के आरोपों पर उन्होंने कहा कि आरक्षण खत्म करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। वर्ष 1951 से आज तक 100 बार संविधान में संशोधन किया लेकिन उसमें 90 बार संविधान में संशोधन कांग्रेस ने किया। रक्षामंत्री ने कहा कि विपक्ष की ओर से निराधार बातें भाजपा के बारे में कही जा रही हैं।

# एसटी-ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस की नजर : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- पूरे देश में कर्नाटक पैटर्न लागू करना चाहती है कांग्रेस

एजेंसी

**मुंबई ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कल्याण में कहा कि कांग्रेस की नजर एसटी-ओबीसी आरक्षण पर है। कांग्रेस कभी भी विकास के लिए काम नहीं करती। कांग्रेस सिर्फ हिंदू-मुसलमान कर रही है। पूरे देश में कर्नाटक पैटर्न लागू करने का विचार कांग्रेस का है। मोदी बुधवार को कल्याण में भाजपा नीत गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचारसभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब के विकास की माला जपती रहती है, लेकिन हमेशा कांग्रेस ने सिर्फ अपना विकास किया है। जब कांग्रेस सरकार में थी तो वे खुलेआम कह रहे थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबी हटाने का झूठा नारा दिया। हर चुनाव में गरीबों को गरीब बनाते थे। ये उनका खेल था।

▸▸ युवराज हमेशा सावरकर के खिलाफ बोलते थे, जब से चुनाव की घोषणा हुयी है, उसके बाद साहूकारों के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला

उन्होंने भ्रष्टाचार को अपनी आदत बना ली थी। क्या ऐसे लोग देश का नेतृत्व कर सकते हैं? क्या वे आपका सपना पूरा कर सकते हैं? मोदी ने पिछली सरकार द्वारा विकास पर लगाए गए ब्रेक को हटा दिया और गाड़ी को टॉप गियर में ले गए। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के युवराज हमेशा सावरकर के खिलाफ बोलते थे। लेकिन जब से चुनाव की घोषणा हुई है, उन्होंने साहूकारों के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला है। अगर उनमें हिम्मत है तो वे वीर सावरकर के पक्ष में पांच वाक्य बोलकर दिखाएं।' मोदी ने कहा कि 'कांग्रेस के युवराज फिर वही खेल खेल रहे हैं। कर्नाटक उनका प्रायोगिक विद्यालय है। उनकी सरकार आने के बाद



मुसलमानों को रातों-रात ओबीसी बना दिया गया और ओबीसी आरक्षण लूट लिया गया। वे एसटी-ओबीसी आरक्षण में कटौती करेंगे और इसे मुसलमानों को देंगे।' प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आज जितना काम कर रहे हैं, उसी तरह का काम 04 जून के बाद भी जारी रहेगा। चार जून के बाद उसी ताकत से काम करेंगे। 100 दिन में क्या करना है इसका खाका हमने तैयार कर लिया है और आगे बढ़ रहे हैं। मुद्दा मोदी के भरोसे का नहीं है, बल्कि मुद्दा लोगों के विश्वास का है। पीएम मोदी ने देश के विकास की गति को बरकरार रखने के लिए भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी कराने की अपील भी की है।

### नकली शिव सेना ने बाल ठाकरे के हर सपने को चकनाचूर किया

श्री मोदी ने बाल ठाकरे का उद्धत करते हुये कहा कि जिस दिन मुझे लगेगा कि शिव सेना कांग्रेस में तब्दील हो गयी है, मैं शिव सेना को भंग कर दूंगा। अब जो कुछ भी सामने आ रहा है, वह बाला साहेब की इच्छा के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने नकली शिव सेना ने बाल ठाकरे के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उनके विजन में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करना शामिल था। जबकि ये सपने पूरे हो गये हैं, नकली शिवसेना सबसे ज्यादा नाराजगी दिखा रही है और कांग्रेस की तरह उन्होंने मंदिर के अभिषेक के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का दिल्ली में निधन

नयी दिल्ली। ग्वालियर राजघराने की राजमाता एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां श्रीमती माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह यहां निधन हो गया। श्री सिंधिया के निकटवर्ती सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 70 वर्ष की थीं। उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान



(एम्स) में सुबह नौ बज कर 28 मिनट पर अंतिम सांस ली। पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया की पत्नी श्रीमती सिंधिया तीन महीने से अस्वस्थ थीं और एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी और वह वेंटीलेटर पर थीं। सिंधिया राजघराने की बहू बनने से पहले उनका नाम किरण राज लक्ष्मी था। वह नेपाल के राणा राजवंश से थीं। इस राजवंश के प्रमुख जुद्ध शमशेर जंग बहादुर राणा थे, जो नेपाल के प्रधानमंत्री भी रहे। उनका विवाह ग्वालियर के तत्कालीन महाराज माधव राव सिंधिया से 8 मई 1966 को हुई थी।

## मोदी सरकार ने कोई भी वादा नहीं किया पूराः खड़गे

▸▸ कांग्रेस सरकार आयी तो मनररेगा मजदूरी 400 रुपये, 10 किलो, महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना देगी

रायबरेली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक चुनावी जनसभा में बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने समेत कई वादे किए थे लेकिन आज तक एक भी वादा पूरा नहीं किया। खड़गे ने कहा कि अमेठी कांग्रेस का गढ़ है, स्मृति ईरानी यदि जीतीं तो गरीबों को तकलीफ देंगी। खड़गे ने कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा के पक्ष में डीह में आयोजित जनसभा में कहा कि मोदी कहते हैं कि कांग्रेस ने 55 साल में क्या किया। मैं पूछता हूं कि तुमने 10 साल में क्या किया। मोदी जी कहते थे कि स्विस बैंक में जमा कालाधन लाऊंगा, सबको 15 लाख दूंगा। हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया, लेकिन नहीं दिया। मोदी ने एक भी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आई तो नरेगा मजदूरी 400 देगी, अनाज 5 की जगह 10 किलो देगी, महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना देगी। कांग्रेस ने जो गारंटी कार्ड जारी किया है उसमें मेरे व राहुल गांधी के संयुक्त हस्ताक्षर हैं। मोदी पहले कहते थे कि 70 साल में क्या किया, अब कहते हैं 55 साल में



क्या किया? हमने तो लालगंज में रेल कोच कारखाना, एम्स, राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान, शारदा नहर आदि बनवाने का कार्य किया। अपने दस सालों में क्या किया? राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जब उन्हें 42 साल पहले सलोन में एक महीने रहने का सौभाग्य मिला था उस समय पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य की समस्या थी, आज जब मैं आया हूं तो पूरा कायाकल्प हो चुका है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी जनसभा को संबोधित किया।

# शेखर सुमन फिर से लायेंगे टॉक शो 'मूवर्स एंड शेकर्स'

**मुंबई।** जाने-माने अभिनेता शेखर सुमन अपने सुपरहिट शो मूवर्स एंड शेकर्स को फिर से दर्शकों के बीच ला सकते हैं। शेखर सुमन इन दिनो वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार को लेकर सुखियों में हैं। वेबसीरीज में शेखर सुमन के जुल्फिकार के किरदार को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। शेखर सुमन को टॉक शो मूवर्स एंड शेकर्स से काफी लोकप्रियता मिली थी। चर्चा है कि शेखर सुमन एक बार फिर यह शो वापस लेकर आ रहे हैं। शेखर सुमन ने बताया कि मूवर्स एंड शेकर्स का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफार्म होगा। उनका लक्ष्य शो को बड़े पैमाने पर वापस लाना है, क्योंकि इसकी खास विरासत है। शेखर सुमन ने बताया कि वह अपने सुपरहिट हिट सीरियल देख भाई देख को भी दर्शकों के लिये



फिर लाना चाहते हैं। देख भाई का निर्माण जया बच्चन ने किया था और इसमें नवीन निश्चल, शेखर सुमन,फरीदा जलाल, भावना बलसावर, देवेन भोजानी, सुषमा सेठ, एनके शिवपुरी, विशाल सिंह, सतीश साह, लिलिपुट, उर्वशी ढ़ोलकिया और नताशा सिंह सहित अन्य फेमस कलाकार शामिल थे।

## सिसोदिया की 30 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी। सीबीआई और ईडी के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मामले में आरोप तय करने पर आगे की दलीलों के लिए भी 30 मई की तारीख तय की। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपों पर दलीलों को आगे बढ़ाने का एक आवेदन उच्च न्यायालय में लंबित है। सिसोदिया और हिरासत में बंद अन्य आरोपियों को जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने 30 अप्रैल को कथित घोटाले के संबंध में सीबीआइ और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज कर दी थीं।

# राम द्रोहियों को केवल परिवार की चिंताः योगी

**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बुंदेलखंड के महोबा और जालौन लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित किया जबकि झांसी में रोड शो के माध्यम से भाजपा और एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील की।इस दौरान योगी विपक्षी दलों पर हमलावर रहे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान किया। महोबा में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाने वालों की जमानत जब्त होनी चाहिए तो वहीं जालौन में आयोजित जनसभा में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जवाब देते हुए कहा कि यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। राम द्रोहियों को केवल अपने परिवार की चिंता है, जबकि मोदी जी के लिए 140 करोड़ का



भारत ही उनका परिवार है। वहीं झांसी में सीएम योगी ने भव्य रोड शो किया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग उमड़े और यात्रा मार्ग भगवामय नजर आया। रथ पर कमल का निशान हाथ में लिये जब योगी का रथ आगे बढ़ा तो चारों ओर से पुष्पवर्षा होने लगी । बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम एकत्र नजर आया और अपने लोकप्रिय नेता को देखने लोग यात्रा मार्ग के दोनों ओर बने मकानों और इमारतों पर भारी संख्या में मौजूद रहे।

# सीएए के तहत 14 लोगों को मिला नागरिकता प्रमाण पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत बुधवार को नागरिकता प्रमाण पत्रों का पहला सेट जारी किया गया। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को नई दिल्ली में 14 आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। गृह मंत्रालय के मुताबिक कई अन्य आवेदकों को ईमेल के जरिए डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सचिव, डाक, निदेशक (आसूचना ब्यूरो) और भारत के रजिस्ट्रार जनरल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार ने 11 मार्च को नागरिकता (संशोधन) नियम,

▸▸ सरकार ने 11 मार्च को नागरिकता (संशोधन) नियम को लागू किया था

2024 को अधिसूचित किया था। इन नियमों में आवेदन करने के तरीके, जिलास्तरीय समिति (डीएलसी) द्वारा आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) द्वारा आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इन नियमों के लागू होने के बाद, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आ गए थे। प्राधिकृत अधिकारियों के रूप में वरिष्ठ डाक अधीक्षकों/डाक अधीक्षकों की अध्यक्षता वाली



जिला स्तरीय समितियों (डीएलसी) ने दस्तावेजों के सफल सत्यापन के बाद आवेदकों को निष्ठा की शपथ दिलाई है। नियमानुसार आवेदनों की प्रोसेसिंग के बाद, डीएलसी ने आवेदनों को निदेशक (जनगणना संचालन) की अध्यक्षता वाली राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) को भेज दिया है। आवेदनों की प्रोसेसिंग पूर्णतः ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है। निदेशक (जनगणना संचालन), दिल्ली की अध्यक्षता में दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में, निदेशक (जनगणना संचालन) ने इन आवेदकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

### आजादी के समय का वादा मोदी ने किया पूरा : शाह



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में बसने वाले लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये जाने को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे आजादी के समय किया गया वादा पूरा हो गया है। गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान , अफगानिस्तान और बंगलादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारणं आने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदाय के लोगों को बुधवार से नागरिकता प्रमाण पत्र देना शुरू किया। शाह ने कहा कि मोदी की गारंटीवादा पूरा होने की गारंटी। उन्होंने लिखा कि आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। दशकों का इंतजार समाप्त हुआ है।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar- II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !